3 राजधानी
आफताब के नार्को टेस्ट कराने की इजाजत

6 अभिमत
समाज सुधारक महात्मा फुले

10 विदेश
चीन के शहरों में भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात

12 स्पोर्ट्स
उरुग्वे को हराकर पुर्तगाल पहुंचा प्री क्वार्टर फाइनल में

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 28
नई दिल्ली, बुधवार, 30 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कट्टरपंथ से निपटने में उलेमा की महत्वपूर्ण भूमिका
राष्ट्रीय-9

# द कश्मीर फाइल्स पर उठा विवाद इजराइली राजदूत ने मांगी माफी

## कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित फिल्म को दुष्प्रचार कहने पर की इजराइली फिल्मकार लापिद की निंदा

- दिल्ली में राजदूत व मुम्बई में महावाणिज्य दूत ने कहा- विवाद से भारत व इजराइल के संबंध और मजबूत हुए
- अनुपम खेर ने टिप्पणी को पूर्व नियोजित बताया तो निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने दी बुद्धिजीवियों को चुनौती

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**द कश्मीर** फाइल्स पर इजराइली फिल्मकार नदव लापिद की टिप्पणियों से बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। नई दिल्ली में इजराइल के राजदूत नोर गिलॉन ने इस मामले से स्वयं और अपने देश की दूरी बनाते हुए मंगलवार को माफी मांगी और कहा कि इस फिल्म पर वाद-विवाद से भारत और इजराइल के बीच संबंध मजबूत होंगे।

विवाद में कूदते हुए इंडोनेशिया के राजनीतिक, कानूनी एवं सुरक्षा मामलों के मंत्री मोहम्मद महफूद ने कहा कि फिल्म में प्रोपेगैंडा जैसी कोई बात नहीं है। इंडोनेशियन मंत्री ने कहा कि उन्होंने फिल्म देखी है। निश्चित रूप से यह प्रोपेगैंडा फिल्म नहीं है। कश्मीर के लोगों की आवाज सुनी जानी चाहिए। फिल्म के बारे में जो कुछ कहा गया, वह स्वीकार्य नहीं है। फिल्म में मुख्य किरदार निभाने वाले दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने कहा कि कश्मीर फाइल्स की आलोचनाओं को पूर्व नियोजित बताया और आरोप लगाया कि लापिद कश्मीरी पंडितों के कष्टों के प्रति असंवेदनशील हैं।

फिल्म के निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने आलोचनाओं को सबसे अधिक खतरनाक चीज बताया। उन्होंने सवाल किया कि ये कौन लोग हैं जो हमेशा भारत के खिलाफ खड़े होते हैं। वह दुनियाभर के बुद्धिजीवियों को चुनौती देते हैं कि वे फिल्म का एक भी सीन या डायलॉग झूठ साबित करें। यदि वे कामयाब हुए तो मैं फिल्में बनानी छोड़ दूंगा। इस प्रकार (शेष पेज 8)

### भाजपा ने कहा, जूरी भगवान नहीं कांग्रेस बोली, नफरत की पहचान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**फिल्म** 'द कश्मीर फाइल्स' पर इजराइली निर्देशक और 53वें भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) के जूरी प्रमुख नदव लापिद की टिप्पणी को लेकर मंगलवार को देशभर में राजनीतिक स्तर पर विवाद खड़ा हो गया।

भाजपा ने लापिद की निंदा करते हुए उनकी टिप्पणी को कश्मीरी पंडितों के संकट को नकारने वाली बताया, जबकि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि नफरत को आखिरकार पहचान ही लिया जाता है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, उनकी सरकार, भाजपा और उनके पूरे तंत्र ने द कश्मीर फाइल्स का प्रचार-प्रसार किया। इफ्फी द्वारा फिल्म को खारिज कर दिया गया।

जूरी प्रमुख नदव लापिद ने इसे दुष्प्रचार, भद्दा करार दिया और इसे फिल्म महोत्सव के लिए अनुचित बताया। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि नफरत को आखिरकार नकारा ही जाता है। कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने दावा किया कि सरकार के स्तर से इस फिल्म का प्रचार हुआ और नतीजा (शेष पेज 8)

# राहुल गांधी के बयान के बाद साथ आए गहलोत व पायलट

- भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी की बैठक में दोनों नेताओं ने किया एक-दूसरे का अभिवादन
- कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल के साथ प्रेसवार्ता भी एक साथ दिखाई दिए



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/जयपुर

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को पार्टी की धरोहर (एसेट) बताने के एक दिन बाद दोनों कांग्रेसी नेता एकता दिखाते हुए सार्वजनिक मंच पर एक साथ दिखाई दिए। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता के साथ भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी और समीक्षा से पहले दोनों नेता साथ आए। ज्ञात रहे कि इस सप्ताह के आखिरी में भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में प्रवेश कर जाएगी।

सूत्रों के अनुसार बैठक में एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल और राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की मौजूदगी में गहलोत और पायलट ने एक-दूसरे का अभिवादन किया। जयपुर में वेणुगोपाल ने गहलोत और पायलट के साथ प्रेसवार्ता में कहा कि यह राजस्थान कांग्रेस है। वेणुगोपाल ने सोमवार को इंदौर में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के उस बयान को दोहराया, जिसमें उन्होंने दोनों नेताओं को पार्टी की धरोहर कहा था।

वेणुगोपाल ने पत्रकारों से कहा कि अशोक गहलोत और सचिन पायलट ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा देश में सबसे अधिक सफल होगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं आश्वस्त हूं कि यात्रा राजस्थान में प्रथम पायदान पर रहेगी। प्रेसवार्ता में गहलोत ने कहा कि जब राहुल गांधी ने कह दिया कि हमारे नेता पार्टी की धरोहर हैं तो फिर विवाद की कोई गुंजाइश नहीं रह जाती है। गहलोत की यह टिप्पणी उनके उस बयान के ठीक विपरीत है जिसमें उन्होंने पायलट को गद्दार कहा था। इस विवाद के बाद राहुल गांधी ने सोमवार को मीडिया से बातचीत करते हुए दोनों नेताओं को पार्टी की धरोहर बताया था। गहलोत ने इसके साथ यह भी जोड़ा कि राहुल गांधी ने यह भी कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता धरोहर है। यही हमारे पार्टी की खूबसूरती है, जब हमारे शीर्ष नेता ने कहा दिया तो फिर इसके बाद कोई विवाद ही नहीं बचता है।

उन्होंने भी राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा के रूट का अवलोकन किया, जहां से राहुल गांधी के नेतृत्व में यात्रा मरुस्थलीय प्रदेश से गुजरेगी। पिछले सप्ताह एक साक्षात्कार में गहलोत के उस बयान के बाद विवाद बढ़ गया था, जिसमें उन्होंने पायलट को गद्दार बताते हुए कहा था कि वर्ष 2020 में उन्होंने सरकार गिराने की कोशिश करने (शेष पेज 8)

# विस्तार का एयर इंडिया में होगा विलय, सिंगापुर एयरलाइंस की होगी 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**विमानन** क्षेत्र में बड़े स्तर पर एकीकरण की तैयारी है। इसके तहत विस्तार का एयर इंडिया के साथ विलय होगा। इस सौदे के बाद सिंगापुर एयरलाइंस की एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। टाटा समूह ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि प्रस्तावित सौदा मार्च, 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है जो नियामकीय मंजूरी पर निर्भर है। विस्तार में टाटा समूह की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है। बाकी 49 प्रतिशत हिस्सेदारी सिंगापुर एयरलाइंस (एसआईए) के पास है।

एसआईए ने एक बयान में कहा कि विस्तार और एयर इंडिया का विलय होगा। इस विलय सौदे के तहत एसआईए एयर इंडिया में 2,058.5 करोड़ रुपए का निवेश भी करेगी। सिंगापुर एयरलाइंस ने कहा कि वह इस निवेश का वित्तपोषण आंतरिक नकदी संसाधनों से करेगी। टाटा समूह ने अलग से बयान जारी कर कहा कि इस विलय के साथ एयर इंडिया देश की सबसे प्रमुख घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवा देने वाली एयरलाइन होगी। उसके बेड़े में 218 विमान होंगे और वह देश की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनी तथा दूसरी सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन होगी।एसआईए और टाटा संस जरूरत होने पर वृद्धि और परिचालन को गति देने के लिए वित्त वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2023-24 में अतिरिक्त पूंजी डालने पर भी सहमत हुए हैं। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि एयर इंडिया को वैश्विक स्तर की एयरलाइन कंपनी बनाने की दिशा में विस्तार और एयर इंडिया का विलय मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा, बदलाव के तहत, एयर इंडिया अपने नेटवर्क और बेड़े दोनों को बढ़ाने के साथ ग्राहकों को सेवाओं की पेशकश को नया रूप देने, सुरक्षा और भरोसे के साथ प्रदर्शन को बेहतर करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। हम एक मजबूत एयर इंडिया बनाने के अवसर से उत्साहित हैं। यह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर पूर्ण सेवा और (शेष पेज 8)

## अंजन दास के टुकड़े करने में इस्तेमाल हथियार नहीं मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पूर्वी** दिल्ली के पांडव नगर इलाके में अपने पति की बेटे के साथ मिलकर कथित रूप से हत्या करने और शव के टुकड़े करने में इस्तेमाल हथियार का पुलिस अब तक पता नहीं लगा पाई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर उसका पता लगाने की कोशिश कर रही है। साथ ही जांच टीम मृतक अंजन दास के परिवार और उसके 8 बच्चों के बयान दर्ज करने के लिए बिहार जाएगी। यह घटना भी श्रद्धा वालकर हत्याकांड की तरह ही तरह थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार अभी बरामद नहीं किया गया है। मामले की जांच जारी है। दोनों आरोपी इस समय पुलिस की हिरासत में हैं। उनसे पूछताछ कर वारदात की कड़ियों को जोड़कर जांच की जा रही है। इस जघन्य हत्याकांड का कारण दास की सौतेली बेटी और आरोपी बेटे दीपक की पत्नी पर गलत नजर थी। इसके अलावा वह (शेष पेज 8)

# शीर्ष अदालत ने जमानत के बावजूद रिहा न होने वाले कैदियों की रिपोर्ट तलब की

- जमानत के बावजूदद छोटे-मोटे अपराधों में जेलों में बंद आदिवासियों की दुर्दशा को लेकर राष्ट्रपति के भावुक भाषण के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू द्वारा जमानत के बावजूद छोटे-मोटे अपराधों में जेलों में बंद आदिवासियों की दुर्दशा को लेकर दिए गए भावुक भाषण के कुछ दिनों बाद उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को देश भर के जेल अधिकारियों को ऐसे कैदियों का ब्योरा 15 दिन के भीतर नालसा को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि उनकी रिहाई के लिए एक राष्ट्रीय योजना तैयार की जा सके।

राष्ट्रपति ने 26 नवंबर को उच्चतम न्यायालय में अपने पहले संविधान दिवस संबोधन में झारखंड के अलावा अपने गृह राज्य ओडिशा के गरीब आदिवासियों की दुर्दशा पर प्रकाश डालते हुए कहा था कि जमानत राशि भरने करने के लिए पैसे की कमी के कारण वे जमानत मिलने के बावजूद जेल में हैं। अंग्रेजी में अपने लिखित भाषण से हटकर, मुर्मू ने हिंदी में बोलते हुए न्यायपालिका से गरीब आदिवासियों के लिए कुछ करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा था कि गंभीर अपराधों के आरोपी मुक्त हो जाते हैं, लेकिन इन गरीब कैदियों, जो हो सकता है किसी को थप्पड़ मारने के लिए जेल गए हों, को रिहा होने से पहले वर्षों जेल में बिताने पड़ते हैं। न्यायमूर्ति एस के कौल प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ के साथ उस समय मंच पर बैठे थे जब राष्ट्रपति ने अपने ओडिशा में विधायक के रूप में और बाद में झारखंड की राज्यपाल के रूप में कई विचाराधीन कैदियों से मिलने का अपना अनुभव बताया। न्यायमूर्ति कौल और न्यायमूर्ति अभय एस ओका की पीठ ने मंगलवार को जेल अधिकारियों को ऐसे कैदियों का विवरण संबंधित राज्य सरकारों को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, जो 15 दिन के भीतर दस्तावेजों को राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) को भेजेंगी।

पीठ ने कहा कि जेल अधिकारियों को विचाराधीन कैदियों के नाम, उनके खिलाफ आरोप, जमानत आदेश की तारीख, जमानत की किन शर्तों को पूरा नहीं किया गया और जमानत के आदेश के बाद उन्होंने जेल में कितना समय बिताया है, इस तरह के विवरण प्रस्तुत करने होंगे।

## अंजुमन इंतेजामिया और लक्ष्मी देवी की याचिकाओं पर सुनवाई आज

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद की पुनरीक्षण याचिका पर मंगलवार को सुनवाई टाल दी। अदालत बुधवार को अब इस पर आगे की सुनवाई करेगी। अंजुमन इंतेजामिया ने पांच हिंदू महिलाओं की ओर से दायर वाद की पोषणीयता को चुनौती दी है। पांच हिंदू महिलाओं ने वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में श्रृंगार गौरी और अन्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना की अनुमति मांगते हुए वहां की अदालत में वाद दायर किया, जिसकी पोषणीयता पर अंजुमन इंतेजामिया ने आपत्ति की और निचली अदालत ने यह आपत्ति खारिज कर दी। निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई। याचिका खारिज करते हुए वाराणसी के जिला जज ने कहा था कि इन पांच हिंदू महिलाओं का वाद, पूजा स्थल अधिनियम, वक्फ कानून और यूपी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर अधिनियम से (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,681 | ↑ 177 | |
| निफ्टी | 18,618 | ↑ 55 | |
| सोना | 52,837 | ↓ 101 | /10g |
| चांदी | 61,744 | ↓ 353 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सारस टेलीस्कोप से ब्रह्मांड के पहले सितारों, आकाश गंगाओं का सुराग मिला

**नई दिल्ली।** भारत के सारस रेडियो टेलीस्कोप ने वैज्ञानिकों को बिग बैंग के 20 करोड़ वर्ष बाद बनने वाली सबसे पुरानी रेडियो चमकीली आकाशगंगाओं के गुणों को निर्धारित करने में मदद की है। बिग बैंग की अवधि को कॉस्मिक डॉन के रूप में जाना जाता है। ए निष्कर्ष अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के समूह की नेचर एस्ट्रोनॉमी पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं जिससे पूर्व की रेडियो युक्त आकाशगंगाओं के बारे में जानने का अवसर मिला है। ए रेडियो युक्त आकाशगंगाएं आमतौर पर अत्यंत विशालकाय ब्लैक होल से संचालित होती हैं। बेंगलुरु स्थित रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट के सौरभ सिंह सहित वैज्ञानिकों की एक टीम ने पहली पीढ़ी की आकाशगंगाओं के ऊर्जा उत्पादन, चमक और द्रव्यमान का अनुमान लगाया, जो रेडियो तरंग दैर्ध्य के साथ प्रकाशमान हैं।

# जहां राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत नहीं वहां उद्योग नहीं पनप सकतेः राजनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि जिस देश में राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत नहीं है, वहां उद्योग और व्यवसाय कभी नहीं फल-फूल सकते। सशस्त्र सेना झंडा दिवस सीएसआर सम्मेलन में अपने संबोधन में सिंह ने यह भी कहा कि सैनिकों का कल्याण, जो हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, केवल सरकार का दायित्व नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सभी का कर्तव्य होना चाहिए।

उन्होंने सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण को प्रत्एक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी करार देते हुए सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारता से योगदान देने की अपील की। सिंह ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि जिस देश में राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत नहीं है, वहां उद्योग और व्यवसाय कभी नहीं फल-फूल सकते। उन्होंने बड़े कॉर्पोरेट दानदाताओं के समर्थन की सराहना की जिसके कारण पिछले कुछ वर्षों में कोष में पर्याप्त वृद्धि हुई है। सिंह ने सैनिकों तथा राष्ट्र की भलाई के लिए और भी अधिक योगदान देने के लिए समुदाय का आह्वान किया। यह कार्यक्रम रक्षा मंत्रालय के पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किया गया। सिंह ने सशस्त्र बलों के सेवानिवृत्त और सेवारत कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उनकी वीरता एवं बलिदान ने देश की संप्रभुता एवं अखंडता की रक्षा की है। सिंह ने नगालैंड में कोहिमा युद्ध स्मारक पर अंकित एक सैनिक के संदेश का विशेष उल्लेख किया, जिसमें लिखा है: जब आप घर जाएं, तो उन्हें हमारे बारे में बताएं और कहें, आपके कल के लिए, हमने अपना आज दे दिया।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से, चाहे वह युद्ध जीतना हो या सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों का मुकाबला करना हो, हमारे सैनिकों ने साहस और मुस्तैदी के साथ सभी चुनौतियों का मुंहतोड़ जवाब दिया है। इस प्रक्रिया में, उनमें से कई ने सर्वोच्च बलिदान दिया और कई शारीरिक रूप से अक्षम हो गए। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में उनके हवाले से कहा गया, उनके परिवार की पूरी जिम्मेदारी उन पर है। इसलिए, हमारी अंतिम जिम्मेदारी है कि हम आगे आएं और अपने सैनिकों तथा उनके परिवारों का हर तरह से समर्थन करें। यह हमारे वीर सैनिकों की वजह (शेष पेज 8)

# मोदी के लिए रावण वाली टिप्पणी पर भाजपा ने साधा खरगे पर निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- कांग्रेस का पलटवार

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के गुजरात विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में रावण वाली टिप्पणी को लेकर सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी और प्रमुख विपक्षी दल के बीच मंगलवार को राजनीतिक जंग छिड़ गई।

भाजपा ने इसे हर गुजराती का अपमान करार देते हुए जनता से इसका बदला लोकतांत्रिक तरीके से लेने की अपील की वहीं कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि खरगे पर भाजपा का हमला उसकी दलित विरोधी मानसिकता का दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि अहमदाबाद के बेहरामपुरा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा द्वारा नगर निकाय, नगर निगम और विधानसभा तक के चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर वोट मांगे जाने को लेकर खरगे ने सोमवार को तंज कसा था। भाजपा द्वारा नगरपालिका चुनाव में भी मोदी के नाम पर वोट मांगे जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा था, क्या मोदी यहां आकर नगरपालिका का काम करने वाले हैं? क्या मोदी आकर यहां मुसीबत में आपकी मदद करने वाले हैं? अरे, आप तो प्रधानमंत्री हो। आपको काम दिया गया है। वह काम करो।

उन्होंने कहा, वह छोड़कर नगर निगम चुनाव, एमएलए इलेक्शन... एमपी इलेक्शन... चूंकि उनको प्रधानमंत्री बनना है, तो फिरते रहते हैं... लेकिन हर वक्त अपनी ही बात करते हैं। आप किसी को मत देखो, मोदी को देखकर वोट दो। भाई तुम्हारी सूरत को कितनी बार देखना। नगर निगम में भी तुम्हारी सूरत देखना, एमएलए (शेष पेज 8)

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 30 नवंबर, 2022



# लक्ष्मी सिंह नोएडा व अजय मिश्रा बने गाजियाबाद के नए पुलिस कमिश्नर

## पुलिस आयुक्त आलोकसिंह का तबादला, लखनऊ में अपर पुलिस महानिदेशक बनाये गए

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**


लक्ष्मी सिंह


अजय मिश्रा

गौतम बुद्ध नगर के पुलिस आयुक्त आलोक सिंह का तबादला अपर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कार्यालय, लखनऊके पद पर हुआ है। उनके स्थान पर 2000 बैच की भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की अधिकारी लक्ष्मी सिंह को गौतम बुद्ध नगर का नया आयुक्त बनाया गया है। वहीं गाजियाबाद को भी अपना नया पुलिस आयुक्त मिल गया है। अजय मिश्रा नए पुलिस कमिश्नर होंगे। उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार देर रात को 16 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया।

उत्तर प्रदेश में सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी सरकार ने कानून व्यवस्था को और दुरुस्त करने के लिए प्रशासनिक बदलाव के तहत कई जिलों में आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। गौतमबुद्धनगर के पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह का ट्रांसफ र कर मुख्यालय लखनऊ में जिम्मेदारी दी गई है तो तेज तर्रार आइपीएस लक्ष्मी सिंह को गौतमबुद्धनगर पुलिस आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। कौन हैं आइपीएस अधिकारी लक्ष्मी सिंह, जो प्रदेश के किसी जिले की पहली महिला पुलिस आयुक्त बनी हैं। लक्ष्मी सिंह को बेहद तर्रार पुलिस अधिकारियों में शुमार किया जाता है। अपने शानदार प्रदर्शन और जिम्मेदारी का इमानदारी से निर्वहन करने के लिए लक्ष्मी सिंह को कई पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है। इस कड़ी में लक्ष्मी सिंह को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक से भी सम्मानित किया गया है।

इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्रालय की पीटीएस मेरठ को भारत में नंबर वन संस्थान घोषित करते हुए 2 लाख रुपये का इनाम भी दे चुका है। सरदार वल्लभ भाई पटेल नेशनल पुलिस अकेडमी हैदराबाद में ट्रेनिंग के दौरान लक्ष्मी सिंह बेस्ट प्रोबेशनर घोषित की गई थी। 2000 बैच की आइपीएस लक्ष्मी सिंह को प्रधानमंत्री की ओर से सिल्वर बेटन मिल चुका है। इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से उन्हें पुरस्कार स्वरूप 9 एमएम की एक पिस्टल भी मिली है, जिसे उन्हें संभालकर रखा है। तेजतर्रार अधिकारी लक्ष्मी सिंह अब तक कार्यकाल के दौरान कई जिलों में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। वह इससे पहले वाराणसी के साथ.साथ चित्रकूट, गोंडा, फरुंखाबाद, बागपत और बुलंदशहर में बतौर एसपी और एसएसपी सेवा दे चुकी हैं। इसके साथ ही माफिया और संगठित अपराध के खिलाफ जोरदार मुहिम चलाकर कई बार चर्चा में आईं। इसके अलावा, जनशिकायतों के निस्तारण और पुलिस कर्मियों की समस्याओं के निवारण में अहम भूमिका निभाई।

2003 बैच के आइपीएस अधिकारी अजय मिश्रा गाजियाबाद के पहले पुलिस कमिश्नर होंगे। देर रात पुलिस मुख्यालय से आदेश जारी हुए। गाजियाबाद, आगरा और प्रयागराज को कमिश्नरेट बनाने की घोषणा के बाद कमिश्नर के नाम पर कई कयास लगाए जा रहे थे सोमवार देर रात मुख्यालय ने इन कयासों पर विराम लगा दिया।

2003 बैच के आइपीएस अधिकारी अजय मिश्रा को गाजियाबाद का पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया है। अजय मिश्रा पूर्व में एसएसपी कानपुर, एसएसपी बनारस, एसपी एटीएस, एसपी सुल्तानपुर, एसपी बागपत भी रह चुके हैं। उनकी गिनती प्रदेश के तेजतर्रार अफ सरों में होती है। वह पुलिस परिवार से ही आते हैं। उनके पिता भी यूपी पुलिस से सेवानिवृत्त हैं। गाजियाबाद में पहले कमिश्नर के तौर पर अपराध पर लगाम लगाना उनके लिए चुनौती होगी। लूट, डकैती जैसी वारदातों के अलावा साइबर क्राइम को रोकने के लिए भी उन्हें प्रभावी कदम उठाने होंगे। सरकार ने गाजियाबाद को कमिश्नरेट बनाने के साथ कमिश्नर की घोषणा तो कर दी लेकिन सीमित साधनों के साथ कमिश्नरेट को चलाने की जिम्मेदारी उनपर होगी।

### लक्ष्मी इनामी डकैत का कर चुकी हैं एनकाउंटर

आइपीएस लक्ष्मी सिंह विभिन्न जिलों में तैनात रहने के दौरान कई इनामी डकैत और दुर्दांत अपराधियों का एनकाउंटर भी कर चुकी हैं। दरअसल, लक्ष्मी सिंह एसटीएफ में भी बतौर डीआईजी तैनात रहीं और अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। इसके अलावा कंप्यूटराइजेशन के काम के लिए उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुरस्कृत किया था। 2000 बैच की महिला आइपीएस टॉपर लक्ष्मी सिंह ने मेकेनिकल इंजीनियरिंग और समाजशास्त्र में एमए की डिग्री हासिल करने के बाद पुलिस की खाकी वर्दी पहनी। ईमानदारी से और हिम्मत से अपनी ड्यूटी करती हैं। पुलिस महकमें में अपने करियर में लक्ष्मी सिंह 2014 में बतौर डीआईजी आगरा रहीं और बड़े.बड़े क्रिमिनल का सलाखों के पीछे पहुंचाया।

# मेट्रो-एक्सप्रेसवे के बाद रेलवे नेटवर्क बिछाने की तैयारी

## हवाईअड्डे की कनेक्टिविटी होगी देश में सबसे बेहतर

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**



नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी पूरे देश में सबसे बेहतर होगी। आसमान और जमीन पर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक बेहतर कनेक्टिविटी पर जोर दिया जा रहा है। जिसके लिए मेट्रो, रैपिड रेल, एक्सप्रेसवे, बुलेट ट्रेन और पॉड टैक्सी पर काम चल रहा है।

बीते दिनों मुख्य सचिव ने लखनऊ में एक बैठक की है। जिसमें बताया गया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल स्टेशन को मेट्रो पैसेंजर टर्मिनल से लिंक किया जाएगा। इसके अलावा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रेलवे नेटवर्क बिछाने का भी कार्य होगा।

योगी सरकार की मांग पर नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड इस पर काम कर रहा है। जिसके तहत नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रेलवे स्टेशन में बनाया जाएगा। हालांकि अभी तक इसको मंजूरी नहीं मिली है, लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि बहुत ही जल्द नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रेलवे स्टेशन और रेलवे लाइन बिछाने की मंजूरी मिल जाएगी। इसको लेकर उत्तर प्रदेश सरकार प्रयासरत है। दिल्ली, मुंबई और देश के अलग-अलग इलाकों से लोग आसानी से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक पहुंच सके। इसको लेकर जोरों से तैयारी चल रही है।

हम यूं कह सकते हैं कि कहीं से भी नोएडा एयरपोर्ट तक की यात्रा काफी आसान होगी। जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तक यात्रियों को लाने और ले जाने के लिए भी प्रदेश सरकार मेट्रो, रेल और सड़क कनेक्टिविटी प्रदान करने जा रही है। इन माध्यमों के जरिए राजधानी दिल्ली समेत प्रदेश या देश के किसी भी हिस्से से नोएडा एयरपोर्ट पहुंचना आसान हो जाएगा।

जेवर एयरपोर्ट को दिल्ली.मुंबई एक्सप्रेसवे से भी जोड़ा जाएगा। इसके लिए बल्लभगढ़ हरियाणा से एयरपोर्ट तक 6 लेन की 31 किमी लंबी सड़क बनेगी। इसका 7 किमी का हिस्सा गौतमबुद्ध नगर और 24 किमी का हिस्सा हरियाणा में होगा। इसके लिए गौतमबुद्ध नगर में 69.36 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। यह भूमि जेवर क्षेत्र के बल्लभनगर, दयानतपुर, फलैंदा बांगर और करौली बांगर की होगी। एनएचएआई ने हरियाणा के हिस्से की जमीन खरीदने की सहमति दे दी है। जबकि उत्तर प्रदेश अपने हिस्से की जमीन खरीदकर देगा।

एनएचएआई अपने खर्च पर निर्माण कार्य पूरा करेगी इसके निर्माण पर करीब 2100 करोड़ रुपए खर्च होंगे। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी इसकी घोषणा कर दी है। केंद्र सरकार का दावा है कि आठ लेन वाला दिल्ली-मुंबई ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस.वे का निर्माण कार्य 2023 में पूरा कर लिया जाएगा। वर्तमान में 350 किलोमीटर एक्सप्रेस.वे का काम पूरा कर लिया गया है और 825 किलोमीटर पर कार्य प्रगति पर है। नए एक्सप्रेस.वे के बनने से दिल्ली से मुंबई सड़क मार्ग की दूरी कम हो जाएगी। वर्तमान में दिल्ली-मुंबई की सड़क से 1450 किलोमीटर की दूरी है। नए एक्सप्रेसवे से यह दूरी घटकर 1350 रह जाएगी।

आपको बता दें कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट 6200 हेक्टेयर जमीन पर बनाया जा रहा है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण 4 चरण में किया जाएगा। पहला चरण 2024 तक पूरा होगा। इसमें 1.334 हेक्टेयर जमीन का विकास होगा। पहले चरण में 12 मिलियन क्षमता पैसेंजर के साथ निर्माण कार्य शुरू होगा।

# संभव कार्यक्रम में नगर आयुक्त रहे मौजूद, सुनी शिकायतें

**गाजियाबाद।** नगर निगम में हर सप्ताह संभव कार्यक्रम के तहत जनसुनवाई हुई है। आज इस जनसुनवाई में खुद नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ ने हिस्सा लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने जनसुनवाई में हिस्सा लिया। जनसुनवाई के दौरान नगर आयुक्त के अलावा अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा, हेल्थ, निर्माण विभाग आदि विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। नगर आयुक्त डॉ0 नितिन गौड़ लंबे समय बाद संभव कार्यक्रम में शरीक हुए है। इस दौरान करीब आधा दर्जन शिकायतें दर्ज हुई है। सबसे अधिक शिकायतें कार्यक्रम में अतिक्रमण को लेकर दर्ज कराई गई है। इनके अलावा निर्माण विभाग, हेल्थ विभाग आदि विभागों से संबंधित शिकायतें भी दर्ज की गई है।

# ईस्टर्न पेरीफेरल के पास कार पलटी

## एक की मौत, तीन घायल

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

बुलंदशहर जिला के पचौता गांव स्थित लाला जय सिंह मंदिर से प्रसाद चढ़ा कर नोएडा लौट रहे एक व्यक्ति की कार अनियंत्रित होकर ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के पास पलट गई।

इस घटना में कार में सवार एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि नोएडा के बहलोलपुर गांव के रहने वाले प्रदीप सिंह अपने पिता भूप सिंह तथा अपनी पत्नी एवं नौ वर्षीय बेटी के साथ पचौता गांव स्थित मंदिर में प्रसाद चढ़ाने गए थे। मंगलवार सुबह नोएडा लौटते समय उनके पिता को दिल का दौरा पड़ा। अधिकारी ने बताया कि पिता को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए प्रदीप तेजी से कार चलाते हुए नोएडा की तरफ आने लगे कि ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार सड़क से काफी नीचे जा गिरी। कार में फंसे चारों लोगों को बाहर निकाला तथा घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। भूप सिंह को अत्यंत नाजुक नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।


सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने का कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शशि गौर/ पंकज भाटी/ LBFDB00002370853 | फ्लैट नंबर- 37, चौथी मंजिल, ब्लॉक- बी18 पॉकेट-1 सेक्टर- 34 रोहिणी दिल्ली- 110085/ नवंबर 24, 2022 | जून 24, 2022 रु. 6,54,239/- | दिल्ली एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : नवंबर 30, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्ज़दार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुशरण में मंज़ूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध और प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में निम्न वर्णित कर्ज़दारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समुनदेशित किए जाने पर) माँग सूचनाएँ जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने की माँग की गई थी।

कर्ज़दार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद् द्वारा कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा निम्न वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।

कर्ज़दार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | माँग सूचना की तिथि/ माँग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मंजू रावत/ दीपक सिंह रावत/ QZGUR00005040030/ 19700044128 | प्लॉट नंबर बी-290/12, तीसरी मंज़िल, खसरा नंबर-308, ग्राम घोंडा गुजरन खादर, ब्लॉक-बी, गली नंबर 12, भजनपुरा, शाहदरा, दिल्ली/24 नवंबर, 2022 | नवंबर 28, 2019 ₹ 25,95,229/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के अंतर्गत है।

दिनांक : नवंबर 30, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

सार्वजनिक सूचना - संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी

[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है ।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है, उनका **भौतिक अधिग्रहण** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है", के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | मनोज कुमार (कर्ज़दार), सुमा मनोज (सह कर्ज़दार) खाता संख्या LBDEL00002098845 | फ्लैट नंबर 691, तीसरी मंजिल, एलआईजी फ्लैट्स, पॉकेट-ए, ब्लॉक-सी, लोकनायक पुरम, दिल्ली-110041, क्षेत्र: 452 वर्ग फीट। | रु. 24,05, 619.06 (नवम्बर 22, 2022 तक) | रु. 13,30, 000/- / रु. 1,33,000/- | दिसम्बर 23, 2022 को सु. 10:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक | जनवरी 07, 2023 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी । बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **जनवरी 06, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में दिनांक- **जनवरी 06, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक **जनवरी 06, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **जनवरी 06, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं । बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8126013708/ 7304914763** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड**, इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे ।

तिथि : नवम्बर 30, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# पुलिस वैन को टक्कर मारने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर डीजल चोरी कर रहे चोरों को पकड़ने गए पुलिसकर्मियों के वाहन को टक्कर मारकर उन्हें घायल करने के मामले में फरार चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

दनकौर के थाना प्रभारी निरीक्षक राधा रमन सिंह ने बताया कि चार दिन पूर्व दनकौर थाना क्षेत्र के ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर कुछ लोग सड़क किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी कर रहे थे, तभी वहां पर गश्त करती हुई पुलिस की वैन पहुंची। पुलिसकर्मियों ने डीजल चोरों को रोकने की कोशिश की लेकिन वे वाहन में टक्कर मार कर भाग गए। दरोगा सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। मामले में चार आरोपियों शौकीन, नजाकत, मुस्ताक और रिजवान को गिरफ्तार कर लिया।

# प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन कब्जाने वालों पर होगा केस

## सीईओ ने नोएडा की तरह ग्रेनो के गांवों में भी दिशा सूचक बोर्ड लगाने को कहा

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**


सीईओ ऋतु माहेश्वरी

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने और जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ ने नोएडा की तरह ग्रेटर नोएडा के गांवों में भी दिशा सूचक बोर्ड लगाने को कहा है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने मंगलवार को जनसुनवाई की। इस दौरान ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गांव बिसरख, पतवाड़ी, रोजा जलालपुर, ऐमनाबाद आदि के आसपास बड़े पैमाने पर प्राधिकरण की अधिसूचित, अधिग्रहित व कब्जा प्राप्त जमीन अवैध कब्जों की शिकायत आई।

इस पर सीईओ ने पुलिस-प्रशासन की मदद से अतिक्रमण के खिलाफ जोरदार अभियान चलाने के निर्देश दिए। सेक्टर दो में आवंटियों के भूखंडों पर कुछ लोगों के कब्जा कर लेने की भी शिकायत आई। सीईओ ने ऐसे लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और पुलिस की मदद से अवैध निर्माण को तत्काल ढहाने के निर्देश दिए। साथ ही आवंटित भूखंडों पर आवंटियों को पजेशन दिलाने को कहा है। सीईओ ने चेताया है कि अधिसूचित एरिया में किसी को भी अवैध कब्जा करने की इजाजत नहीं है।

कोई भी व्यक्ति ऐसा करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई में सीईओ ने परियोजना विभाग को नोएडा की तरह ही ग्रेटर नोएडा के गांवों में भी दिशा सूचक बोर्ड लगाने को कहा है। इसके लिए नोएडा की पॉलिसी का अध्ययन कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ ने नियोजन विभाग, परियोजना व भूलेख विभाग से किसानों के आबादी प्लॉट से जुड़े सभी मसलों को शीघ्र निस्तारित कराने को कहा है। उन्होंने इस कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की भी चेतावनी है।

## अवैध दुकानों पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर

नोएडा। तुगलपुर मार्केट में मंगलवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने तुगलपुर में लग रहे अवैध अतिक्रमण को हटा दिया है। तुगलपुर में सड़क किनारे अवैध रूप से दुकाने चलाई जा रही थी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम ने तुगलपुर गांव में पहुंच कर अवैध दुकानों को ध्वस्त कर दिया है।


PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that we are selling our property J-28, South Extn.-I, New Delhi-110049 to Sarvashri Prakash Chander Chopra and Harish Mallik, residence of J-15 and B-19, South Extn.-I, New Delhi-110049. Whereas in a chain of documents we have lost one document i.e. GPA by Shri Kuldip Singh in favour of Mrs. Shiv Kumari Singh having No.24-0318920. If anyone found the document, kindly handover the same to Mohan Lal Varma, J-28, South Extn.-I, New Delhi-110049 within 15 days.

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Mursleen is the owner of Property of area measuring 170 Sq., Yds, out of Khasra No. 765, Situated in the area of Village Pavi Sadakpur, Loni, Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad, U.P., vide GPA, Will and ATS dated 10.06.2008. All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its Sale /Mortgage /litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**TECHNO ELECTRIC & ENGINEERING COMPANY LTD.**
CIN: L40108UP2005PLC094368
Registered Office: C-218, Ground Floor (GR-2), Sector-63,
Noida, Gautam Buddha Nagar,
Uttar Pradesh, India, 201307, Phone No: (0120) 2406030
Corporate Office: 1B, Park Plaza, South Block, 71, Park Street, Kolkata-700 016
Phone No: (033) 4051 3000, Fax No: (033) 4051 3326
Website: www.techno.co.in, E-mail: desk.investors@techno.co.in

**Transfer of Equity Shares of the Company to Investor Education and Protection Fund (IEPF) Demat Account**

NOTICE pursuant to section 124(6) of Companies Act, 2013 read with Rule 6(3)(a) of Investor education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016, as amended, is hereby given that the equity Shares of the Company in respect of which dividends remain unclaimed or unpaid for seven consecutive years or more, are required to be transferred by the company to Investor education and Protection Fund as established by the Central Government in terms of Section 125(1) of the Companies Act, 2013.

We further inform that the dividend for the financial year ended 31st March 2015 declared at the 10th Annual general Meeting held on 7th August, 2015, have been transferred to IEPF Authority on 06th September, 2022 and the intimation in this regard was sent to respective shareholders on 17th August, 2022. The details of those members who has not claimed dividend for consecutive period of seven years or more and the relevant details of shares transferred/due to be transferred to the IEPF Authority, is available in on Company's website at https://www.techno.co.in under investor section. The company shall take the necessary steps towards transfer of those shares to the IEPF Authority.

The shareholders may note that both the unclaimed dividend and the unclaimed shares, after transferred to IEPF Authority can be claimed back from the IEPF Authority by filing the Form IEPF- 5 and following the procedure as prescribed there under, by the IEPF Authority. No claim shall lie against the company in respect of unclaimed dividend and the unclaimed shares after the same is being transferred to IEPF Authority. The shareholders, who have any query or anything to communicate to the company in respect of the above, may write to the company or its Registrar and Share Transfer Agents, M/s. Niche Technologies Pvt. Ltd.

For Techno Electric & Engineering Company Ltd.
(Niranjan Brahma)
Company Secretary (A-11652)

Place: Kolkata
Date: 28.11.2022


# पुलिस को मैसेज कर महिला ने लगाई फांसी

**नोएडा।** थाना बिसरख क्षेत्र के अजनारा होम्स सोसाइटी में रहने वाली एक महिला ने अपने घर में बीती रात्रि फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला ने पुलिस को व्हाट्सएप के जरिए मैसेज भेजकर खुद आत्महत्या किए जाने की सूचना दी और फांसी के फंदे पर झूल गई।

बिसरख थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि बीती रात्रि अनुप्रिया नामक महिला ने पुलिस को व्हाट्सएप मैसेज के जरिए सूचना दी कि वह फांसी लगाकर आत्महत्या कर रही है। पुलिस कमरे के अंदर पुलिस को अनुप्रिया पत्नी अनुराग मौर्या फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली।

# नगर निगम में कर्मचारियों की हड़ताल, कामकाज ठप

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

नगर निगम कर्मचारी संघ के महामंत्री नितिन भारद्वाज को दिए गए कारण बताओं नोटिस के वापिस नहीं लेने को लेकर विवाद आज से नए मोड़ पर पहुंच गया।

नगर निगम कर्मचारियों ने आज से निगम में कार्य का बहिष्कार कर धरना शुरू कर दिया। सभी कर्मचारियों ने पार्क में बैठकर नगर निगम के खिलाफ धरना शुरू कर दिया। अब संघ का कहना है कि उन्होंने नितिन भारद्वाज के मामले से पहले एक पन्द्रह सूत्रीय ज्ञापन नगर निगम प्रशासन को दिया था। उसमें बताई गई मांगे अगर पूरी नहीं होगी तो आंदोलन जारी रहेगा।

नगर निगम कर्मचारी संघ और नगर निगम प्रशासन के बीच तनातनी कई वर्ष बाद पहली बार हुई है।

इससे पहले नगर आयुक्त अब्दुल समद के दौरान सफाई कर्मचारियों ने धरना दिया था जिसको खुद तत्कालीन नगर आयुक्त अब्दुल समद ने हटा दिया था। तब से लेकर आज तक नगर निगम में कोई धरना प्रदर्शन नहीं हुआ।

# नुक्कड नाटक के जरिये नोएडा यातायात पुलिस ने दी नियमों की जानकारी

## 672 गाड़ियों के चालान किए गए

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**



यातायात पुलिस की रोड सेफ्टी सैल द्वारा शेयर एनजीओ के सहयोग से लेबर चौक सेक्टर-58 पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ऑटो, ई.रिक्शा तथा आमजन को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी तथा उनका पालन करने हेतु प्रेरित किया गया।

यातायात पुलिस की रोड सेफ्टी सैल द्वारा रजत बिहार सोसाइटी में आरडब्लूए के सहयोग से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सीनियर सिटिजन व आमजन को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी तथा उनका पालन करने हेतु जागरूक किया गया।

इसके अलावा ग्रेटर नोएडा के कस्बा सूरजपुर एवं तिलपता, गोल.चक्कर पर एलईडी वैन पर शॉर्ट वीडियो दिखाकर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इसी कड़ी में मंगलवार को 672 गाड़ियों के चालान किए गए। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 10 वाहनों को सीज किया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

**केजरीवाल की गारंटी**

# आरडब्ल्यूए को मिनी पार्षद का मिलेगा दर्जा

## एमसीडी के अंदर जनता निर्णय लेगी और सरकार काम करेगी, लोगों को नेताओं के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम चुनाव में मतदाताओं को रिझाने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बड़ा दांव खेला है। उन्होंने लोगों को एक गारंटी देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के चुनाव जीतने के बाद दिल्ली वाले एमसीडी में सरकार चलाएंगे।

यहां की हर रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी को मिनी पार्षद का दर्जा देकर और सशक्त बनाया जाएगा। इसका मकसद सत्ता जनता जर्नादन के हाथों में देना है। दिल्ली का हर नागरिक मुख्यमंत्री होगा।

निगम में आम लोग निर्णय लेंगे और सरकार काम करेगी। लोगों को अपने काम करोने के लिए नेताओं के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। आम लोग आरडब्ल्यूए कार्यालय में जाकर बिजली, पानी, नाली आदि समस्याएं बताएगी और आरडब्ल्यूए के पास वे काम कराने की शक्ति होगी। आरडब्ल्यूए को अपना कार्यालय चलाने और स्थानीय लोगों के छोटे छोटे काम करवाने के लिए फंड दिए जाएंगे। केजरीवाल ने सभी आरडब्ल्यूए से अनुरोध किया कि वे उसको राजनीतिक वित्तीय शक्ति देने जा रहे हैं। आरडब्ल्यूए अपने-अपने इलाके में घर-घर प्रचार कर सबसे कहे कि सभी लोग आम आदमी पार्टी के पक्ष में मतदान करें।



दिल्ली के आम लोगों के साथ चौपाल पर चाय की चुस्की लेते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

उनके इलाके में अगर किसी दूसरी पार्टी का पार्षद बन गया, तो वह जो सत्ता देना चाहतें है उसमें वह अड़ंगा लगाएगा।

अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एमसीडी में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाने के बाद एक योजना लाई जाएगी जिसका नाम जनता चलाएगी एमसीडी होगा। अक्सर देखा गया है कि छोटे-छोटे कामों के लिए लोगों को नेताओं के चक्कर काटने पड़ते हैं। अब जनता निर्णय लेगी और सरकार काम करेगी। आरडब्ल्यूए वह बॉडी होती है, जो जनता के सबसे करीब होती है। आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद आरडब्ल्यूए को मिनी पार्षद का दर्जा दिया जाएगा। जैसे पार्षद एक वार्ड का नेता होता है, वैसे ही आरडब्ल्यूए को अपने इलाके का नेता माना जाएगा। उस आरडब्ल्यूए के इलाके में रहने वाली जनता को कोई काम करवाना है, तो उसको किसी नेता के चक्कर काटने नहीं होंगे। वो अपने आरडब्ल्यूए के कार्यालय में जाकर बिजली, पानी नाली-गली आदि अपनी समस्या बताएगा और आरडब्ल्यूए के पास वो सारे काम करवाने की पावर होगी।

मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए सीएम ने कहा कि इसको वह ऑनलाइन करेंगे और पारदर्शी तरीका अपनाया जाएगा। अगर वह आरडब्ल्यूए को अपना ऑफिस चलाने के लिए पैसे देंगे, तो उसके लिए एक सिस्टम भी बनाएंगे। लोगों की मांग और शिकायतों को सरकार, विधायक व पार्षद भी देख सकेगा और इसकी पूरी जवाबदेही होगी।

## आरडब्ल्यूए को मिनी पार्षद बनाने का ऐलान चुनावी स्टंट : भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


आशीष सूद

भाजपा की नगर निगम चुनाव समिति के संयोजक आशीष सूद ने कहा है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल द्वारा नगर निगम की कार्यप्रणाली से आरडब्ल्यूए को जोड़ने का ऐलान चुनावी घोषणा है। क्योंकि गत आठ साल के उनके शासन का अनुभव बताता है कि उन्हें आरडब्ल्यूए या मोहल्ला सभाओं के प्रति कोई सम्मान नहीं है।

भाजपा के संकल्प पत्र में आरडब्ल्यूए को निगम कार्य प्रणाली में भागीदारी देने की घोषणा का आरडब्ल्यूए के स्वागत करने से से बौखलाए केजरीवाल को आज फिर आरडब्ल्यूए एवं मोहल्ला साभाओं की याद आई है। यह कुछ ऐसे ही है जैसे कांग्रेस बार-बार राहुल गांधी को रिपैकेज कर जनता के बीच रखने की कोशिश करती है। सूद ने कहा है कि आठ साल पूर्व सत्ता में आते ही केजरीवाल ने सबसे पहले अपनी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के आरडब्ल्यूए के साथ होने वाले भागीदारी संवाद को बंद किया था। उन्होंने कहा कि वर्ष 2010-11 में केजरीवाल मोहल्ला सभाओं से पूछकर निर्णय लेने की बात करते थे, उन्होंने अपनी पुस्तक स्वराज में भी इसका जिक्र किया था पर गत आठ सालों में उन्होंने मोहल्ला सभाओं को किसी अन्य विषय में तो छोड़िए, शराब के ठेके खोलने की प्रक्रिया तक में कोई भूमिका नहीं दी।

लोगों ने समय-समय पर देखा है कि अधिकांश आप विधायकों ने आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के साथ अभद्रता से व्यवहार किया है।

# भ्रष्ट मंत्री को देते हैं ईमानदारी का प्रमाण पत्र : ठाकुर


चुनाव प्रचार के दौरान कंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व अन्य भाजपा नेता।

- केंद्रीय मंत्री अनुराग ने पूर्वी दिल्ली में रोड शो, सभा और जनसंपर्क कर प्रत्याशियों के पक्ष में मांगे वोट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एमसीडी चुनाव में मतदान के लिए चंद दिन बचे हैं। इसके मद्देनजर भाजपा अपने चुनाव प्रचार को लगातार धार दे रही हैं।

दिल्ली भर में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री, सांसद रोड शो, सभाओं और जनसंपर्क कर प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अनुरोध ठाकुर ने पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार, अनारकली, विश्वास नगर, दयालपुर व भजनपुरा में मेगा रोड शो, सभाओं व जनसंपर्कों के माध्यम से प्रचार कर विकास कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए एमसीडी में फिर से भाजपा को जिताने का अनुरोध किया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और उनकी सरकार पर तीखे हमले किए।

अनुराग ठाकुर ने कहा दिल्ली समेत पूरे देश ने अरविंद केजरीवाल के रूप में एक ऐसा मुख्यमंत्री देखा है जो भ्रष्ट के साथ साथ बेशर्म भी है। केजरीवाल कहते थे कि वह दिल्ली को लंदन बनाएंगे और अब ऐसा लग रहा है कि वो सब कुछ जेल में ही बना रहे हैं। केजरीवाल ने अपने सात साल के कार्यकाल में झूठ की राजनीति पर एक अविस्मरणीय अध्याय लिखा है। जैसे ही आप ने पंजाब में सरकार बनाई, उनके स्वास्थ्य मंत्री को भ्रष्टाचार के आरोप में इस्तीफा देना पड़ा। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री जेल में मालिश का आनंद ले रहे हैं। मिनरल वाटर से लेकर मालिश तक, सभी पांच सितारा होटल जैसी सुविधाएं जेल में उपलब्ध हैं। यह केजरीवाल के मॉडल में ही हो सकता है। आप के मंत्री भ्रष्टाचार करते हैं और केजरीवाल उन्हें ईमानदारी का प्रमाण पत्र देते हैं।

केजरीवाल सरकार के तीन यार हैं, दारु, घोटाले और भ्रष्टाचार। अरविंद केजरीवाल एमसीडी को लेकर मुंगेरी लाल के सपने देख रहे हैं। पिछले 7 सालों में उन्होंने झूठ की राजनीति का कभी ना भूलने वाला अधाय लिखा है।

दिल्ली की समझदार जनता इनके झूठे दावों और खोखले वादों के झाँसे में नहीं फँसने वाली है।

## चुनाव सामग्री की बिक्री से 100 करोड़ का कारोबार

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर चुनाव प्रचार का मतदाताओं पर अच्छा खासा प्रभाव पड़ता है। इसके बावजूद दिल्ली नगर चुनाव में परंपरिक चुनाव सामग्री की महत्ता करार है। चुनावी सामग्री बनाने और बेचने वाले व्यापारियों को अच्छा कारोबार मिल रहा है।

कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया की मोटे अनुमान के मुताबिक दिल्ली नगर निगम चुनाव की वजह से मतदान के दिन तक लगभग 100 करोड़ रुपये का चुनाव सामग्री सामान की बिक्रह होने का संभावना है। वहीं दूसरी ओर ढोल वाले तथा फूल विक्रेताओं को भी चुनाव के जरिये अतिरिक्त कारोबार मिला है। इसके अलावा पैम्फलेट एवं उनकी प्रिंटिंग तथा सोशल मीडिया के जरिये होने वाले प्रचार का खर्च अलग है।

# दलित वार्ड होंगे मॉडल वार्ड के रूप में विकसित

**कांग्रेस का विजन**

- निगम में सरकार बनने पर 6 महीने में पक्के होंगे अस्थाई और ठेके पर काम करने वाले सफाई कर्मी : चौ. अनिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


विजन पत्र दिखाते प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी व अन्य कांग्रेसी नेता

निगम चुनाव में दलित मतदाताओं को लुभाने के लिए कांग्रेस ने ऐलान किया है कि निगम की सत्ता में आने पर वह दलित वार्डों को मॉडल वार्ड के रुप में विकसित करेगी। साथ ही दलितों को सामाजिक आर्थिक, धार्मिक, राजनीति और सांस्कृतिक न्याय दिलाने के लिए बढते कदम न्याय की ओर दलितों से मजबूत जोड़ की विचारधारा और कार्यशैली के अंतर्गत दिल्ली नगर निगम को दलितों के साथ न्याय वाली, शीला दीक्षित वाली मेरी चमकती दिल्ली बनाऐंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस पार्टी निगम की सत्ता में आने के 6 महीने में सभी अस्थाई और ठेके पर काम कर रहे सफाई कर्मचारियों को नियमित करेगी। खाली पड़े पदों को भरा जाऐगा और स्वरोजगार पैदा करने के अवसर पैदा करेगी। निगम को ठेकेदारी प्रथा से मुक्त बनाऐंगे जिसकी कल्पना हर कर्मचारी करता है। पार्टी दिल्ली भर में सर्वे कराकर हर दलित परिवार को निगम में एक नौकरी देकर दलितों को सामाजिक न्याय के साथ आर्थिक न्याय के वादे की प्रतिबद्धता को भी निभाऐगी। भाजपा 15 वर्षों के दौरान अस्थाई सफाई कर्मचारियों को पक्का करने में विफल रही और वर्ष 2022 के वचन पत्र में उनको नौकरी देने के लिए एक शब्द नहीं होना। यह दलितों के साथ धोखा है। निगम में उनके नौकरियों का सृजन करके उनके जीवन को चमकाऐंगे।

चौ. अनिल ने कहा कांग्रेस वचनबद्ध है कि निगम को ठेका प्रथा, बेरोजगारी मुक्त, हर घर मुफ्त आरओ मेंटेनेन्स मुक्त दलित परिवार, दलित वार्ड, मॉडल वार्ड और कचरा मुक्त दलित कॉलोनी बनाऐंगे। वर्ष 2007-2012 के दौरान कांग्रेस ने निगम में रहते हुए प्रत्येक वार्ड में महिला पार्क बनाऐ थे और सत्ता में आने पर42 आरक्षित दलित वार्डों को दलित मॉडल वार्ड बनाने का काम करेगी। वार्ड को कचरा मुक्त करके कॉलोनियों को स्वच्छ वातावरण बनाया जाएगा और दलित वार्डों को मॉडल वार्ड के रुप में विकसित करके कांग्रेस देश और दुनिया के सामने एक उदाहरण पेश करेगी।

कांग्रेस दलित कॉलोनियों, पुनर्वास कॉलोनियों जैसे त्रिलोकपुरी, कल्याणपुरी, कोंडली, सुल्तानपुरी, जहांगीरपुरी, अम्बेडकर नगर, देवली, दक्षिण पुरी, मंगोलपुरी सभी 30 गज से कम क्षेत्रफल वाले मकानों में रहने वाले दलित परिवारों को आर्थिक न्याय देने के लिए इन्हें पूरी तरह हाउस टैक्स के दायरे से बाहर रखा जाएगा। शीला दीक्षित सरकार द्वारा तैयार किए गए राजीव रत्न आवास योजना के तहत बने 42 हजार फ्लैटों को किराया मुक्त करके दलितों को आवंटित किए जाऐंगे।

# आप का स्टार प्रचारकों ने 148 से अधिक क्षेत्रों में किया जनसंवाद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- अरविंद केजरीवाल साफ-सफाई कराएंगे, सड़कें गलियां बनवाएंगे और आवारा पशुओं से छुटकारा दिलवाएंगे : सिसोदिया

एमसीडी चुनाव प्रचार में आम आदमी पार्टी के स्टार प्रचारकों ने दिल्ली भर में 148 से ज्यादा इलाकों में जनसंवाद, नुक्कड़ सभा सभा, रोड शो और घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया।

इस दौरान उन्होंने लोगों ने खुलकर भाजपा को एमसीडी से बाहर करने और केजरीवाल सरकार को लाने की अपील की। केजरीवाल का वादा है कि एमसीडी में आम आदमी पार्टी की सरकार बनते ही अगले 5 सालों के अंदर तीनों कूड़े के पहाड़ों से छुटकारा मिल जाएगा। आप के स्टार प्रचारकों में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, प्रदेश संयोजक गोपाल राय, सभी सांसद और विधायक शामिल थे।

केजरीवाल दक्षिणी दिल्ली के चिराग दिल्ली तो सिसोदिया पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मीनगर, कृष्णा नगर व गाँधी नगर में 10 नुक्कड़ सभाएं की। सिसोदिया ने जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि इस बार जनता एमसीडी में भाजपा के नाकामी और कुशासन का अंत करने के लिए आम आदमी पार्टी को वोट दे, एमसीडी में भी केजरीवाल की सरकार बनाये और अपने वार्ड में केजरीवाल का पार्षद चुनें।

दिल्ली का बच्चा-बच्चा जानता है एमसीडी का मुख्य काम सफाई करना है, लेकिन पिछले 15 सालों में भाजपा ये नहीं समझ पाई और लोगों की जेबें साफ करती रही। सिसोदिया ने पांडव नगर, शकरपुर, ललिता पार्क, लक्ष्मी नगर, अनारकली, जगतपुरी, गीता कॉलोनी, कृष्णा नगर, गाँधी नगर और शास्त्री पार्क में नुक्कड़ सभाएं की।



# आफताब के नार्को टेस्ट कराने की इजाजत

- पूनावाला पर हमले के बाद एफएसएल की सुरक्षा कड़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने रोहिणी स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएससी) में आफताब अमीन पूनावाला की नार्को जांच कराने की मंगलवार को अनुमति दे दी। पूनावाला के वकील अबिनाश कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को एक दिसंबर और पांच दिसंबर को रोहिणी स्थित प्रयोगशाला ले जाने की अनुमति दिए जाने का अनुरोध किया था, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया।

वहीं आरोपी आफताब अमीन पूनावाला को लेकर जा रही एक पुलिस वैन पर सोमवार को रोहिणी स्थित फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के बाहर कुछ हथियारबंद लोगों द्वारा हमला किए जाने के मद्देनजर एफएसएल के पास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

पूनावाला को पॉलीग्राफ जांच के लिए सोमवार को एफएसएल ले जाया गया था, तभी उस पर हमला हुआ। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सोमवार की घटना के मद्देनजर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रयोगशाला के बाहर अर्द्धसैन्य बल को तैनात किया गया है।

एक अधिकारी ने बताया कि पूनावाला का मंगलवार को भी पॉलीग्राफ जांच सत्र था। उन्होंने बताया कि सत्र समाप्त हो गया है और पूनावाला अपराह्न करीब दो बजकर 40 मिनट पर प्रयोगशाला से निकला। एक कार ने सोमवार शाम को पुलिस वैन को ओवरटेक कर उसे रुकने पर मजबूर कर दिया था। उसके बाद कुछ लोग कार से उतरे और पूनावाला को लेकर जा रही वैन पर हमला कर दिया।पुलिस ने बताया कि वैन को मौके से हटा लिया गया, दो हमलावरों को हिरासत में ले लिया गया और हथियार जब्त कर लिए गए। उन्होंने बताया कि घटना सोमवार शाम को छह बज कर करीब 45 मिनट पर हुई। रोहिणी के पुलिस उपायुक्त जी. एस. सिद्धू ने कहा, दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार, हिरासत में लिए गए दोनों लोगों की पहचान कुलदीप और निगम के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के सिलसिले में प्रशांत विहार थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है।



## डीएनए विश्लेषण में देरी पर विशेषज्ञों ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महरौली हत्याकांड में आरोपी आफताब अमीन पूनावाला की गिरफ्तारी को दो सप्ताह से भी ज्यादा समय हो गया है, लेकिन अब भी इस बात का कोई निर्णायक प्रमाण नहीं है कि शव के जो टुकड़े मिले हैं, वे श्रद्धा वालकर के हैं। ऐसे में, विशेषज्ञों के एक वर्ग ने डीएनए विश्लेषण में देरी होने पर सवाल उठाए हैं। रोहिणी में स्थित फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में सहायक जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) डॉक्टर रजनीश कुमार सिंह ने कहा कि हम शव के बरामद हुए अंगों के बारे में कुछ भी नहीं बता सकते क्योंकि हम ऐसे मामलों में काफी गोपनीयता बरतते हैं। शीर्ष फोरेंसिक विशेषज्ञों ने कहा कि डीएनए विश्लेषण में देरी क्यों हो रही है, यह समझ से परे है। उनके अनुसार, विशेषज्ञों को किसी शव की शिनाख्त के लिए आदर्श रूप से 24 घंटे से अधिक समय नहीं लेना चाहिए, भले ही वह छह महीने पुराना हो।

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में आनुवंशिकी के प्रोफेसर ज्ञानेश्वर चौबे का मानना है कि एक साल पुराने मानव अवशेष से डीएनए निकालने के लिए 24 घंटे का समय काफी है, भले ही उसे संरक्षित न रखा गया हो।

# मेट्रो में तकनीकी खराबी के चलते ब्लू लाइन सेवा प्रभावित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन पर मंगलवार को कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण मेट्रो सेवा एक घंटे से अधिक समय तक प्रभावित रही।

ब्लू लाइन दिल्ली में द्वारका सेक्टर-21 और नोएडा में इलेक्ट्रॉनिक सिटी को जोड़ती है। यह इसी लाइन पर यमुना बैंक स्टेशन से निकली अलग लाइन के जरिए गाजियाबाद में वैशाली को भी जोड़ती है। एक सूत्र ने बताया कि कुछ तकनीकी समस्याओं के कारण समूची ब्लू लाइन पर सेवाएं अभी प्रभावित हैं। हम इन्हें ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच ब्लू लाइन के एक खंड पर पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे जब देरी की सूचना मिली तो कई लोगों ने तस्वीरों के साथ ट्वीट करना शुरू किया।।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने यात्रियों के लिए अलर्ट जारी किया है।

डीएमआरसी ने ट्विटर पर लिखा, ब्लू लाइन संबंधी ताजा जानकारी : द्वारका सेक्टर 21 और नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी/वैशाली के बीच सेवाएं प्रभावित। अन्य सभी लाइन पर सेवाएं सामान्य हैं। इसके बाद डीएमआरसी ने दोपहर 12 बजकर 50 मिनट पर ट्वीट कर ब्लू लाइन पर सामान्य सेवा बहाल हो गई है।

## सहायक प्रोफेसर के सभी पद तत्काल भरे जाएं : डीयू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने उससे संबद्ध कॉलेजों को सहायक प्रोफेसर के सभी रिक्त पदों को भरने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया है। विश्वविद्यालय ने प्राचार्यों को लिखे पत्र में कहा कि कॉलेज को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी स्वीकृत पद विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित आरक्षण रोस्टर के अनुरूप भरे जाएं। कॉलेजों से अनुरोध है कि वे अपने संस्थान में स्वीकृत संख्या के अनुसार विभिन्न विषयों में सहायक प्रोफेसर के रिक्त पदों को भरने के लिए कदम उठाएं। डीयू ने तय मानकों का पालन और निर्धारित सभी पात्रता मानदंडों और योग्यताओं पर विचार करते हुए पदों को भरने का अनुरोध किया है।

# सत्येंद्र जैन जमानत के लिए पहुंचे हाईकोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के मंत्री सत्येंद्र जैन ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धन शोधन के एक मामले में निचली अदालत द्वारा उन्हें जमानत देने से इनकार करने के आदेश को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

जैन ने कहा कि वह गवाहों को प्रभावित करने या सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने की स्थिति में नहीं हैं और ईडी द्वारा 30 सितंबर, 2017 को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामले में राहत दिए जाने में कोई जोखिम नहीं है। इस सप्ताह के अंत में याचिका पर सुनवाई होने की संभावना है। जैन ने निचली अदालत के 17 नवंबर के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उनकी जमानत याचिका को इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि वह प्रथम दृष्टया अपराधिक कृत्य के तहत आने वाली आय को छिपाने में शामिल थे।

अपनी याचिका में आप नेता ने दावा किया कि चूंकि उनके पास कोई ऐसा कोई धन नहीं है, इसलिए पीएमएलए के तहत अपराध नहीं बनता है। याचिका में दावा किया गया कि विशेष न्यायाधीश और ईडी ने केवल कुछ प्रविष्टियों के आधार पर गलत आशय निकाला।

# कैब कंपनियां सत्यापन के बाद ही रखें चालक

- दिल्ली पुलिस ने जारी किए दिशा निर्देश, शराब पीने की भी हो जांच

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को कैब सेवा देने वाली कंपनी उबर से चालकों को सेवा पर रखने से पहले उनके पिछले रिकॉर्ड का सत्यापन करने को कहा और सुझाव दिया कि कंपनी को कैब में ऐसा तंत्र अपनाना चाहिए कि शराब के सेवन की जांच हो हो सके।

दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त महेश चंद्र भारद्वाज ने उबर के सुरक्षा उपायों को शुरू करने से जुड़े एक कार्यक्रम में कहा कि शराब पीकर गाड़ी चलाना नियमों के उल्लंघन के मामले में एक प्रमुख कारक रहा है।

भारद्वाज ने कहा कि यदि कोई ड्राइवर नशे में है तो आपके पास यह जानने के लिए किसी प्रकार का तंत्र होना चाहिए कि आपका ड्राइवर नशे में है। हम शराब के नशे के लिए अल्कोहल मीटर के माध्यम से चालकों की जांच करते हैं।

क्या उबर स्टीयरिंग के करीब ऐसा कोई उपकरण लगा सकती है ताकि अगर ड्राइवर नशे में हो तो आपको सूचना मिल सके। नशे में वाहन चलाने वालों की जांच के लिए कृपया कोई तंत्र खोजें। उन्होंने उबर से चालकों की सेवाएं लेने से पहले उनके पूर्व रिकॉर्ड के सत्यापन करने को भी कहा। भारद्वाज ने कहा कि उबर को अपने साझेदार चालक द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन के बारे में अधिसूचित करने के लिए एक प्रणाली स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए, जिसे दिल्ली यातायात पुलिस के साथ साझा किया जा सकता है। भारत एवं दक्षिण एशिया के लिए उबर के सेफ्टी ऑपरेशन्स प्रमुख सूरज नायर ने कहा कि कंपनी ने फीडबैक नोट कर लिया है और सिस्टम में फीचर्स की व्यवहार्यता की जांच के लिए अध्ययन जारी रखेगी।

इस अवसर पर, उबर ने उपयोगकर्ताओं को अपनी यात्रा समाप्त करने के 30 मिनट बाद भी उनकी हेल्पलाइन पर कॉल करने के लिए विस्तारित समर्थन की घोषणा की।भारत और दक्षिण एशिया के लिए उबर की निदेशक, (ग्राहक अनुभव), मानसी चड्ढा ने कहा कि विस्तारित समय की सुविधा सिर्फ भारत में शुरू की गई है।

# जापान के निवेश को और अधिक बढ़ाने के लिए सरकार प्रयासरत : राव इंद्रजीत

## जापान-इंडिया मित्रता की 70वीं वर्षगांठ पर हुआ कार्यक्रम

## जापानी व्यंजन आउटलेट अजु नागोमी फैमिली डाइनिंग का उद्घाटन किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में जापान-इंडिया मित्रता की 70वीं वर्षगांठ पर जापानी व्यंजन आउटलेट के उद्घाटन अवसर पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व मंत्री एवं मिशन के उप प्रमुख, जापान दूतावास कवाजू कुनिहिको।

**केंद्रीय** सांख्यिकीय तथा कारपोरेट कार्य राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा है कि जापान के निवेश को बढ़ाने के लिए सरकार प्रयासरत है और आने वाले दिनों में हरियाणा सहित देशभर में जापानी कंपनियों का निवेश बढ़ाया जाएगा। केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राव इंद्रजीत सिंह ने सोमवार को जापान-इंडिया मित्रता की 70वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान मंत्री एवं मिशन के उप प्रमुख, जापान दूतावास कवाजू कुनिहिको और जापानी कॉरपोरेट जगत के अन्य राजनयिक और उद्योग जगत कि कई हस्तियां उपस्थित थीं। इस अवसर पर एक जापानी व्यंजन आउटलेट अजु नागोमी फैमिली डाइनिंग का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि सुजुकी पहले गुरुग्राम में एक भारतीय कंपनी मारुति के साथ एक संयुक्त उद्यम स्थापित करने के लिए आई थी। अब इसका विस्तार जारी है। अब तक हरियाणा में तीन प्लांट हैं।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि जापान ने कई प्रमुख सार्वजनिक-उपयोगिता परियोजनाओं का समर्थन करके भारत को अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद की। जापानी ऑटोमोटिव उद्योग ने भारत में गुणवत्ता बेंचमार्क स्थापित किया, जिसकी वजह से अन्य देशों को यहां विश्व स्तरीय कारें लांच करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि जापान ने भारत के बुनियादी ढांचे को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना को जापान सरकार से लगभग एक लाख करोड़ की वित्तीय सहायता मिली है। वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर परियोजना का हिस्सा है। इसको जापान की जीका (जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी) द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है। यह दिल्ली और मुंबई के बीच छह राज्यों के औद्योगिक पार्कों और बंदरगाहों को जोड़कर भारत का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र बनाता है। निप्पॉन कोई, ओरिएंटल कंसल्टेंट्स ग्लोबल, हिताची, मित्सुई एंड सीओ, सोजिट्ज, जेएफई इंजीनियरिंग और आईएचआई इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम्स जैसी जापानी कंपनियां इस प्राथमिक परियोजना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

जापानी दूतावास में मंत्री और मिशन के उपप्रमुख कवाजू कुनिहिको ने इस अवसर पर कहा कि यह जानकर खुशी हुई कि गुरुग्राम में जापान की चल रही 70वीं मित्रता वर्षगांठ समारोह के हिस्से के रूप में गुरुग्राम में रेस्तरां अजु नगोमि फैमिली डाइनिंग का उपहार मिला है। उन्हें यह भी उम्मीद है कि कई युवा भारतीय जापान की यात्रा करेंगे और जापानी काइजन और जापानी आतिथ्य इंडस्ट्री का संचालन करेंगे।

लोगों से लोगों का जुड़ाव दोनों देशों के बीच दोस्ती की कुंजी हैं। अजु ग्रुप ऑफ जापानीज होटल्स के निदेशक प्रकाश यादव ने कहा कि गुरुग्राम जैसी जगहों पर जापानी लोगों की बढ़ती उपस्थिति के लिए रेस्तरां और होटल जैसी अधिक जापानी सुविधाओं की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विभिन्न जापानी कंपनियों के निदेशक व उच्च अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा के नवनिर्वाचित जिला पार्षदों ने जिलाध्यक्ष से की मुलाकात



भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ से मुलाकात करने पहुंचे नवनिर्वाचित भाजपा के पार्षद।

**गुरुग्राम।** जिला परिषद के चुनाव में नवनिर्वाचित भाजपा जिला पार्षदों ने मंगलवार को यहां गुरुकमल कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ से मुलाकात की। सभी पार्षदों ने जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ व संगठन में सभी शीर्ष नेतृत्व व कार्यकर्ताओं का आभार व धन्यवाद प्रकट किया।

भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि जिला परिषद के वार्ड-1 से ओमप्रकाश, वार्ड-2 से पुष्पा खटाना, वाड-5 से रितु यादव, वार्ड-7 से अंजू रानी यहां गुरुकमल कार्यालय में पहुंचे। जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने सभी पार्षदों को जीत की बधाई दी और उन्हें मिठाई खिलाई। उनका स्वागत व अभिनंदन करते हुए कहा कि बहुत खुशी हुई कि चार में से तीन महिलाएं जीतकर आई हैं। भाजपा में ही महिलाओं को बराबर सम्मान दिया जाता है। इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन और जनता ने आप पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरे और जन सेवक के रूप में कार्य करें। जनता अपने प्रतिनिधि को काफी उम्मीदों के साथ चुनती है उन्हें इस बात की उम्मीद रहती है कि जैसे वह चुनकर भेज रहे हैं। वह उनकी आवाज और उनकी समस्याओं को उठाएंगे। आप सभी का यह कर्तव्य बनता है कि अपने- अपने क्षेत्र में हर वर्ग को साथ लेकर पूरे क्षेत्र में एक समान विकास के कार्य करें। सभी पार्षद अपने क्षेत्र को अपना परिवार मान कर काम करें। जिस तरह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी प्रधान सेवक और जन सेवक के रूप में कार्य कर रहे हैं, उसी तरह से भी आप सभी जन सेवक के रूप में अपने क्षेत्र में जिम्मेदारियों के प्रति गंभीर और वफादार रहेंगे। इस दौरान जिला महामंत्री महेश यादव कार्टरपुरी, जिला उपाध्यक्ष ज्योति डेंबला, कार्यालय मंत्री यादराम जोया, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन मित्तल,सोहना मंडल अध्यक्ष गौरव चुघ, मानेसर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र यादव, भोंडसी मंडल अध्यक्ष रामकिशन राघव, डॉ. हनीश बजाज, अमर झा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुंदरी खत्री, महामंत्री विधु कालरा, पायल चौहान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य युवा मोर्चा महेश यादव, हितेश भारद्वाज, नमन अग्रवाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## आठ दिसंबर तक होंगे मतदाता सूची में नाम दर्ज

**गुरुग्राम।** जिला में नए मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने व पुराने मतदाता की आपत्तियों व दावों के अनुरूप संशोधन के लिए आठ दिसंबर तक विशेष पुनर्निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में तीन व चार दिसंबर को सभी बूथों पर विशेष कैम्प आयोजित किए जाएंगे। आमजन इन बूथों पर जाकर अपने नए वोट बनवाने के साथ अपने वोटर कार्ड को आधार कार्ड से भी लिंक करवा सकते हैं। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि जिन व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में नही है और उनकी आयु एक जनवरी 2023 को 18 वर्ष या इससे अधिक है, वे फार्म नंबर-6 भरकर नया वोट बनवाने के लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए व्यक्ति को फार्म के साथ रंगीन फोटो, आयु व रिहायशी प्रमाण पत्र लगाना होगा। उन्होंने कहा कि पात्र मतदाताओं की वोट बनवाने के लिए तीन व चार दिसंबर को शनिवार व रविवार के दिन सुबह नौ से सायं पांच बजे तक विशेष अभियान के तहत कैंप भी आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान सभी बीएलओ द्वारा मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप लगाकर दावे व आपत्तियां प्राप्त की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि नए वोट बनवाने के साथ लोग अपने वोटर कार्ड को आधार कार्ड से भी लिंक करवा सकते हैं। इसके लिए बूथों पर आप्रेटरों व सीएससी केन्द्रों पर व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि इस दौरान अब तक जिन लोगों के फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र नहीं बने हैं, वे नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर अपना मतदाता पहचान पत्र बनवा सकते हैं।

## दिसंबर के पहले सप्ताह में उद्योगों की बिजली समस्याएं होंगी दूर



गुरुग्राम में नारेडको हरियाणा रियल एस्टेट समिट 2022 और बायर-सेलर इंटरफेस का शुभारंभ करते बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला।

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार उद्योग और अन्य डेवलपर्स के लिए बिजली से संबंधित सभी समस्याओं को हल करने की पूरी कोशिश करेगी, ताकि राज्य का आर्थिक विकास प्रभावित न हो। यह बात हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने नारेडको हरियाणा रियल एस्टेट समिट 2022 और बायर-सेलर इंटरफेस को संबोधित करते हुए कही। बिजली मंत्री ने उद्योगपतियों को आश्वासन दिया कि कैबिनेट की बैठक दिसंबर, 2022 के पहले सप्ताह में आयोजित की जाएगी, जिसमें हरियाणा में बिजली की समस्या के समाधान के लिए सभी तरह के प्रबंध पूरे कर लिए जाएंगे। मंत्री ने रियल एस्टेट डेवलपर्स, बिल्डर्स को बिजली सेक्टर के सरकारी अधिकारियों के साथ इंटरफेस आयोजित करने और उन्हें उनकी समस्याओं से अवगत कराने का आश्वासन दिया, ताकि उनका समाधान बिना किसी रुकावट के हो। राज्य के आर्थिक विकास के लिए बिजली की आपूर्ति बनी रहे। रणजीत सिंह ने कहा कि बिजली क्षेत्र अच्छी तरह से विकसित है। इंडस्ट्री की सेवा के लिए काफी मजबूत और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर भी रखता है। अपनी सभी तरह की तैयारी के बावजूद विभिन्न कारणों से बिजली से संबंधित समस्याएं उत्पन्न होती रहती हैं। यह उद्योग और सरकार की जिम्मेदारी बन जाती है कि वे इसके प्रभावी समाधान के साथ इन मुश्किलों का हल करें। उन्होंने फिर दोहराया कि दिसंबर के पहले सप्ताह में घोषित कैबिनेट बैठक के समापन के बाद राज्य के बिजली विभाग की उपलब्धता के अनुसार अधिकांश बिजली से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर राजस्थान के सवाई-माधोपुर के सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया ने कहा कि जब से हरियाणा में भाजपा सरकार सत्ता में आई है, शहरी बुनियादी ढांचे में बड़े सुधार हुए हैं। हालांकि बिजली और अन्य क्षेत्र में कुछ कमजोरियां मौजूद हैं, जिन पर नीति निर्माताओं को तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सामान्य रूप से और विशेष रूप से गुरुग्राम राज्य के औद्योगिक विकास में अपना वर्चस्व बनाए रखेगा। नारेडको के चेयरमैन प्रवीण जैन ने राज्य में रियल एस्टेट डेवलपर्स को आमंत्रित करने और उन्हें आवश्यक समर्थन देने के लिए अपनी सक्रिय भूमिका के लिए हरियाणा सरकार की प्रशंसा की। साथ ही यह भी कहा कि राज्य के नीति निर्माताओं द्वारा कुछ नई पहलों को शुरू किए जाने की जरूरत है। नारेडको के उपाध्यक्ष निरंजन हीरानंदानी ने कहा कि अगर रियल एस्टेट सेक्टर का राष्ट्रीय जीडीपी में योगदान 2030 तक 15 फीसदी तक पहुंचना है तो हर साल रियल एस्टेट सेक्टर को 25 फीसदी की दर से बढ़ना होगा। इससे भारत 2030 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में सक्षम हो पाएगा। नारेडको के अध्यक्ष राजन बंदेलकर ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए कुछ और सुधार भी काफी महत्वपूर्ण हैं, ताकि हरियाणा सरकार इसमें अग्रणी भूमिका निभाते हुए इस सेक्टर को आगे बढ़ाने में अपना पूरा योगदान दे सके।

# गुरुकमल में दो दिसंबर को मनाया जाएगा असम स्थापना दिवस

## एक भारत-श्रेष्ठ भारत कमेटी हरियाणा के सदस्य नवीन गोयल ने दी जानकारी

## लोकगीतों के माध्यम से असम की संस्कृति का होगा प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



नवीन गोयल।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की एक भारत-श्रेष्ठ भारत मुहिम के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के निर्देशानुसार आगामी 2 दिसम्बर को शाम 6:30 बजे गुरुकमल जिला भाजपा कार्यालय में असम स्थापना दिवस मनाया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा शिरकत करेंगे। यह जानकारी पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख एवं एक भारत-श्रेष्ठ भारत कमेटी हरियाणा के सदस्य नवीन गोयल ने दी।

नवीन गोयल ने बताया कि इस कार्यक्रम में असम एसोसिएशन गुरुग्राम के अध्यक्ष जुगल किशोर महंता, उपाध्यक्ष प्रशंत बरुआ, असोमिया वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष पल्लब कुमार फुकन, सचिव त्रिदीप शर्मा की इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

कार्यक्रम में सत्रिया संस्कृति केंद्र गुरुग्राम के छात्रों द्वारा पारंपरिक सत्रिया प्रदर्श किया जाएगा। इसके अलावा प्रसिद्ध असमिया लोक गायक शरत राग द्वारा संगीत प्रस्तुति करने के बाद पारंपरिक रात्रिभोज भी होगा। गुरुग्राम में रह रहे हर एक असम के सम्मानित जन को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण है। उन्होंने कहा कि यह मात्र एक दिवसीय कार्यक्रम नहीं होगा, बल्कि हमारे सांस्कृतिक रिश्तों को मजबूती देने के प्रयास सफल करें।

# प्रयोग फाउंडेशन के शिक्षा बैंक कार्यक्रम में पहुंचे फ्रेंकफर्ट के सांसद

पायनियर समाचार सेवा। पंचकूला/गुरुग्राम



प्रयोग फाउंडेशन के शिक्षा बैंक कार्यक्रम में बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित करते जर्मनी के शहर फ्रेंकफर्ट के युवा सांसद राहुल कुमार कंबोज, साथ में अन्य मेहमान व संस्था के सदस्य।

**भारत** व जर्मनी में बहुत सी समानताएं हैं। दोनों देशों में कारोबारी सांझ को बढ़ावा देने के साथ-साथ एजुकेशन एक्सचेंज कार्यक्रम को भी आगे बढ़ाया जाए। इस कार्य में हरियाणा सरकार के साथ-साथ सामाजिक संगठन अहम भूमिका निभा सकते हैं।

यह बात जर्मनी के शहर फ्रेंकफर्ट के युवा सांसद राहुल कुमार कंबोज ने कही। वे मंगलवार को प्रयोग फाउंडेशन द्वारा पंचकूला के सेक्टर-15 स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल में शिक्षा बैंक कार्यक्रम के तहत बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित करने पहुंचे थे। राहुल कुमार मूल रूप से हरियाणा के यमुनानगर जिला के रहने वाले हैं। जर्मनी में रहने के बावजूद हरियाणा से जुड़े हुए हैं। स्कूली बच्चों पाठय सामग्री वितरित करने के बाद राहुल कुमार ने कहा कि हरियाणा ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व तरक्की की है। हरियाणा के सरकारी स्कूल अब बदलाव की तरफ बढ़ रहे हैं। इससे पहले राहुल कुमार का यहां पहुंचने पर स्कूल प्रिंसिपल कैलाश चंद्र ने स्वागत किया। प्रयोग फाउंडेशन के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि शिक्षा बैंक कार्यक्रम के तहत अब तक 6500 के करीब बच्चों को पाठय सामग्री मुहैया करवाई जा चुकी है। प्रोजेक्ट स्माइल के तहत 3500 के करीब बच्चों के दांतों की जांच करवाई जा चुकी है।

# बागवानी में स्टैकिंग विधि का प्रयोग कर कमाएं अच्छा मुनाफा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## हरियाणा सरकार सब्जियों में बांस स्टैकिंग व लौह स्टैकिंग पर दे रही 50 से 85 प्रतिशत तक अनुदान

**आधुनिक** युग में खेती में नई-नई तकनीकों का आविष्कार किया जा रहा है। किसान बागवानी में स्टेकिंग विधि का प्रयोग कर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। सब्जियों की खेती में स्टैंकिंग ऐसी विधि है, जिससे किसान लखपति बन सकते हैं।

किसानों का उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने आह्वान किया है कि हरियाणा सरकार द्वारा सब्जियों में बांस स्टेकिंग व लोह स्टेकिंग को प्रयोग करने के लिए सामान्य श्रेणी के किसानों को 50 प्रतिशत व एससी श्रेणी के किसान को 85 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को बागवानी पोर्टल पर ऑनलाइन आवदेन करना होगा। आधुनिक युग में खेती में नई-नई तकनीकें उभरकर सामने आ रही हैं। इससे किसानों को ढेरों फायदे पहुंच रहे हैं। सब्जियों की खेती में स्टैंकिंग ऐसी ही एक विधि का नाम है, जिसे अपनाकर किसान अच्छा लाभ कमा सकते हैं। उन्होंने बताया कि नई-नई तकनीकों से खेती करने का सबसे बड़ा फायदा होता है कि इससे ढेर सारी जानकारियां मिलती हैं और दूसरी इनसे मुनाफा और फसलों की पैदावार भी अधिक होती है।

## बांस व लौह स्टेकिंग पर दिया जाता है अलग-अलग अनुदान

**जिला** बागवानी अधिकारी डॉ. नेहा यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा बांस स्टैकिंग की लागत 62 हजार 500 रुपये प्रति एकड़ पर सामान्य श्रेणी के किसान को 31250 रुपये व एससी श्रेणी के किसान को 53125 रुपए का अनुदान दिया जा रहा है। वहीं लोहा स्टैकिंग लागत एक लाख 41 हजार रुपये प्रति एकड़ पर सामान्य श्रेणी के किसान को 70500 रुपये व एससी श्रेणी के किसान को एक लाख 19 हजार 850 रुपये का अनुदान प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एससी श्रेणी के किसान के लिए बांस स्टैकिंग व लौह स्टैकिंग पर अधिकतम अनुदान क्षेत्र एक एकड़ है।

# उद्योग विहार की समस्याओं को लेकर निगम आयुक्त से मिले उद्योगपति

## यूनाइटेड इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन की ओर से सौंपा गया मांग पत्र

## संपत्ति कर के मुद्दे पर बारीकी से काम करने का आग्रह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में उद्योग विहार की समस्याओं के समाधान के लिए निगमायुक्त को मांग पत्र सौंपते यूनाइटेड इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**यूनाइटेड** इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को उद्योग विहार क्षेत्र की समस्याओं को लेकर निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा चीफ इंजीनियर नगर निगम से मुलाकात करके उन्हें मांग पत्र सौंपा।

मांग पत्र में कहा गया कि उद्योग विहार/औद्योगिक क्षेत्रों में संपत्ति कर और उद्योग विहार व सिकंदरपुर क्षेत्र के अन्य दैनिक रखरखाव के मुद्दों के लिए एमसीजी द्वारा वाणिज्यिक दर के हिसाब से वसूली की जा रही है। यहां रिहायशी और व्यवसायिक से एक ही तरह का कर लिया जा रहा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष चंदन मुंजाल, महासचिव राजेश यादव, एमिनेंट सदस्य अमित गोयल समेत अन्य उद्योगपतियों ने कहा कि अधिकांश उद्योगपतियों को वाणिज्यिक क्षेत्र की दरों पर वर्ग फुट में संपत्ति कर के साथ बिल भेजा जाता है। जबकि उद्योग विहार या कोई भी मान्यता प्राप्त औद्योगिक क्षेत्र औद्योगिक गतिविधियों आईटी/आईटीई के लिए हैं। कुल मिलाकर ऐसे क्षेत्रों के लिए लागू दरें औद्योगिक या आईटी जोन की हैं। इस मुद्दे पर भी पिछले एमसीजी आयुक्त के साथ चर्चा और सहमति हुई थी, जिसे बाद में सुधारा गया था। इसके बावजूद हाल के दिनों में कई लोगों को वाणिज्यिक संपत्ति दरों की बहुत अधिक कीमतों पर कर का भुगतान करने के लिए नोटिस प्राप्त हो रहे हैं। जो वास्तव में क्षेत्रवार लागू हैं। सर्वे करने वाले फील्ड स्टाफ भी प्रमाण दिखाने के बावजूद सहयोग नहीं करते हैं। यह नगर निगम गुरुग्राम या किसी तीसरे पक्ष के निचले कर्मचारियों की ओर से पूरी तरह से स्वीकार्य नहीं है।

निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा से उद्योगपतियों ने आग्रह किया कि वे उनकी चिंताओं को समझने और भारी संपत्ति कर, पार्क रखरखाव, पार्किंग की जगह जैसे मुद्दों का समाधान करें। सिकंदरपुर क्षेत्र में धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने, पार्कों की बदहाली में सुधार और सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण एक माह में कराया जाए। टेम्परारी क्विक सॉल्यूशन डेस्क की स्थापना करके हर तीन महीने में एक बार जमीन पर सकारात्मक बुनियादी ढांचे के विकास में मदद मिलेगी। एमसीजी के काम करने के बारे में और भी बेहतर विश्वास पैदा होगा।

# गुरुग्राम में भव्य रूप से मनाया जाएगा तीन दिवसीय गीता महोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## दो से चार दिसंबर तक सिविल लाइन्स स्वतंत्रता सेनानी भवन में होगा कार्यक्रम

**जिला** स्तर पर तीन दिवसीय गीता महोत्सव जनभागीदारी के साथ भव्य रूप से मनाया जाएगा। डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि तीन दिवसीय गीता महोत्सव कार्यक्रम दो दिसंबर से चार दिसंबर तक सिविल लाइन्स स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद् हॉल परिसर में आयोजित होगा।

डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2022 गुरुग्राम में दो से चार दिसंबर तक गरिमामयी ढंग से मनाने के लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों से लोगों को महोत्सव की जानकारी दी जा रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक गीता का संदेश पंहुचाया जा सके। उन्होंने बताया कि महोत्सव में तीनों दिनों विभिन्न विभागों तथा स्वयंसेवी और धार्मिक संस्थाओं द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी। महोत्सव में तीनों दिन सुबह आयोजन स्थल पर सेमिनार आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के पहले दिन अध्यापकों, दूसरे दिन पुलिसकर्मियों व सरकारी विभागों, तीसरे दिन आमजन के लिए गीता पर आधारित सेमिनार आयोजित किया जाएगा। चार दिसंबर को गीता जयंती महोत्सव के समापन अवसर पर नगर शोभा यात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में सामाजिक और धार्मिक संगठनों का भी सहयोग लिया जा रहा है।

डीसी ने बताया कि गीता महोत्सव को लेकर तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। महोत्सव में कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित करती हुई स्टॉल लगाई जाएंगी। गीता को लेकर विश्वभर के महापुरुषों के विचारों को भी प्रदर्शनी में दर्शाया जाएगा। इसके साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव के साथ सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, राव तुलाराम, राजा नाहरसिंह, रोहनात के कुएं, अंबाला में आजादी की पहली लड़ाई को भी प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री व राज्यपाल का संदेश भी प्रदर्शित होगा।

# शास्त्रीय नृत्य कथक एवं भरतनाट्यम की रुचिकर कक्षाओं का देंगे प्रशिक्षण

**गुरुग्राम।** भारत में नृत्य प्राचीन काल से एक समृद्ध एवं जीवंत परम्परा रही है। ऐसे में प्रदेश के किशोरों व युवाओं में इस परंपरा को प्रचलित रखने के लिए कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा शास्त्रीय नृत्य कथक एवं भरतनाट्यम की रुचि कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में इन रुचि कक्षाओं का आयोजन कुरुक्षेत्र में ब्रह्म सरोवर के निकट कला कीर्ति भवन में किया जाएगा। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी अनुसार रुचि कक्षाओं में भाग लेने के इच्छुक छात्र-छात्राओं द्वारा आवेदन पांच दिसंबर तक विभाग की ई-मेल आईडी पर भिजवाए जा सकते हैं। रुचि कक्षाएं दो आयु वर्ग पांच से पंद्रह वर्ष व पंद्रह वर्ष से पचीस वर्ष में आयोजित की जाएंगी। रुचि कक्षा में भाग लेने वाले प्रत्येक छात्र व छात्रा को छात्रवृत्ति स्वरूप सौ रुपये दिए जाएंगे। वहीं अच्छा प्रदर्शन करने पर विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर भी प्रदान किया जाएगा। रूचि कक्षाओं के विषय में अधिक जानकारी के लिए कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा के दूरभाष नंबर 0172-27923896 पर संपर्क किया जा सकता है।

# एक दुर्लभ जीत : यूपी से भारतीय छात्र ने रचा इतिहास, सैट में हासिल किया1600 का परफेक्ट स्कोर

पायनियर समाचार सेवा। मुजफ्फरनगर



**उत्तर** प्रदेश के मुजफ्फरनगर से 16वर्षीय छात्र यशत्यागी ने 1600 के परफेक्ट स्कोर के साथ सैट परीक्षा में सफलता हासिलकर नया इतिहास रच दिया है। सैट परीक्षा यूएस के कॉलेज में प्रवेश के लिएली जाती है, जिसे बेहद चुनौतीपूर्ण और मुश्किल प्रतियोगिता के रूप में जानाजाता है। 175 देशों एवं क्षेत्रों से लगभग दो मिलियन छात्र हर साल सैटपरीक्षा देते हैं, जिसमें से कुछ ही छात्र तकरीबन परफेक्ट स्कोर हासिल करपाते हैं। परीक्षा में सफलता हासिल करने के बाद यश अब यूएस की कईप्रतिष्ठित युनिवर्सिटियों में से अपनी पसंद के कॉलेज में दाखिला ले सकते हैं।


आकाश बायजूस से एक प्रवक्ता ने बताया ''हमें खुशी है कि छात्र और उनकेमाता-पिता आकाश बैजूज़ के पढ़ाने के तरीकों को पंसद कर रहे हैं। हमबच्चों को सशक्त बनाना चाहते हैं और उनकी लर्निंग की यात्रा में सकारात्मकबदलाव लाना चाहते हैं। हम अपनी छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ अपने अन्यशौक पूरे करने के लिए भी प्रेरित करते हैं। अकादमिक एवं शतरंज में यश कीउपलब्धियां इसकी पुष्टि करती हैं। हमें यश पर गर्व है और खुशी है कि हमउनकी सफलता की यात्रा में शामिल हुए हैं। उन्हें बहुत-बहुत बधाई औरउज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं!'' यश ने पढ़ाई में हमेशा से अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्होंने 10वीं कक्षा में 97 फीसदी और 11वीं कक्षा की स्कूल परीक्षा में 99 फीसदी अंक हासिल किएहैं। अपनी क्षमता पर इतना भरोसा होने के बावजूद भी यश को उस समयअतिरिक्त अकादमिक सहयोग की जरूरत पड़ी, जब 2020 में कोविड-19 लॉकडाउन के चलते शैक्षणिक संस्थान बंद थे। उसी समय उन्हें बायजूस केबारे में पता चला। अपने परिवार के सहयोग से उन्होंने जेईई की तैयारी केलिए आकाश बायजूस क्लासेज में नाम लिखवा दिया। उनका मानना है किइस ऐड-टेक प्लेटफॉर्म पर पढ़ाने के आधुनिक तरीकों और कुशल मेंटर्स नेउन्हें न सिर्फ जेईई की तैयारी में मदद की, बल्कि उन्हें इतना आत्मविश्वास भीदिया कि वे अपने शतरंज के शौक और पढ़ाई के बीच अच्छा तालमेल बनापाते हैं। 12वीं कक्षा के छात्र इंटरस्टेट स्तर पर शतरंज में वर्तमान में स्वर्णपदक विजेता।

# बीके : कार्ड में मरीज का नाम बदला, परिजन हलकान

कविता। फरीदाबाद

**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल में आए दिन पंजीकरण के दौरान गलत नाम डालने के मामले सामने आते हैं, आधार कार्ड देने के बावजूद मरीजों के नाम की स्पेलिंग में मिस्टेक होती है, लेकिन मंगलवार को एक अलग ही मामला उस वक्त सामने आया, जब मरीज आयुष्मान भारत योजना के तहत क्लेम करने पहुंचा तो पता चला कि कागजों में उसका नाम गलत है। अस्पताल में पंजीकरण किसी और नाम से किया गया है। इसका पता चला तो चिकित्सकों से उसे नाम सही कराने को कहा गया, लेकिन उसे मंत्री के दौरे के दौरान कर्मचारी करीब पौने घंटे तक सीट पर नहीं मिले। जिसके बाद कर्मचारी ने आकर उसके कार्ड पर नाम बदला। कर्मचारी से इस विषय में बात की गई, तो उन्होंने बताया कि उसकी ड्यूटी में यह नहीं हुआ। सोमवार की दोपहर को ड्यूटी के दौरान यहां से पर्ची बनी है। ऐसे में इसका जिम्मेदार कौन यह है, इस बारे में वह नहीं जानते।

**यह है पूरा मामला :** डबुआ कॉलोनी निवासी लक्ष्मण ने बताया कि उसके पिता गोकुल चंद को बीके अस्पताल में हृदय आरोग्य केन्द्र में सोमवार की दोपहर को लाया था। जिसकी जांच के बाद डॉक्टर ने उसे भर्ती कर लिया था, लेकिन आधार कार्ड देने के बाद भी उसका पंजीकरण कमरा नम्बर 40 से गोकुल चंद की बजाय संदीप आर्य 45 वर्ष नंगला, जवाहर कॉलोनी फरीदाबाद कर दिया गया। जबकि पर्ची पर उसका नाम गोकुल चंद 74 वर्ष लिखा था। वहीं इस विषय में जब हार्टसेंटर में तैनात कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. ओमजीवन से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि गोकुल चंद को पहले दो स्टंड डाले गए थे। अब उन्हें सीओपीडी के कारण भर्ती किया गया है। सोमवार दोपहर से वह अस्पताल में भर्ती हैं। आयुष्मान योजना के तहत सीओपीडी के मरीज भर्ती नहीं किए जाते।



लक्ष्मण सिंह कागज दिखाते हुए।



हार्ट सेंटर के कार्ड की फोटो।

**कागजों में गड़बड़ :** डॉ. ओमजीवन ने बताया कि कागजों में गड़बड़ थी, जिन्हें ठीक करवाने के लिए मरीज के बेटे लक्ष्मण सिंह को कहा गया था। उसके बाद क्या हुआ, कुछ नहीं पता। वहीं लक्ष्मण सिंह ने आरोप लगाया कि बीके अस्पताल के कर्मचारी लापरवाही बरत रहे हैं। उनके पिता का नाम और उम्र दोनों ही बदल दिया है। ऐसे में किसी अन्य गंभीर मरीज के साथ यह हुआ, होता तो बड़ी मुश्किल हो सकती थी।

# जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यूपी के अल्ट्रासाउंड सेंटर पर मारा छापा

## टेक्नीशियन कर रहा था अल्ट्रासाउंड करके लिंग जांच, महिला समेत सात नामजद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिला** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लिंग जांच करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। आरोपी यूपी के पिलखुआ में महिलाओं को ले जाकर अल्ट्रासाउंड के माध्यम से लिंग जांच करने का काम करते थे। इस कार्य एक टेक्नीशियन पिछले दो माह से कर रहा था। आरोपी को टीम ने लिंग जांच करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी तरफ टीम ने पैसे लेने वाली एक महिला और पुरुष के अलावा रिपोर्ट तैयार करने वाले कम्प्यूटर ऑपरेटर को गिरफ्तार कराया है। मौके पर मिली अल्ट्रासाउंड मशीन को सील करवा दिया है।

**ये है पूरा मामला :** टीम के नोडल अधिकारी डॉ. मान सिंह ने बताया कि सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता को शिकायत मिली कि कुछ लोग लिंग जांच करवा रहे हैं। जिस पर उन्होंने डॉ. मान सिंह को नोडल अधिकारी बनाकर डॉ. राम निवास, डॉ. ज्योति और नर्सिंग ऑफिसर इंचार्ज रौनक को भेजा। टीम ने नकली ग्राहक ममता को सम्पर्क के लिए भेजा। सुबह पांच बजे टीम ने हापुड पहुंच कर वहां के स्वास्थ्य विभाग से सम्पर्क करके पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश खत्री को संग लिया और पिलखुआ के चंडी मंदिर के पास से वैगानार गाड़ी में मोनू नाम का युवक महिला को अकेले बैठा कर जांच के लिए संस्कार अल्ट्रासाउंड सेंटर पर ले गया। जहां अल्ट्रासाउंड कर महिला से दस हजार रुपये लिए गए। मोनू महिला को वापस उसी जगह लाया और उसने फोन पर पूछकर महिला को बताया कि गर्भ में लड़का है। युवक वहां से जाने की लगा कि टीम ने उसे दबोच लिया। जिसके बाद उसे अल्ट्रासाउंड सेंटर लाया गया। जहां जांच में पता चला कि वह टेक्नीशियन अल्ट्रासाउंड करता है। कागजों की जांच करने पर पता चला कि फर्जी ग्राहक ममता का अल्ट्रासाउंड बिना फार्म भरवाए और बिना आइडी के किया गया है। डॉ. मान सिंह ने बताया कि पैसों की रिकवरी में पांच सौ रुपये महिला कर्मचारी लक्ष्मी के पास से और साढ़े नौ हजार रुपये मोनू के पास से मिले। वहीं कम्प्यूटर ऑपरेटर रोहित शर्मा के द्वारा बनाई गई रिपोर्ट पर टेक्नीशियन प्रवीन कुमार ने डॉ. पीके खरे के साइन किये थे। अल्ट्रासाउंड मशीन डॉ. पीके खरे के नाम से रजिस्टर्ड है। वहीं संस्कार अल्ट्रासाउंड सेंटर डॉ. धीरज के नाम रजिस्टर्ड है। प्रवीन ने बताया कि वह पिछले दो माह से यहां अल्ट्रासाउंड कर रहा है। मालिक और अल्ट्रालॉजिस्ट को वह अब तक नहीं मिला है। वह कभी नहीं आए। जिस पर टीम ने डॉ. धीरज, डॉ. पीके खरे, टेक्नीशियन प्रवीन कुमार, ऑपरेटर रोहित, लक्ष्मी, मोनू और मुकेश चौहान (जो ग्राहक लाने का काम करता है) के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।





सील की गई अल्ट्रासाउंड मशीन और रंगेहाथ पकड़े गए आरोपियों के संग फरीदाबाद और हापुड के स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य।

# जरूरतमंदों के नाम भी आयुष्मान कार्ड की लिस्ट से बाहर

## लिस्ट में कई तरह की त्रुटियों के कारण लोगों को रही परेशानी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में मंगलवार को केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने हरियाणा चिर आयु योजना के तहत गोल्डन कार्ड वितरण किए, लेकिन इस दौरान एक लाख 80 हजार रुपये से कम आयु वाले कुछ लोग यहां परेशान नजर आए। जिसमें कुछ के परिवार का नाम था, तो कुछ के नहीं। ऐसे में कार्ड न बन पाने के कारण वह परेशान नजर आए। उनका कहना था कि अधिक आय वाले लोगों के भी कार्ड बन रहे हैं तो उनके क्यों नहीं। मंत्री जी ने कहा कि हरियाणा में हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले, इसके लिए सरकार द्वारा लगातार स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और विस्तारीकरण किया जा रहा है। लेकिन इसका क्या फायदा, क्योंकि किसी के कार्ड बन रहे हैं, किसी के नहीं।

**केवल बच्चों के कार्ड :** कृष्ण कुमार ने बताया कि वह एनएच-तीन में डीएवी कॉलेज के निकट रहते हैं। उसके परिवार पहचान पत्र में उसकी आय एक लाख 20 हजार रुपये हैं। उसके परिवार में पत्नी पूनम के अलावा तीन बच्चे चंदन, चांदनी और आयुष शामिल हैं। उसने बताया कि वह आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आया है। यहां जांच के बाद पता चला कि उसके तीन बच्चों के नाम तो हैं, लेकिन उसका और उसकी पत्नी का नाम ही आयुष्मान भारत योजना में नहीं है। ऐसे में उसे अब यहां से सेक्टर-12 भेजा जा रहा है। आयुष, चंदन और चांदनी के कार्ड तो बन जाएंगे। लेकिन अपने और पत्नी के कार्ड के लिए उन्हें धक्के खाने को मजबूर होना पड़ेगा।



कृष्ण कुमार।



प्रेम कपूर।

**40 हजार इनकम :** एनएच-एक में रहने वाले प्रेम कपूर ने बताया कि उनके परिवार में छह सदस्य हैं। परिवार पहचान पत्र में उनकी आय 40 हजार रुपये है, लेकिन उनका नाम भी आयुष्मान भारत योजना में नहीं है, ऐसे में उन्हें परिवार पहचान पत्र में लिखी आय की वैरीफिकेशन कराने के लिए कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह कहां-कहां धक्के खाएंगे।

# खुलासा : 75 प्रतिशत लोगों को नहीं मिल रहा रोजगार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**देश** में प्रत्येक वर्ष 15 मिलियन युवा वर्कफोर्स के रूप में शामिल होते हैं जबकि उनमें से 75 प्रतिशत को रोजगार नहीं मिलता। सीआईएमई में 2019 में जो आंकड़े प्रस्तुत किये हैं उनके अनुसार 34 प्रतिशत युवा जिनकी आयु 20 से 24 वर्ष के बीच है बेरोजगार हैं जबकि आठ मीलियन युवा जॉब सीकर के रूप में प्रत्येक वर्ष बाजार में आते हैं।

देश में स्किल ट्रेनिंग लिये हुये वर्कफोर्स की संख्या 2.3 प्रतिशत ही हैं। ऐसे में डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने सरकार व उद्योगों को एकजुट कर युवाओं का एक सुदृढ़ सैल बनाने का निर्णय लिया है। डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान जेपी मल्होत्रा के अनुसार उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता जबकि स्किलिंग सेक्टर के प्रभावी योगदान से युवाओं के लिये रोजगार को सुनिश्चित किया जा सकता है। मल्होत्रा के अनुसार आवश्यकता इस बात की है कि शैक्षणिक ढांचे को रोजगारोन्मुखी बनाया जाये। आपने कहा कि रोजगार के लिये जॉब प्रोवाइडर्स की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। आपने इसके लिये स्किल डेवलपमैंट की प्रभावी नीति तैयार की जाने की आवश्यकता पर बल दिया है। डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने मांग की है कि इस संबंध में कॉलेजों में उत्पादन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी जानी चाहिए। यही नहीं ऐसी वर्कशाप आयोजित की जानी चाहिए जिनसे युवाओं को रोजगार के प्रति जागरूक किया जा सके और उन्हें जॉब प्रोवाइडर के रूप में विकसित किया जा सके। मल्होत्रा व डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के एडवाईजर एमपी रूंगटा के अनुसार उद्योगों व शैक्षणिक संस्थानों को वित्तीय सहायता प्रदान की जानी आवश्यक है।

# ग्राम सरकार को विकास में सहयोग सरकार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**विधायक** राजेश नागर ने कहा कि नवनिर्वाचित ग्राम सरकार को विकास के लिए राज्य की मनोहर सरकार पहले की तरह भरपूर सहयोग करेगी। उन्होंने निर्वाचित होने के बाद मिलने पहुंचे जिला पार्षदों, ग्राम सरपंचों, ब्लॉक सदस्यों एवं पंचों को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। तिगांव क्षेत्र के अनेक जिला पार्षद, ग्राम सरपंच, ब्लॉक सदस्य और ग्राम पंच विधायक राजेश नागर से मिलने उनके निवास पर पहुंचे।

नागर ने कहा कि हमारी सरकार ने ग्राम सरकार में भी पढ़े लिखे लोगों को चुनाव में उतारने की व्यवस्था की थी। जिसके बाद हमारे सभी निर्वाचित प्रतिनिधि पढ़े-लिखे आए हैं और युवा हैं। हमने सभी को बधाई दी है और मिलकर एक टीम की तरह काम करने की बात कही है। हम सभी इस बात पर सहमत हैं कि हमने क्षेत्र का मिलकर विकास कराना है। हमारी एकजुटता से क्षेत्र के लोगों को बेहतर और बेहतर विकास का स्वाद मिल सकेगा। एक सवाल के जवाब में विधायक राजेश नागर ने कहा कि अदालती मामलों के कारण चुनाव होने में देरी हुई। लेकिन रास्ता साफ होते ही मनोहर सरकार ने चुनावों की तैयारी की और चुनाव विभाग ने चुनाव कराए हैं। पूरी तरह से निष्पक्ष और निर्भीकता के चुनावी माहौल में सभी साथी जीतकर आए हैं। नागर ने कहा कि चुनाव खिंचने के कारण रुक गए विकास कार्यों के साथ साथ नए नए विकास कार्य भी करवाए जाएंगे। हम अपने क्षेत्र को एक पूर्ण विकसित क्षेत्र बनवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



नवनिर्वाचित जिला पार्षदों, ग्राम सरपंचों ब्लाक सदस्यों और पंचों का स्वागत कर मुलाकात करते तिगांव के विधायक राजेश नागर।

विधायक राजेश नागर ने सभी को मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सरपंचों में विक्रम प्रताप सरपंच तिगांव, राजवीर महावतपुर, मनोहर जसाना, सुरेश त्यागी घुड़ासन बेला, राजकुमार भाटी शाहजहांपुर, अजब सिंह लहंडौला, धर्मसिंह रायपुर कलां, अजय शर्मा सदपुरा, कमल सिंह फज्जूपुर खादर, सूरजपाल भूरा चांदपुर, संजय ददसिया, केहर सिंह किडावली, सतीश इमामुद्दीनपुर, सुरेंद्र फतूपुरा, संदीप चौधरी बुखारपुर, मनोज नागर भैंसरावली, अजीत सिंह सिडौला, रूप सिंह नागर आदि मौजूद रहे।

# सीएम विंडो और सरल पोर्टल की करें रोज समीक्षा : डीसी

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं डेलीबेसिज सीएम विंडो, सरल पोर्टल, सोशल मिडिया और सीपी ग्राम पर आई शिकायतों की समीक्षा कर रहे हैं। डीसी विक्रम ने कहा कि सभी विभागों के उनके विभाग से सम्बंधित अधिकारी सीएम विंडो, सरल पोर्टल और सीपी ग्राम व सोशल मीडिया सहित अन्य ऑनलाइन आई शिकायतों के निवारण को गंभीरता के साथ निर्धारित समय पर निपटारा करना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त विक्रम सिंह मंगलवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन आई शिकायतों के निपटान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश देते हुए सीएम विन्डो, सरल पोर्टल, सीपी ग्राम और एस एमजीटी के पेंडेंसी को तुरंत ऑनलाइन क्लियर करने के लिए भी कहा।

# मीडिया विभाग के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक दौरा

## संस्कृति, विरासत और व्यवहारिक ज्ञान के साथ भोपाल दौरे से लौटे विद्यार्थी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एमए (जर्नलिज्म व मॉस कम्युनिकेशन) और एमएससी (एनिमेशन व मल्टीमीडिया) के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए भोपाल का अकादमिक दौरा आयोजित किया।

विद्यार्थियों के साथ विभाग के शिक्षक रामरसपाल सिंह और राशिका रहे। अकादमिक दौरे का आयोजन विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह के मार्गदर्शन में किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को मीडिया की कार्य प्रणाली को लेकर ज्ञानवर्धन तथा व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। विद्यार्थियों ने माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय का दौरा किया, जहां विश्वविद्यालय के न्यू मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग की अध्यक्ष प्रो. पी. शशिकला द्वारा विद्यार्थियों के लिए फैक्ट-चेकिंग पर मास्टर क्लास संचालित की गई तथा उन्हें फैक्ट-चेकिंग पर व्यावहारिक ज्ञान मिला। इस व्याख्यान के बाद उन्होंने जेफरी इमेज सर्च, यूट्यूब डेटा व्यूअर और गूगल रिवर्स इमेज सर्च जैसे सॉफ्टवेयर पर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केजी सुरेश तथा सभी शैक्षणिक विभागों के अध्यक्षों से मिलने और बातचीत करने का अवसर भी मिला।



भोपाल में शैक्षणिक दौरे से लोटे जेसी बोस विश्व विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं।

विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय में न्यू मीडिया से संबंधित नवीनतम तकनीकों के बारे में जानकारी मिली। छात्रों ने दैनिक भास्कर के भोपाल कार्यालय का भी दौरा किया और न्यूज रूम के माहौल को जाना। विद्यार्थियों को समाचार पत्र के पाठक संख्या और प्रसार और साथ ही समाचार पत्र उद्योग में नए चलन के बारे में भी जानकारी मिली।

## ग्राम स्तरीय बागवानी जागरुकता कैम्प का आयोजन

**फरीदाबाद।** जिला उद्यान अधिकारी डॉ. रमेश कुमार की अध्यक्षता में गांव नचौली में मेरी फसल मेरा ब्योरा, मेरा पानी मेरी विरासत, मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना, भावान्तर भरपाई योजना व विभागीय योजनाओं के बारे में किसानों को अवगत कराने व जागरुक करने के लिए एक बागवानी जागरुकता कैंप का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त कैंप में बागवानी अधिकारियों द्वारा किसानों को विभागीय योजनाओं से रूबरू कराया। बागवानी विभाग द्वारा किसानों को योजनाओं के पम्पलेट्स भी वितरित किए गए ताकि किसान ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ ले सकें।

जिला उद्यान अधिकारी डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि जागरुकता कैम्प में किसानों से आह्वान किया गया कि किसान विभागीय योजनाओं को ज्यादा-से-ज्यादा अपनाए जिससे किसान बागवानी फसलें लेकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि विभागीय योजनओं जैसे मेरा पानी मेरी विरासत को अपनाकर धान की फसल को छोड़ कर बागवानी की फसलें अपनाये जिससे पानी की बचत हो सके।

# बदमाशों ने चाकू की नोक पर बुजुर्ग से लूटे 5.50 लाख रुपये

## गाजियाबाद निवासी बेटी से रुपये लेकर घर लौट रहा था बुजुर्ग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मिर्जापुर** गांव के निकट मरमरी अपार्टमेंट में रहने वाले एक बुजुर्ग से आइएमटी के पास स्कूटी और कार सवार पांच बदमाशों ने चाकू की नोंक पर साढ़े पांच लाख रुपये लूट लिये और मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मरमरी अपार्टमेंट निवासी 70 वर्षीय रमेश चंद ने शर्मा ने बताया कि वह शहर में सेल पर्चेज का बिजनेस भी करते हैं। एक फ्लैट की पेमेंट करने के लिए वह अपनी बेटी और दामाद के पास गाजियाबाद पहुंच गए। सोमवार को उन्होंने दामाद से 5 लाख 50 हजार रुपये लिए और उन्हें बैग में लेकर घर के लिए आने लगे। बदरपुर बॉर्डर से सिटी बस में सवार हो गए। सेक्टर-3 के मोड़ पर उतरकर और पैदल पैदल तिगांव पुल की ओर चल दिए। तभी एक स्कूटी सवार ने परिचित की तरह नमस्ते करते हुए कहा कि वह चक्की वाले का बेटा है, आओ में छोड़ देता हूं। उसकी बातों में आकर रमेश चंद शर्मा स्कूटी पर बैठ गए। आइएमटी के पास उसने स्कूटी को रोक लिया और टॉयलेट करने लगा। इसी दौरान उसने किसी को फोन किया। तब उसने कहा कि उसकी बहन का फोन आ गया है, इसलिए वह अभी घर नहीं जा रहा। इसी दौरान वहां पर एक कार आकर रूकी। कार में चार युवक बैठे थे। स्कूटी सवार ने उन्हें रोककर रमेश चंद को उसमें बैठा दिया। आरोप है कि कार में बैठने पर उन युवकों ने रमेश चंद शर्मा को चाकू दिखाते हुए उनसे रुपयों से भरा बैग और सोने की चेन को छीन ली। जिसके बाद उन्हें कार से उतारकर फरार हो गए। इस घटना से सहमे बुजुर्ग अपने घर पहुंचकर सदमे में पड़े रहे। रात को परिवार वालों के पूछने पर उन्होंने घटना के बारे में बताया। जिसके बाद परिवार वाले उन्हें मंगलवार को थाने में लेकर गए और शिकायत दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# संक्षिप्त समाचार



अरविंद कुमार विश्वकर्मा को नियुक्त पत्र सौंपते भारतीय प्रवासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय तिवारी। इसके अलावा राजेश इंद्रदेव ठाकुर को पश्चिम महाराष्ट्र के अध्यक्ष और नरेन्द्र राजेन्द्र सिंह राजपूत को पश्चिमी महाराष्ट्र का उपाध्यक्ष पद के नियुक्ति पत्र सौंपे। इससे प्रवासियों के सगठन की एकता को बल मिलेगा दिल्ली एनसीआर के साथ भारत देश के अन्य राज्य में रह रहे प्रवासियों एवं सुरक्षा और सम्मान मिलेगा।

## शतरंज प्रतियोगिता में अरनब जैन ने जीता सिल्वर मेडल



**फरीदाबाद।** सीबीएसई नार्थ जोन की करनाल में तीन दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता अंडर-14 में फरीदाबाद एमवीएन सेक्टर-17 के कक्षा आठवीं के अरनब जैन ने सिल्वर मेडल हासिल कर समाज व फरीदाबाद का नाम रोशन किया है। अरनब के साथ इस टीम में ध्रुव शर्मा, जतिन अग्रवाल व गौरंग जिंदल शामिल थे। अब यह टीम सीबीएसई नेशनल में भाग लेगी। प्रतियोगिता 26 से 28 नवंबर तक हुई थी। अरनब जैन की इस शानदार जीत पर श्रीआत्मानन्द जैन सभा के प्रधान राजकुमार जैन, महासचिव सुशील कुमार जैन, उपाध्यक्ष राहुल जैन, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, एलसी मेहता, सुधीर रांका, सुमित जैन, वीनित जैन, सीएस पीसी जैन, पदमा जैन सहित जीतो फरीदाबाद के अध्यक्ष प्रवीण रांका सहित समाज के अनेक लोगों ने बधाई दी है। जीतो फरीदाबाद के अध्यक्ष प्रवीण रांका ने कहा कि जीतो हमेशा ही समाज के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करती हैं और करती रहेगी। उन्होंने अरनब की जीत पर उसके दादा राजेंद्र जैन, छोटे दादा प्रमोद जैन, ताऊ विवेक जैन, पिता विकास जैन सहित समस्त परिवार को बधाई दी है। अरनब के पिता विवेक जैन ने बताया कि एमबीएन-17 की यह टीम अब नेशनल में अब अपनी काबलियत दिखाएगी। उन्होंने अरनब व उसकी टीम की जीत के लिए स्कूल प्रबंधन को बधाई दी है।

## मोस्टवांटेड इनामी बदमाश गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा शहर में अपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने एक 5000 रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम सचिन है आरोपी उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के कोसी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से उत्तर प्रदेश के कोसी से गिरफ्तार किया है। आरोपी के साथी रोहित को क्राइम ब्रांच टीम ने 52.130 किलोग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ थाना धौज में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी रोहित आरोपी सचिन से गांजा खरीद कर लाता था। आरोपी को काबू करने के लिए पुलिस ने कई बार रेड की है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया।

## इनकम वैरिफिकेशन कार्य को समय पर पूरा करें : एडीसी

**फरीदाबाद।** एडीसी अपराजिता ने मंगलवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में परिवार पहचान पत्र इनकम वेरिफाई विषय पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने कहाकि जिला में परिवार पहचान पत्र में दर्ज पारिवारिक इनकम वैरिफिकेशन का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में गठित टीमों के साथ सोशल वर्कर भी लगे हुए हैं। इनकम वैरिफिकेशन का कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है, इसलिए टीम के लीडर व सोशल वर्कर आपसी तालमेल के साथ इस कार्य को करें। इस कार्य से सम्बंधित जिला की टीचरों को इनकम वेरीफाई के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। अगर किसी स्तर पर कोई समस्या है तो तुरंत उनके संज्ञान में लाएं ताकि समस्या का समाधान जल्द किया जा सके। एडीसी अपराजिता ने कहा कि परिवार पहचान पत्र अंतर्गत जिला निवासियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। अब केवल परिवार पहचान पत्र नंबर लोगों को याद करने की आवश्यकता होगी, क्योंकि लोगों को सभी प्रकार की जानकारी डिजिटल तरीके से मिल जाएगी। परिवार पहचान पत्र में इनकम वेरिफिकेशन का कार्य सभी अधिकारी शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। इस कार्य में सक्षम युवाओं का सहयोग भी लिया जा रहा है, ताकि कार्य तेजी से पूरा हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस कार्य में कोई भी लापरवाही नहीं बरतें।

## वाहन चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अमित है। आरोपी नगला इक्लेव सारन का रहने वाला है। आरोपी प्राइवेट कम्पनी में काम करते हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से नगला इक्लेव से थाना सारन के चोरी के मुकदमे में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने सारन के एरिया चाचा चौक से एक मोटरसाइकिल को अपने घूमने के लिए चोरी किया था। आरोपी के घर से मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया गया है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

## संगोष्ठी का किया आयोजन



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में महिला प्रकोष्ठ द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के उपलक्ष में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता की सद्प्रेरणा से महाविद्यालय में अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्ववित्तीय संस्थान के प्रभारी डॉ. संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में यह व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के साथ-साथ स्वयं की सुरक्षा कैसे की जाए? इस विषय में जागरूक करना था। अतिथि व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में इंस्पेक्टर सविता एवं एडवोकेट संगीता रावत उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आरंभ मधु सिंगला द्वारा किया गया। तत्पश्चात महिला प्रकोष्ठ की संचालक एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू माहेश्वरी ने पुष्प गुच्छ द्वारा अतिथियों का सम्मान करते हुए उन्हें व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया। एडवोकेट संगीता रावत ने सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं के साथ छेड़खानी एवं अन्य प्रकार की हिंसा पर लागू धाराओं के प्रावधान के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। इंस्पेक्टर सविता ने आभासी माध्यम द्वारा छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा के लिए एवं सरकार द्वारा बनाए गए नियमों, कानूनों व विषम परिस्थितियों में सहायता के लिए पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 और 1015 के बारे में बताया। इस व्याख्यान में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की 82 छात्राओं ने भाग लिया और प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ. रेनू माहेश्वरी एवं हिंदी सहायक प्रवक्ता श्रीमती मधु सिंगला के प्रयासों से यह व्याख्यान सफल और सार्थक सिद्ध हुआ।

# चीन का घटनाक्रम

## जनता का विद्रोह


**चीन** के घटनाक्रम से स्पष्ट है कि अत्याचारी तानाशाहियों में भी जनता उतनी निरीह नहीं होती है जितनी उसके शासक समझते हैं। कुछ सप्ताह पहले अगले पांच साल के लिए चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव चुने जाने पर शी जिनपिंग सामंती चीन द्वारा इस मध्यवर्ती कहे जाने वाले देश में सर्वोच्च स्तर पर पहुंच कर जैसे सातवें आसमान में उड़ रहे थे। वे चीन के राष्ट्रपति तथा देश के केन्द्रीय सैनिक आयोग के प्रमुख भी हैं। संक्षेप में, देश की सारी शक्तियां उनके हाथों में केन्द्रित हैं। दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था व शक्तिशाली सेना के समर्थन तथा विरोधियों को क्रूरता से कुचलने के बाद वे अपने देश में सीज़र की तरह हैं तथा देश पर पूरा नियंत्रण प्राप्त करने के बाद अब दुनिया पर कब्जे की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने इस माह के प्रारंभ में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए को युद्ध की तैयारी में 'अपनी सारी ऊर्जा युद्ध लड़ने पर केन्द्रित करने' को कहा था। उन्होंने कहा था कि पीएलए को 'युद्ध की तैयारी के लिए समग्र रूप से सैनिक प्रशिक्षण मजबूत करना' चाहिए। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीसीपी की जिस कांग्रेस में उनको पुनः महासचिव चुना गया, उसमें भी उन्होंने क्षितिज पर उभरते 'खतरनाक तूफानों' के बारे में सतर्क किया था। वे अपने रूसी समकक्ष व्लादीमिर पुतिन से 'दुनिया के सबसे खतरनाक व्यक्ति' बनने की स्पर्धा में लगे थे। लेकिन आज शी जिनपिंग अपने ही नागरिकों को नियंत्रित करने में विफल हो रहे हैं जिनको कम्युनिस्ट शब्दावली में 'जनता' कहा जाता है। देश के लोगों को शी जिनपिंग व उनके सीसीपी के मुहरे बहुत मामूली समझते थे। वे समझते थे कि उनको विस्थापन, निगरानी, गिरफ्तारी, अत्याचार व मृत्यु दंड का शिकार बनाया जा सकता है। लेकिन आज लोगों ने उस अत्याचार के खिलाफ विद्रोह कर दिया है जिसका सामना वे खासकर कोविड-19 महामारी फूटने के बाद से कर रहे थे।



एक खबरिया रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को चीन के बड़े शहरों में सैकड़ों लोगों ने मूर्खतापूर्ण व कष्टदायक शून्य-कोविड नीति के खिलाफ प्रदर्शन किए जो 'राज्य के खिलाफ जनता के गुस्से की विरल अभिव्यक्ति' थी। शंघाई में एकत्र भीड़ ने 'चीनी कम्युनिस्ट पार्टी मुर्दाबाद' व 'शी जिनपिंग मुर्दाबाद' के नारे लगाए। शून्य-कोविड नीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन न केवल दूसरे शहरों में फैल गए, बल्कि उन्होंने अमानवीय तानाशाही के खिलाफ आम प्रतिरोध का रूप भी धारण कर लिया। लोग दशकों से इस तानाशाही का सामना कर रहे हैं जो कोरोना महामारी के बाद और क्रूर हो गई है। शून्य-कोविड नीति पूर्णतः मूर्खतापूर्ण है। यह उसी प्रकार है जैसे कहा जाए कि जब तक इन्फ्लूएंजा का कोई मामला रहेगा दिल्ली में लाकडाउन रहेगा क्योंकि कोविड अब इन्फ्लूएंजा की तरह ही केवल एक बीमारी रह गया है। इससे लोग संक्रमित हो सकते और मर भी सकते हैं, लेकिन अब यह वैश्विक महामारी नहीं है। लेकिन यह तानाशाह की अनेक समस्याओं में से केवल एक है। तानाशाह व उसके कर्मचारी समझते हैं कि वे सब कुछ जानते हैं कि क्या हो रहा है तथा क्या होना चाहिए। वास्तव में व्यक्तिगत स्वतंत्रता की विरोधी विचारधारा वाले देशों में 'चाहिए' पर ज्यादा जोर दिया जाता है, फिर चाहे वह चीन हो या ईरान। चीन में कम्युनिस्ट नौकरशाह तय करते हैं कि जनता को सभी स्थितियों में क्या करना चाहिए। इसमें बीमारी फैलने का मामला भी शामिल है जब वे अपनी पसंद व सनक पूरी क्रूरता से लागू करते हैं। ईरान में विशिष्ट वर्ग के धर्मगुरु तय करते हैं कि महिलाओं को क्या पहनना या नहीं पहनना चाहिए और इसके बाद वे अपने आदेशों को कठोरता से लागू करते हैं। लेकिन अत्याचारी यह नहीं समझते हैं कि आज के युग और समय में जब सूचना का मुक्त प्रवाह हो रहा है, लोग पहले की तरह व तानाशाहों की सोच की तरह दब्बू व निरीह नहीं हैं।

# समाज सुधारक महात्मा फुले

महात्मा फुले की 132वीं पुण्यतिथि पर हम इस अतुलनीय समाज सुधारक को याद कर रहे हैं जिन्होंने जाति-विहीन समाज तथा किसान अधिकारों हेतु संघर्ष किया।



**बंडारू दत्तात्रेय**
(लेखक हरियाणा के राज्यपाल हैं)



महात्मा ज्योतिबा गोविंदराव फुले शिक्षा व सामाजिक सुधारों के माध्यम से वंचित वर्गों के लिए किए महान कार्यों के कारण हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। वह समय बहुत कठिन था जब उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों व खासकर महिलाओं के सशक्तीकरण का बीड़ा उठाया। अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले की सहायता से उन्होंने उनमें शिक्षा प्रसार का प्रयास किया। सभी विपरीत परिस्थितियों, चुनौतियों व कठिनाइयों का सामना करते हुए वे मजबूती से उस घोर अन्याय के समक्ष खड़े हुए जिसका सामना अश्पृश्यता के कलंक का मुकाबला करने वाले एससी, एसटी व ओबीसी एवं अन्य हाशियाकृत वर्गों को करना पड़ता था। मानव इतिहास में उनके विराट व्यक्तित्व की तुलना कुछ ही लोगों से की जा सकती है। महात्मा फुले ने शिक्षा व सामाजिक सुधार का प्रयोग औजारों की तरह कर सामाजिक न्याय, समानता व महिला सशक्तीकरण की ज्योति जलाई तथा जाति के आधार पर निर्मम अत्याचारों का सामना कर रहे असंख्य वंचित लोगों के लिए प्रकाश पुंज की तरह उभरे। निस्वार्थ तरीके से वंचितों की सेवा व उनको ऊपर उठाने की उनकी प्रतिबद्धता इतनी प्रेरणादायक व आकर्षक थी कि लोगों ने उनको 'महात्मा' कह कर उनकी प्रशंसा की।

वंचितों पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ महात्मा फुले की प्रतिबद्धता मुझे अत्यधिक प्रभावित करती है। उन्नीसवीं शताब्दी हमारे इतिहास का कठिन समय था, हालांकि उस समय समाज में बहुत मंथन चल रहा था। 11 अप्रैल, 1827 को महाराष्ट्र के सतार में 'माली' जाति के एक सामान्य परिवार में जन्म लेने के बाद उन्होंने जाति-आधारित भेदभाव के खिलाफ अभियान छेड़ा। उनके पिता गोविंदराव पूना में सब्जी बेचते थे। थामस पेन की पुस्तक 'द राइट्स आफ मैन' से प्रभावित महात्मा फुले का विश्वास था कि सभी प्रकार की सामाजिक बुराइयों का मुकाबला ही महिलाओं तथा नीची जातियों के उत्थान का मार्ग था। वे समाज में जाति-आधारित भेदभाव के कट्टर विरोधी तथा किसानों व अन्य नीची जाति के लोगों के अधिकारों हेतु संघर्ष करने वाले थे। उन्होंने सबसे पहले अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले को शिक्षित किया। सबसे पहले उन्होंने पूना में तत्यासाहब भिड़े के आवास में लड़कियों के लिए पहला स्कूल 1848 में शुरू किया। सावित्रीबाई फुले को हमारे देश की पहली महिला शिक्षक माना जाता है। यह एससी, एसटी व ओबीसी लोगों के जीवन में नया सवेरा था जब उनके बच्चों व खासकर लड़कियों की शिक्षा तक पहुंच नहीं थी। महात्मा फुले के अनेक जीवन प्रसंग आज भी न्यू इंडिया-दृढ़, समावेशी व आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए प्रासांगिक हैं। 'न्यू इंडिया' का विचार महिलाओं समेत सबके सशक्तीकरण पर केन्द्रित है। महात्मा फुले ने सामाजिक समानता, महिला सशक्तीकरण तथा एससी, एसटी व ओबीसी हेतु शिक्षा प्रसार के लिए अथक प्रयास किए। उनका दृष्टिकोण संयुक्त राष्ट्रसंघ के टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी को भी समाहित करता है। एसडीजी का उद्देश्य गरीबी व भूख का उन्मूलन, अच्छा स्वास्थ्य व बेहतरी सुनिश्चित करना तथा अन्य चीजों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व जेंडर समानता सुनिश्चित करना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत आज 'सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास' के रास्ते पर चल रहा है जिसकी कल्पना महात्मा फुले व उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले ने की थी। आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन का क्रियान्वयन टिकाऊ आधार पर शहरी गरीब परिवारों में गरीबी व वंचना घटाने के लिए कर रहा है। 2014-15 से 30 जून, 2022 तक 12.02 लाख शहरी गरीबों को कौशल प्रशिक्षण दिया गया है ताकि उनकी रोजगार क्षमता बढ़े। इनमें से 6.42 लाख से अधिक कुशल प्रशिक्षितों को स्व-रोजगार या नौकरियां मिली हैं। इसी प्रकार दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशनों के माध्यम से सक्रिय रूप से ग्रामीण गरीब महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों-एसएचजी में संगठित कर भयानक गरीबी से बाहर निकलने में सहायता की गई है। 30 जून, 2022 तक लगभग 8.39 करोड़ ग्रामीण गरीब महिलाओं को 76.94 लाख एसएचजी के माध्यम से संगठित कर उनको 30,160 करोड़ रुपये कर्ज दिया गया है।

'स्टैंडअप इंडिया' योजना के अंतर्गत एससी, एसटी व महिला उद्यमियों के 133,995 खाते खोले गए। उद्यमिता से सुनिश्चित होगा कि गरीब अमीर बन जाएंगे। किसी भी स्थिति में हम गरीबों को और गरीब नहीं होने देंगे। इसी कारण केन्द्र तथा राज्यों की सरकारें पूरी ताकत से काम कर रही हैं कि कोई पीछे न छूट जाए। लेकिन हमें यह ध्यान देने की जरूरत है कि न्यू इंडिया के लिए कल्याण कार्यक्रमों का पूर्ण व सकारात्मक क्रियान्वयन हमारे दिल में हो। एससी, ओबीसी, ईबीसी व एसटी के आरक्षण के प्राविधान को पूरी तरह देश भर में लागू होना चाहिए। इसी प्रकार बीच में ही स्कूल छोड़ने वालों पर पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए क्योंकि उनमें से बहुसंख्य समाज के कमजोर वर्ग से होते हैं। यूनीफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फार्मेशन सिस्टम फार एजुकेशन प्लस के अनुसार, प्राथमिक छात्रों में ड्रापआउट 2020-21 में 0.8 प्रतिशत से बढ़ कर 2021-22 में 1.45 प्रतिशत हो गई। सेकेंड्री स्तर पर ड्रापआउट 14.6 प्रतिशत था। हालांकि, 2019-20 में 16.1 प्रतिशत की तुलना में स्थिति सुधरी है, पर लाखों छात्र आज भी शिक्षा व्यवस्था के बाहर हैं। इसके परिणामस्वरूप उच्च शिक्षा में हमारा सकल दाखिला अनुपात 30 प्रतिशत से भी कम है। गरीब बच्चों में कुपोषण की प्रवृत्ति को देखते हुए उनको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही पोषक भोजन देने की जरूरत है।

उनके लिए माडल स्कूल बनाना अच्छा रहेगा। सरकारें हम में से गरीबों के सशक्तीकरण का प्रशंसनीय काम कर रही हैं, पर अन्य पक्षों को भी सामने आ कर गरीबों के कल्याण की सकारात्मक नीतियों के लिए आंख और कान का काम करना चाहिए। ऐसा होने पर ही सामाजिक समानता व न्याय का सपना पूरा होगा। महात्मा फुले तथा उनका 'सत्यशोधक समाज' वंचित जातियों व समुदायों के लिए समान अधिकारों की पैरोकारी करता था। इसकी अभिव्यक्ति समानता, न्याय, बंधुत्व व मुक्ति के रूप में होती है जो हमारे लोकतंत्र के मुख्य आधार हैं। वास्तव में यह खुशी की बात है कि कई राज्यों ने प्राइमरी व सेकेंड्री स्तर पर ड्रापआउट पर लगाम लगाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उदाहरणार्थ, हरियाणा सरकार ने स्कूल से बाहर छूटे छात्रों को मुख्यधारा में लाने की प्रक्रिया शुरू की है। हमें एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाते हुए एससी, एसटी व ओबीसी छात्रों को विशेष कौशलों से लैस करना चाहिए ताकि उनकी आमदनी भी बढ़ सके। अमीरों के और अमीर बनने की तुलना में गरीबों को अमीर बनाना ज्यादा महत्वपूर्ण है। वंचितों में महिलाओं तथा अति पिछड़े समुदायों-ईबीसी के समग्र सशक्तीकरण पर ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए।

शिक्षा के बावजूद उनके खिलाफ अत्याचार एक गंभीर मुद्दा है। नए प्रकार की सामाजिक असमानतायें उभर रही हैं। महिलाओं को संसद व राज्य विधानसभाओं में अपना उचित हिस्सा भी मिलना चाहिए। महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपने विचारों को बहुत शानदार तरीके से अपने लेखन से प्रस्तुत किया है जिनमें 'गुलामगीरी' व 'शेतकार्याचा आसूद'-किसानों की समस्यायें प्रमुख हैं। 28 नवंबर, 1890 को उनका निधन हो गया, पर उनके आदर्श तथा जीवन के प्रति उनका दृष्टिकोण हमारे लिए हमेशा प्रासांगिक बने रहेंगे। वास्तव में वह समय सर्वाधिक कठिन था जब हम एक राष्ट्र के रूप में बचे रहे। हालांकि, हमें जाति-आधारित पृथक्करण व भेदभाव का भारी खामियाजा भुगतना पड़ा। महात्मा ज्योतिबा फुले के अग्रणी प्रयासों ने एक समावेशी, सहिष्णु व उदार भारत की नीव डाली जिसमें हम आज रह रहे हैं। उनके प्रति सच्ची श्रृद्धांजलि यही होगी कि हम 'आजादी का अमृत महोत्सव' आयोजन का प्रयोग एक समावेशी व जीवन्त भारत बनाने के लिए करें जिसका सपना महात्मा ज्योतिबा फुले ने देखा था।

# स्वास्थ्य रक्षा में सहायक रोबोटिक्स

> रोबोटिक्स पहले से ही स्वास्थ्य सेवाओं में एक आदर्श बदलाव ला रहा है। आने वाले वर्षों में रोबोट तकनीक का प्रयोग और अधिक होने की उम्मीद है।

**विनीत अग्रवाल**
(लेखक एक स्वाथ्यरक्षा समूह के सीईओ हैं)



कुछ साल पहले तक, इस विचार की थाह लेना असंभव था कि स्वास्थ्य सेवा संगठनों के प्रबंधन के तरीके में रोबोट का इस्तेमाल सहायक हाथों के रूप में किया जा सकता है। कुछ दशकों में तेजी से आगे बढ़े और प्रौद्योगिकी में प्रगति ने रोबोटिक्स को इस हद तक विकसित किया है कि स्वास्थ्य देखभाल संगठन अब रोगी की देखभाल, अपशिष्ट में कमी और लागत बचत और संगठनों के भीतर दक्षता के लिए इस पर विचार कर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और रोबोटिक्स जैसी उन्नत डिजिटल तकनीकों द्वारा संचालित स्वचालन नीरस और दोहराव वाले कार्यों को स्वचालित करके स्वास्थ्य पेशेवरों की दक्षता बढ़ाने में प्रभावी भूमिका निभा सकता है, लेकिन विस्तार पर लगातार ध्यान देने की आवश्यकता होती है।

इसके अतिरिक्त, रोबोटिक्स नर्सों, डॉक्टरों और संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवरों सहित स्वास्थ्य कर्मियों की कमी से निपटने के लिए स्वास्थ्य सेवा संगठनों की सहायता भी कर सकता है। स्वास्थ्य देखभाल में रोबोटिक्स का उपयोग सरल प्रयोगशाला कार्यों से लेकर जटिल सर्जरी तक होता है जो स्वयं ऑपरेशन कर सकते हैं या मानव सर्जन की सहायता कर सकते हैं। उनका उपयोग पुनर्वास और भौतिक चिकित्सा के लिए और दीर्घकालिक स्थितियों वाले रोगियों का समर्थन करने के लिए भी किया जा रहा है। वैश्विक चिकित्सा रोबोटिक्स बाजार के 2023 तक 20 बिलियन तक पहुंचने की उम्मीद के साथ, यहां स्वास्थ्य सेवा में रोबोटिक्स के आशाजनक अनुप्रयोगों पर एक नजर है।

गति नियंत्रण प्रौद्योगिकियों की प्रगति ने सर्जिकल-सहायता रोबोटों को और अधिक सटीक बनने में सक्षम बनाया है। ऐसे रोबोट सर्जनों और डॉक्टरों को कंप्यूटर दृष्टि से सक्षम और एआई-सक्षम तकनीकों के साथ जटिल सर्जिकल प्रक्रियाओं को करते हुए उच्च स्तर



की सटीकता और गति प्राप्त करने में सहायता कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, घुटने और कूल्हे के प्रतिस्थापन जैसी सामान्य आर्थोपेडिक सर्जरी करने के लिए रोबोट को भी पूर्व-क्रमादेशित किया जा रहा है। हेल्थकेयर संगठन एएमआर को तेजी से लागू कर रहे हैं ताकि टेलीप्रेजेंस, चिकित्सा आपूर्ति और दवा की डिलीवरी, कीटाणुशोधन जैसी महत्वपूर्ण आवश्यकताओं के साथ-साथ रोगियों के साथ अधिक समय बिताने के लिए पेशेवरों को मुक्त किया जा सके। जब मैपिंग क्षमताओं, विजुअल कंप्यूटिंग या (लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग) सिस्टम से लैस होते हैं, तो वे अस्पताल या परीक्षा कक्षों को स्वयं नेविगेट कर सकते हैं, जिससे डॉक्टर सुरक्षित दूरी से बातचीत कर सकते हैं। जब एक दूरस्थ विशेषज्ञ द्वारा नियंत्रित किया जाता है, तो एएमआरएस चिकित्सकों के साथ भी जा सकता है क्योंकि वे अस्पताल में चक्कर लगाते हैं, जिससे एक विशेषज्ञ को रोगी की देखभाल और निदान के संबंध में ऑन-स्क्रीन परामर्श के माध्यम से योगदान करने की अनुमति मिलती है। कुछ रोबोट मरीजों के चेक-इन से पहले स्वास्थ्य सेवा संगठनों की सहायता भी कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, मेक्सिको में विकसित एक स्वायत्त रोबोट चिकित्सा कर्मचारियों को उच्च जोखिम वाले कोविड रोगियों से निपटने में मदद कर रहा है। यह अस्पताल में आने पर हर मरीज का मेडिकल इतिहास, तापमान और रक्त ऑक्सीजन का स्तर लेकर उसका परीक्षण करता है। सामाजिक रोबोटों का लाभ यह है कि वे मनुष्यों के साथ सीधे बातचीत कर सकते हैं। निगरानी और सामाजिक संपर्क प्रदान करने के लिए इन रोबोटों का दीर्घकालिक देखभाल परिदृश्यों में उपयोग किया जा सकता है। वे रोगियों को उनके उपचार के नियमों का पालन करने में मदद कर सकते हैं या संज्ञानात्मक जुड़ाव में योगदान कर सकते हैं, जिससे उन्हें सतर्क और सकारात्मक रहने में मदद मिलती है। सेवा रोबोट नियमित रसद कार्यों को स्वचालित करके स्वास्थ्य पेशेवरों पर बोझ कम करते हैं। अधिकांश सेवा रोबोट स्वायत्त रूप से कार्य कर सकते हैं और कार्य पूरा करने के बाद रिपोर्ट भी भेज सकते हैं। रोबोट रोगी के कमरे स्थापित करने, आपूर्ति पर नज़र रखने, खरीद आदेश दाखिल करने, चिकित्सा आपूर्ति को बहाल करने और बिस्तर के लिनन को कपड़े धोने की सुविधा से परिवहन करने में सक्षम हैं। इसके अलावा, वे कीटाणुशोधन और सफाई में सहायता कर सकते हैं। ये सेवा रोबोट संक्रमण के जोखिम को कम करने और एक समान तरीके से स्थानों को साफ करने में मदद करने के लिए यूवी प्रकाश, वायु निस्पंदन या हाइड्रोजन पेरोक्साइड वाष्प का उपयोग कर सकते हैं।

जबकि रोबोटिक्स पहले से ही स्वास्थ्य सेवाओं में एक आदर्श बदलाव ला रहा है, आने वाले वर्षों में प्रौद्योगिकी में और प्रगति के साथ और अधिक होने की उम्मीद है। इसलिए, स्वास्थ्य सेवा संगठनों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि वे रोबोटिक तकनीकों के दीर्घकालिक लाभों और अपार संभावनाओं को देखें और अपने संगठनों को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के लिए उनमें निवेश करें।

## आप की बात

### हिन्दू शासकों की अनदेखी

**अधिकांश** भारतीय इतिहासकारों ने तमाम विदेशी आक्रांताओं समेत उस कालखंड के मुस्लिम शासकों के बारे में जितनी अधिक चर्चा की है उसकी तुलना में हमारे महान भारतीय राजाओं, सम्राटों को अपेक्षाकृत कम स्थान दिया गया है। मुस्लिम शासकों के दमन के किस्सों को कम दिखाकर उनकी कला संस्कृति और उनके योगदान को अधिक उभारा गया है, यही नहीं यहां हिंदू राजाओं के पराक्रम को भी कम दर्शाया गया है। देश के इतिहासकारों ने दक्षिण भारत के हिंदू राजाओं के शौर्य पराक्रम और सनातन संस्कृति से प्रेम के बारे में अपेक्षाकृत कम लिखा है एवं इतिहास की पुस्तकों में मुगलों के शासन काल, ब्रिटिश औपनिवेशिकता और स्वाधीनता आंदोलन के बारे में विस्तार से लिखा है, लेकिन हमारे महान भारतीय राजाओं या सम्राटों के विषय में मात्र संक्षेप में ही लिखा है। मध्यकालीन इस्लामिक काल जिसमें गजनी, गौरी का भारत आक्रमण, गुलाम वंश, खिलजी, तुगलक, सैयद, लोधी और मुगलों के बारे में काफी कुछ बढ़ा चढ़ा कर लिखा गया है जबकि उसी काल में दक्षिण भारत के राजाओं के पराक्रम बारे में यहां कोई विवरण नहीं है। अतः प्रश्न यह उठता है कि हमारी इतिहास की पुस्तकों के लेखकों ने ऐसा क्यों किया।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### धर्मांतरण रोकना जरूरी

**धर्मांतरण** को लेकर देश में बहस चल पड़ी है। गरीबी का दुष्चक्र, बुनियादी सुविधाओं की कमी और निरंतर शिक्षा का अभाव ऐसे पहलू हैं जिनके चलते व्यक्ति मानसिक पीड़ा झेलता रहता है। ऐसे में अपनी आकांक्षाओं को पूरी करने के लिए व्यक्ति लालच में फंसता है और अपना मत, पंथ और मजहब तक बदल डालता है। इस मामले में सर्वोच्च अदालत के फैसले से सौ फीसद सहमत होना ही पड़ेगा कि लालच या दबंगई से किसी व्यक्ति का धर्म बदलवाना न केवल अपराध है अपितु राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए केवल बल्कि गंभीर मुद्दा भी है। जबरन धर्मांतरण नए नए तौर-तरीकों से समय-समय पर अंजामं दिया जाता रहा है। अमूमन यह खेल देश के कोने कोने में चल रहा है। ओडिशा,झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में पिछले 30 सालों में बड़े पैमाने पर धर्म परिवर्तन हुआ है जिससे इन राज्यों में ईसाइयों की संख्या में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। संस्कृति को नष्ट भ्रष्ट करके देश में हिंदुओं को अल्पसंख्यक बनाने के लिए प्रयास राष्ट्घात से कम नहीं है। अब जरूरत कड़े कानून की है जो धर्म के नाम पर ठेकेदारी करने वालों को सबक सिखा सके।

– **अमृतलाल मारू**, उज्जैन


### क्रिकेट बनाम अन्य खेल

**भारतीय** ओलंपिक संघ की पहली महिला अध्यक्ष पीटी उषा की उम्र 58 साल है। पीटी उषा ने एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीता है। वहीं 1984 के ओलंपिक 400 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में चौथे स्थान पर रही थीं। जो कि एक अच्छी शुरुआत है साथ ही क्रिकेट के अलावा ओलंपिक में खेले जाने वाले खेलों के लिए देश में युवा खिलाड़ियों को बड़ी संख्या में तैयार करना होगा अभी जितना धन और मान सम्मान क्रिकेट में मिलता है उतना किसी अन्य खेल में नहीं जबकि क्रिकेट का ओलंपिक में आयोजन ही नहीं होता है! और चीन जैसा दुनिया का सबसे बड़ा देश भी क्रिकेट खेलों में कभी भाग नहीं लेता, यही कारण है कि उसके खिलाड़ी बड़ी संख्या में ओलंपिक पदक बटोर कर लाते हैं! और हमारे देश में जितना धन और समय क्रिकेट पर खर्च किया जाता है! यदि उतना ही धन अन्य ओलंपिक खेलों की तैयारियों में किया जाए तो भारत भी भविष्य में ओलंपिक में अधिकाधिक पदक प्राप्त कर सकता है! जरूरत है खेलों में सिर्फ खेल से जुड़े हुए पदाधिकारियों को नियुक्त करने की।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**आतंकवाद** अभी समाप्त नहीं हुआ है और कांग्रेस की तुष्टीकरण नीतियां भी नहीं बदली हैं। कांग्रेस आतंकवाद को वोटबैंक की नजर से देखती है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**चीन** क्यूबा से क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय मामलों में सहयोग मजबूत करेगा। दोनों देश अपनी विशिष्टताओं के साथ समाजवाद का निर्माण कर रहे हैं।

– **शी जिनपिंग**
चीन के राष्ट्रपति





**जन** कल्याण योजनाओं के दृष्टिकोण से राजस्थान एक माडल राज्य के रूप में उभर रहा है।

– **अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री

# दिल्ली पहुंचकर मोदी ने राजनीति को दी नई पहचान

## ● सैनिकों और शहीदों का अपमान करने वाली पार्टी है कांग्रेसःयोगी

## पांचवें दिन भी 4 विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों के लिए मांगे वोट



पायनियर समाचार सेवा। महीसागर, आणंद, वडोदरा

**गुजरात** विधानसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार मंगलवार को थम गया। यहां पहली दिसंबर और 5 दिसंबर को चुनाव होने हैं। गुजरात की जनता के बीच फायर ब्रांड नेता व यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मांग सबसे अधिक रही। योगी आदित्यनाथ मंगलवार को यहां पांचवें दिन रण में उतरे। उन्होंने यहां भी 4 विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा। गुजरात, यूपी व देश में भाजपा के सरकारों के कार्यों को गिनाया और कांग्रेस की नाकामियों की हुंकार जनता से भरवाई। सीएम योगी ने आमजन से पूछा कि जब कांग्रेस हर मुद्दे पर नाकाम है तो क्या आप उनके हाथ का साथ चाहेंगे, इस पर जनसभाओं से एक ही आवाज आई.नहीं। वहीं आम आदमी पार्टी पर भी सीएम ने तंज कसा बोले- झाड़ू मारकर सब झाड़ ले जाएगा आप का नमूना, इससे सावधान रहिए तो लोगों ने भी हुंकार भरकर सीएम योगी को कमल खिलाने का आश्वासन दिया। मंगलवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लूणावाड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जिग्नेश भाई सेवक व बालासिनोर से मान सिंह चौहान के पक्ष में उतरे। सीएम ने कहा कि भारत दुनिया की बड़ी ताकत बन रहा है। 2014 के पहले कांग्रेस ने देश में अविश्वास, अराजकता, भ्रष्टाचार फैलाया था। जनमानस को शासन-प्रशासन पर विश्वास नहीं रह गया था, ऐसे में सदैव संकट के साथी रहे गुजरात ने नरेंद्र मोदी को दिल्ली भेजकर राजनीति को नई पहचान दी। 20 वर्ष पहले गुजरात में व्यवसाय व धार्मिक कार्यक्रम नहीं हो पाते थे, नौजवान रोजगार के लिए तरस रहा था पर सीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार बनते ही गुजरात का नया मॉडल बना। कांग्रेस दंगाइयों को प्रश्रय देने वाली पार्टी है। भाजपा 135 करोड़ लोगों को परिवार मानती है जबकि कांग्रेस अपने कुनबे को ही परिवार मानती है। आज नर्मदा का पानी हर घर-गांव तक पहुंचाया गया। गुजरात में फिर सरकार आने पर आयुष्मान भारत की राशि 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख कर फ्री स्वास्थ्य बीमा दिलाया जाएगा। निराश्रित पेंशन में वृद्धि की बात हुई है। डबल इंजन की सरकार आपके हित में कार्य कर रही है। उमेरठ विधानसभा क्षेत्र में सीएम योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशी गोविंद भाई परमार के लिए रैली की। सीएम ने कहा कि गुजरात में जो जिस भाव से कार्य कियाए उतना ही पूज्य हो गया। यह धरा आणंद को कर्मभूमि बनाने वाले सरदार पटेल की है। वे वर्तमान भारत के शिल्पी हैं। 563 रियासतों को भारतीय गणराज्य में मिलाना सामान्य बात नहीं थी। सरदार पटेल की दृढ़ इच्छाशक्ति के सामने जूनागढ़ व हैदराबाद के नवाब को घुटना टेकना पड़ा था। यह तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को आंख दिखा चुके थे। दोनों नवाबों ने कहा कि हम स्वतंत्र अस्तित्व बनाएंगे अन्यथा पाकिस्तान के साथ जाएंगे। सरदार पटेल ने कहा कि ठीक है, मैं वहीं आता हूं। सरदार पटेल के आने के पहले ही जूनागढ़ का नवाब इतना तेजी से भागा कि अपने बच्चे और बीवी को यहीं भूल गया। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति का कमाल है कि जूनागढ़ और हैदराबाद भी आज अखंड भारत का हिस्सा बना है। सीएम ने कहा कि दिल्ली से आए नमूने से सावधान रहिए। वह झाड़ू के नाम पर सब झाड़ कर ले जाएगा।

# अग्निशमन इकाइयां जरूरी उपकरणों सहित न्यूनतम समय में पहुंचे घटनास्थल परः सीएम

## ● डीजी फायर सशक्त योजना बनाकर तीन दिन में प्रस्तुत करें प्रस्ताव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में अग्निकांड की दुर्घटनाओं में जन-धन की क्षति को न्यूनतम किए जाने के लिए और अधिक गम्भीरता से प्रयास किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अग्निशमन इकाइयां सभी जरूरी उपकरणों सहित न्यूनतम समय में घटनास्थल पर पहुंचने के लिए प्रभावी प्रयास करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने सख्त हिदायत दी है कि प्रदेश के सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों, होटलों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, अपार्टमेन्ट्स, निजी व सरकारी शिक्षण संस्थाओं आदि में अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इन्तजाम किए जाएं। इसके साथ ही अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की नियमित सघन जांच पड़ताल की जाए। उन्होंने अग्निशमन विभाग को आपदा प्रबन्धन एवं आपात सेवा के रूप में स्थापित किए जाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस को निर्देशित किया गया है कि वह अग्निकांड से जुड़ी घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई के लिए एक सशक्त कार्ययोजना बनाकर मुख्यमंत्री के लिए शासन को तीन दिन में प्रस्तुत करें। पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस से यह भी अपेक्षा की गई है कि वह शासन की प्राथमिकताओं के क्रम में अब तक हुई कार्रवाई की भी समीक्षा करें। शासन द्वारा अग्निशमन एनओसी एवं अग्निसुरक्षा के संबंध में भी आवश्यक निर्देश भेजे गए हैं। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित सरकारी एवं निजी अस्पतालों, होटलों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, मॉल्स, अपार्टमेन्ट्स, निजी व सरकारी स्कूलों व कॉलेजों आदि में भी समुचित अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था के लिए मानक के अनुरूप कार्रवाई भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा अग्निशमन विभाग को और अधिक चुस्त-दुरूस्त बनाया गया तथा सभी जरूरी उपकरणों की व्यवस्था कराई गई है। फायर सर्विस में अनापत्ति निर्गमन प्रक्रिया का आवेदकों की सुविधा के लिए सरलीकरण किया गया है। भारत सरकार द्वारा प्रसारित मॉडल फायर एंड इमरजेंसी सर्विस बिल 2019 का अंगीकरण किए जाने की भी कार्रवाई हुई है। तहसील मुख्यालयों पर अग्निशमन सेवा के अस्थाई संचालन का लक्ष्य भी शत-प्रतिशत पूर्ण करते हए सभी तहसील मुख्यालयों पर फायर टेंडर मय स्टाफ स्थापित करा दिए गए हैं।

# पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है उर्वरकः शाही

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जनपद लखनऊ में उर्वरक की मांग को देखते हुये जनपद उन्नाव से इफको डीएपी 1000 मीट्रिक टन, जनपद रायबरेली से इफको डीएपी 350 मीट्रिक टन. तथा एनपीके 150 मीट्रिक टन, हरदोई से इफको डीएपी 100 मीट्रिक टन का अतिरिक्त आवंटन किया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने यह बात मंगलवार को लखनऊ में उर्वरक की उपलब्धता के सम्बन्ध में अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि रबी 2022 में बोई जाने वाली फसल में डीएपी उर्वरक का प्रयोग किये जाने हेतु 12500 मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्ध डीएपी उर्वरक 13142 मीट्रिक टन, एनपीके उर्वरक 1134 मीट्रिक टन एवं सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक 218 मीट्रिक टन जनपद के बिक्री केन्द्रों पर उपलब्ध कराकर वितरित किया जा रहा है। जनपद में इफको डीएपी उर्वरक की एक रैक 3648 मीट्रिक टन की सहकारिता/समितियों से वितरण हेतु प्राप्त हो रही है। इसके साथ ही जकृषि मंत्री ने कृषकों को आश्वत किया है कि जनपद में किसी भी प्रकार के रासायनिक उर्वरकों यूरियाए डीएपीए एनपीके एवं एमओपी की कोई कमी साधन सहकारी समितियों, एवं अन्य बिक्री केन्द्रों पर नहीं हैए सभी उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। कृषक बन्धु अपनी जोत के आधार पर फास्फेटिक उर्वरक प्राप्त करके बुवाई करें। कृषक बन्धुओं को यह भी अवगत कराया जाता है कि जनपद में एनपीके उर्वरक भी उपलब्ध है जो कि डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप मे उपयोग कर सकते हैं। समीक्षा बैठक के दौरान जिला कृषि अधिकारी, सहायक आयुक्त एव सहायक निबन्धक सहकारी समितिया लखनऊ, क्षेत्रीय प्रबन्धक पीसीएफ, उप आयुक्त सहकारिता लखनऊ मण्डल, सयुक्त कृषि निदेशक लखनऊ मण्डल लखनऊ उपस्थित थे।

# सपा के गुंडों के कब्जे में रहते थे रामपुर के बूथः बृजेश पाठक



## ● डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने किया प्रभावी मतदाता सम्मेलन को संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, रामपुर


**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि रामपुर में पहले चुनाव नहीं होते थे। रामपुर के बूथों और थानों पर सपा के गुंडों का कब्जा रहता था लेकिन योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार बनने के बाद रामपुर में कानून का राज स्थापित हुआ। अब गुंडें या तो जेल में हैं या फिर उत्तर प्रदेश छोड चुके हैं। उन्होंने रामपुर के वायलिन उद्योग को भी दुनिया के आसमान में चमकाने की बात कही।

बृजेश पाठक मंगलवार को रामपुर में अयोजित मतदाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। बृजेश पाठक ने कहा कि सपा ने रामपुर को अराजकता का अड्डा बना दिया था लेकिन भाजपा रामपुर को विकास की नई ऊंचाईयों पर लेकर जाना चाहती है। वह इसलिएए क्योंकि रामपुर का इतिहास स्वर्णिम रहा है। जो आजादी से मेल खाता है लेकिन सपा ने गुंडागर्दी के जरिए रामपुर को बर्बाद कर दिया। 2012 से 2017 के बीच सपाईयों का यह नारा कि खाली प्लाट हमाराश् बहुत प्रचलित था। स्थिति यह थी कि सपा की गाडी में जितना बडा झंडा होता था, उस गाडी में उतना बडा गुंडा होता था लेकिन उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद रामपुर में कानून का राज स्थापित हुआ। गुंडे या तो जेल में हैं या फिर उत्तर प्रदेश छोडकर जा चुके हैं। उन्होंने सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास की नीति के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना समेत तमाम केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि जब रामपुर के लाभार्थियों की लिस्ट देखी जा रही थीए तो उसमें यह देखा गया कि रामपुर में सभी वर्गों के साथ अल्पसंख्यक वर्ग को भी सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिला है।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तस्करी करने वाला गिरफ्तार विभिन्न प्रजाति के 155 जीवित कछुए बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एसटीएफ** ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कछुए की तस्कर करने वाले गिरोह के एक सदस्य को विभिन्न प्रजाति के 155 जीवित कछुओं सहित लखीमपुर खीरी से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त नीरज दीक्षित निवासी ग्राम कुकुर भुक्का पोस्ट मानिकपुर, थाना गोपालगंज (बिहार) का रहने वाला है। वन्य जीव अपराध नियन्त्रण ब्यूरो भारत सरकार की पहल पर एसटीएफ ने पिछले कई वर्षों से उत्तर प्रदेश में कछुओं की तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई की है। भारत में कछुओं की पाई जाने वाली 29 प्रजातियों में 15 प्रजातियां उत्तर प्रदेश में पाई जाती हैं। इनमें 11 प्रजातियों का अवैध व्यापार किया जाता है। यह अवैध व्यापार जीवित कछुए के मॉस अथवा पालने अथवा कछुएं की कैलिपी (झिल्ली) को सुखा कर शक्तिवर्धक दवा के लिए किया जाता है। कछुओं को मुलायम कवज व कठोर कवज के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। यमुना, चम्बल, गंगा, गोमती, घाघरा, गंडक आदि नदियों व उनकी सहायक नदियों, तालाबों, वेट लैंड्स आदि में यह दोनों प्रकार के कछुए बहुतायत में पाए जाते हैं। एसटीएफ की विभिन्न टीमें वाइल्ड लाईफ संरक्षण के लिए कार्य करती रही हैं। इसी क्रम में एसटीएफ की एक टीम को छानबीन के दौरान पता चला कि जनपद लखीमपुरखीरी से बड़े स्तर पर विभिन्न प्रजातियों के कछुओं की तस्करी का कार्य किया जा रहा है। यह भी जानकारी हुई कि ऐसे व्यापारी माल बेचने के लिए पश्चिम बंगाल के व्यापारियों के संपर्क में रहते हैं जहां से यह माल बांग्लादेश और म्यांमार के रास्ते चीन, हांगकांग, मलेशिया आदि देशो में भेजा जाता है। एसटीएफ की टीम ने जमीनी सूचना एवं अन्य स्त्रोतों से अभिसूचना एकत्र की। इस दौरान ज्ञात हुआ कि बिहार राज्य के कुछ तस्कर भारी मात्रा मे कछुओं की तस्करी के लिए लखीमपुरखीरी व आस-पास के क्षेत्रों में स्थानीय तस्करों के साथ मिलने तथा मालों की सप्लाई करने लखीमपुर खीरी से बिहार व पश्चिम बंगाल जाने वाले है। इस सूचना को विकसित करते हुए वन विभाग की टीम को साथ लेकर संयुक्त टीम द्वारा नीरज दीक्षित को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के विरुद्ध वन रेंज दक्षिण निघासन उत्तर खीरी वन प्रभाग, दुधवा टाइगर रेंज लखीमपुर खीरी में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई वन रेंज दक्षिण निघासन द्वारा की जा रही है।

# अग्निकांड का शिकार चीनी मिल क्षेत्र के किसानों को आवंटित की गईं दूसरी मिलें

**लखनऊ।** चीनी मिल मोहिउद्दीनपुर मेरठ की टरबाईन में आग लग जाने की दुर्घटना की जांच के लिए प्रदेश सरकार के निर्देश पर गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, अपर मुख्य सचिव चीनी उद्योग संजय आर. भूसरेड्डी एवं जिलाधिकारी मेरठ दीपक मीणा एवं अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों द्वारा तत्काल हादसा स्थल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान गन्ना किसानों से वार्ता की गयी तथा मोहिउद्दीनपुर चीनी मिल का पुर्नसंचालन होने तक क्षेत्र के किसानों के गन्ने की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराने एवं उनके व्यापक हितों के दृष्टिगत त्वरित निर्णय लेते हुए गन्ना आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था करने हेतु गन्ना आयुक्त द्वारा निकटवर्ती चीनी मिलों को गन्ना आवंटन का आदेश किया गया है। गन्ना आयुक्त ने बताया कि 26 नवम्बर को चीनी मिल मोहिउद्दीनपुर की टरबाईन में आग लग लाने के कारण चीनी मिल का शीघ्र संचालन किया जाना सम्भव नहीं है। चीनी मिल मोहिउद्दीनपुर के प्रधान प्रबन्धक द्वारा कृषक हित में चीनी मिल क्षेत्र के गन्ने को निकटवर्ती चीनी मिल मवाना, किनौनी, मोदीनगर, नंगलामल, दौराला एवं खतौली को चीनी मिल मोहिउद्दीनपुर के सुचारू रूप से संचालित होने तक व्यावर्तित कराने का अनुरोध किया गया है ताकि कृषकों के पास उपलब्ध गन्ने की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा सके। उन्होंने बताया कि निकटवर्ती चीनी मिलों के महाप्रबन्धकों के साथ बैठक कर उन्हें गन्ना आवंटित किये जाने की सहमति ली गयी।

# बिजलीकर्मियों का अनिश्चितकालीन कार्यबहिष्कार प्रारंभ

**लखनऊ।** ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन के स्वेच्छाचारी रवैये व दमनात्मक कार्यप्रणाली के विरोध में एवं बिजली कर्मियों की वर्षों से लम्बित न्यायोचित समस्याओं के समाधान के लिए सभी ऊर्जा निगमों के तमाम बिजलीकर्मियों ने मंगलवार को अनिश्चितकालीन कार्यबहिष्कार प्रारंभ कर दिया। बिजलीकर्मियों ने शाम 5 बजे पूरे प्रदेश में मशाल जुलूस निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया। लखनऊ में हाइडिल फील्ड हॉस्टल में पूरे दिन विरोध सभा हुई और शाम 5 बजे सैकड़ों मशाल प्रज्वलित की गई। संघर्ष समिति ने ऊर्जा निगमों में टकराव के लिए शीर्ष प्रबंधन की नकारात्मक व हठधर्मी कार्यप्रणाली को जिम्मेदार ठहराया। साथ ही चेयरमैन पर सरकार को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए मा ऊर्जा मंत्री जी से प्रभावी हस्तक्षेप करने की अपील की। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के पदाधिकारियों राजीव सिंह, जीवी पटेल, सुहेल आबिद ने बताया कि आम जनता को तकलीफ न हो अत: कार्य बहिष्कार के प्रथम चरण में उत्पादन गृहों, पारेषण विद्युत उपकेन्द्रों, सिस्टम ऑपरेशन और 33 केवी विद्युत उपकेंद्रों में पाली में कार्यरत बिजली कर्मियों को कार्य बहिष्कार आंदोलन से अवमुक्त रखा गया है। उन्होंने ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन की हठधर्मिता और बिजलीकर्मियों की समस्याओं के प्रति उपेक्षात्मक रवैये के कारण आज पूरे प्रदेश के बिजलीकर्मी संघर्ष के रास्ते पर है यदि ऊर्जा निगम का शीर्ष प्रबंधन द्वारा सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए द्विपक्षीय वार्ता से समस्याओं का समाधान निकालने वाली कार्यप्रणाली अपनाई गई होती तो ऊर्जा निगमों में यह टकराव उत्पन्न न होता और न ही ऊर्जा की परफॉर्मेंस व रेटिंग गिरती।

# नवगठित तीनों कमिश्नरेट में आईजी रैंक के अफसर बनाए गए पुलिस कमिश्नर

## ● आईपीएस लक्ष्मी सिंह को मिली पहली महिला पुलिस कमिश्नर बनने की सौगात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** सरकार ने नवगठित तीनों नए कमिश्नरेट गाजियाबाद, प्रयागराज और आगरा में आईजी रैंक के आईपीएस अधिकारियों को पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया है। वहीं तेज तर्रार आईपीएस और लखनऊ रेंज की आईजी लक्ष्मी सिंह को यूपी में पहली महिला पुलिस कमिश्नर बनने की सौगात प्रदान की गई है। उन्हें नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि बीते सोमवार की देर रात राज्य सरकार ने 16 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए थे। इनमें नवगठित पुलिस कमिश्नरेट में पहले पुलिस कमिश्नरों की तैनाती भी गई है। अभी तक राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट में एडीजी स्तर के आईपीएस अधिकारियों को ही कमिश्नर पद का जिम्मा सौंपा गया था।

यूपी में सर्वप्रथम लखनऊ और नोएडा में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू किया गया था। प्रयोग के तौर पर लागू गई इस व्यवस्था के सुखद परिणाम हासिल होने के बाद अगले चरण में वाराणसी और कानपुर में भी यही सिस्टम लागू किया गया। इन चारों ही कमिश्नरेट में एडीजी स्तर के आईपीएस अधिकारी पुलिस कमिश्नर के पद पर तैनात किए गए थे। योगी सरकार ने पिछले दिनों कमिश्नर प्रणाली में विस्तार करते हुए गाजियाबाद, आगरा और प्रयागराज में भी पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू कर दी लेकिन इस बार सरकार ने कमिश्नर पद पर आईजी रैंक के आईपीएस अधिकारियों को मौका दिया। बीते सोमवार की देर रात हुए फेरबदल में आईजी कारागार प्रशासन डॉ. प्रीतीन्दर सिंह को आगरा, आईजी बरेली रेंज रमित शर्मा को प्रयागराज और प्रतीक्षारत अजय मिश्रा को गाजियाबाद का पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया। वहीं वाराणसी के पुलिस कमिश्नर ए.सतीश गणेश और नोएडा के पुलिस कमिश्नर आलोक कुमार को भी हटाकर प्रतीक्षारत कर दिया गया।

नोएडा कमिश्नरेट की कमान लखनऊ रेंज की आईजी लक्ष्मी सिंह और प्रतीक्षारत एडीजी अशोक मुथा जैन को वाराणसी की कमान सौंप दी गई। इनके अलावा सचिव गृह तरूण गाबा को आईजी लखनऊ रेंज, आईजी प्रयागराज रेंज डॉ. राकेश सिंह को आईजी बरेली रेंज, आईजी एसएसएफ चंद्र प्रकाश द्वितीय को आईजी प्रयागराज रेंज, एसएसपी गाजियाबाद मुनिराज जी. को एसएसपी अयोध्या, एसएसपी अयोध्या प्रशांत वर्मा को एसपी बहराइच, एसपी बहराइच केशव कुमार चौधरी को अपर पुलिस आयुक्त आगरा, एसएसपी प्रयागराज शैलेश पांडेय को एसएसपी मथुरा, एसएसपी मथुरा अभिषेक यादव को एसपी अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ और एसएसपी आगरा रहे प्रभाकर चौधरी को 11 वीं वाहिनी पीएसी, सीतापुर का सेनानायक नियुक्त किया गया है।

# रिवर फ्रंट घोटाले में शिवपाल से पूछताछ कर सकती है सीबीआई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** शासनकाल के दौरान हुए करोड़ों रुपए के रिवर फ्रंट घोटाले में सीबीआई तत्कालीन सिंचाई मंत्री और वर्तमान में प्रसपा के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव से पूछताछ कर सकती है। इसे लेकर सीबीआई तैयारी में जुटी हुई है। गृह विभाग ने भी सिंचाई विभाग से टॉस्क फोर्स की बैठकों के कार्यवृत्त और संबंधित रिकार्ड मांगे हैं ताकि तत्कालीन मंत्री समेत अन्य अफसरों की भूमिका की जांच हो सके। इससे पहले सीबीआई ने राज्य सरकार के दो तत्कालीन मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव सिंचाई व एक अन्य अधिकारी के खिलाफ जांच की मंजूरी मांगी थी। ये अफसर रिवर फ्रंट के निर्माण के लिए गठित उच्चस्तरीय अनुश्रवण समिति (टास्क फोर्स) का अहम हिस्सा थे लेकिन अभी तक ये अनुमति नहीं मिली है। सूत्रों के अनुसार शिवपाल यादव के करीबियों के खिलाफ जिलों में दर्ज मुकदमों में भी तेजी से कार्रवाई होगी। रिवर फ्रंट के लिए वर्ष 2015 में तत्कालीन मुख्य सचिव की अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन किया गया था। इसमें तत्कालीन प्रमुख सचिव (सिंचाई) समेत सिंचाई विभाग के तत्कालीन प्रमुख अभियंता, विभागाध्यक्ष और मुख्य अभियंता भी शामिल थे। जांच के दौरान पाया गया कि उच्चाधिकारियों के मौखिक निर्देशों पर टेंडर की शर्तों में बदलाव किया गया। बजट को मनमाने ढंग से खर्च किया गया। भुगतान में गड़बड़ियां हुईं। जांच इन बिन्दुओं पर होगी कि टेंडर की शर्तों में बदलाव के लिए मौखिक या लिखित रूप से कोई आदेश दिया गया। यदि आदेश मौखिक हुए तो बैठकों के कार्यवृत्त में इसका जिक्र है या नहीं। मौखिक आदेशों के क्रम में लिए गए फैसले, अभियंताओं को अतिरिक्त चार्ज देने में तत्कालीन सिंचाई मंत्री की भूमिका, बिना टेंडर काम देने या गुपचुप ढंग से टेंडर की शर्तें बदले जाने में भी तत्कालीन मंत्री की भूमिका आदि बिन्दु शामिल रहेंगे।

# जनवरी के पहले सप्ताह में यूपी में प्रवेश करेगी कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कन्या** कुमारी से प्रारंभ की गई कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा जनवरी के प्रथम सप्ताह में उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी। उत्तर प्रदेश में यात्रा को सफल बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी है। इसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस पर विचार विमर्श हुआ है कि यात्रा के उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने के समय क्या-क्या तैयारियां की जाएं। इसके तहत यात्रा का कहां-कहां स्वागत होना है। यात्रा को रात में कहां विश्राम करना है। उसकी व्यवस्था की जिम्मेदारी किसके पास होगी। राहुल गांधी की रैली कहां आयोजित होगी। उसमें भीड़ जुटाने या ज्यादा से ज्यादा लोगों को भारत जोड़ो यात्रा में शामिल कराने तक की जिम्मेदारियां पार्टी की ओर से तय की गई है। पार्टी के जानकारों का कहना है कि राहुल की यात्रा उत्तर प्रदेश में सिर्फ पांच दिन ही चलेगी। उनकी यात्रा से यूपी का पूर्वांचल, अवध, बुंदेलखंड और पश्चिम उत्तर प्रदेश के अधिकतर हिस्से अछूते रहे जाएंगे।

# उद्यम प्रदेश के रूप में विकसित हो रहा यूपीः नन्दी

## उप्र लीडरशिप समिट-2022 में आए 1.2 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजनरी नेतृत्व के परिणाम स्वरूप उत्तर प्रदेश उद्यम प्रदेश के रूप में विकसित हो रहा है। यही नहीं आज अपना उत्तर प्रदेश निवेश का ड्रीम डेस्टीनेशन बन चुका है। सुरक्षा, संभावना, सहयोग और नवोन्मेष के कारण निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए स्वयं आगे आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश इकोनामी और इण्डस्ट्री के क्षेत्र में एक लीडर के रूप में उभर रहा है।

एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा मंगलवार को आयोजित उत्तर प्रदेश लीडरशिप समिट-2022 कार्यक्रम में प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी की मौजूदगी में देश विदेश से आए निवेशकों ने उत्तर प्रदेश में एक लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा के निवेश प्रस्ताव पेश किए। नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने वहाँ मौजूद निवेशकों के निवेश प्रस्तावों को सुना व उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। मंत्री नन्दी ने कहा कि मोदी-योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास हो रहा है। कारोबारियों को नसीहत देते हुए उन्होंने कहा कि भले ही किसी के पास कैश कम हो लेकिन उन्हें अपना क्रेडिट बढ़ाते रहना चाहिए। अपने भरोसेमंद व्यवहार से हमेशा साख बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। यदि कारोबारी ऐसा कर पाए तो निवेश के लिए उन्हें कभी भी पैसों की कमी नहीं होगी। बैंक उनकी माँग पर मनचाहा उधार देने को तैयार हो जाएंगे। मंत्री नन्दी ने निवेशकों से उत्तर प्रदेश के सभी अंचलों में निवेश का अनुरोध किया। मंत्री नन्दी ने आज कार्यक्रम में आए अप्रत्याशित निवेश प्रस्तावों से उत्साहित होकर एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री यूपी को उत्तर प्रदेश में एक लाख पचास हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य दिया है। नन्दी ने भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक अजय खन्ना को बैंक और राष्ट्र के प्रति उनकी समर्पित और प्रतिबद्ध सेवा के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया। साथ ही पूरे देश में स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने में अनुकरणीय योगदान के लिए सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक को भी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया। हीरो साइकिल समूह की एक अन्य कंपनी हीरो लेक्टरो ई साइकिल के युवा सीईओ आदित्य मुंजाल ने औद्योगिक विकास मंत्री नंदी से ई-साइकिल को उत्तर प्रदेश की औद्योगिक नीति में प्राथमिकता देने की माँग की। नंदी ने मुंजाल की इस माँग पर सहमति जताते हुए वहाँ मौजूद मुख्यमंत्री के सलाहकार से तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने का सुझाव दिया। उन्होंने मौक़े पर ही आश्वासन देते हुए इस आशय का पत्र सौंपने को कहा जिससे मुख्यमंत्री की सहमति के बाद इस पर अमल किया जा सके। सरकार की इस त्वरित कार्रवाई पर आदित्य मुंजाल ने प्रसन्नता जतायी। यूपी लीडरशिप समिट का मुख्य आकर्षण 100 से अधिक निवेशकों की भागीदारी रही जिन्होंने उत्तर प्रदेश में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश में रुचि दिखाई।

इसमें नॉर्वे से आयीं नॉर्वेयिन ग्रीनटेक कंपनी की युवा सीईओ एडियम नेगासी, मलेशियन पाम ऑयल काउंसिल की भारत बांग्लादेश नेपाल और श्रीलंका की रीजनल हेड भावना शाह, एवन साइकिल के एमडी सरदार ओंकार सिंह पाहवा, आरकस मीडिया की जुही राजपूत, टेक्निकल एसोसिएट के विनम्र अग्रवाल समेत अन्य प्रमुख उद्योगपति थे।

पायनियर
नई दिल्ली , बुधवार, 30 नवंबर, 2022



# लंबित मांगों के समर्थन में विद्युत कर्मचारियों ने निकाला मशाल जुलूस

संवाददाता। सीतापुर

15- **लंबित** मांगों के समर्थन में विद्युत कर्मचारियों ने विरोध सभा करने के बसद मशाल जुलूस निकालकर आवाज उठाई। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के बैनर तले कर्मचारी अधिशाषी अभियंता कार्यालय परिसर में जमा हुए। विद्युत कर्मचारियों ने हाथो में तख्तियां व मशाल लेकर जमकर नारेबाजी की और यहां सभा करने के बाद मशाल जुलूस निकालते हुए ट्रांसपोर्ट चौराहा पहुंचे और 15 सूत्रीय मांग पत्र तहसीलदार सदर ज्ञानेन्द्र द्विवेदी को सौंपा। इस मौके पर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक हिमांशु पटेल, सह संयोजक रमेश सिंह, एसडीओ सिटी रवि गौतम, रवि कुमार गुप्ता, मोहित रस्तोगी, मुनेश तिवारी, राम कनौजिया, अंकिता रतना, अभिनव शुक्ला, राकेश कुमार, विशाल शर्मा, रामाज्ञा, रविंद्र वर्मा, जय प्रकाश जायसवाल, सुरेंद्र पटेल, कृष्णानंद मौर्य, अनिल कुमार, एक्सईएन प्रथम रमेश कुमार, दिलीप कुमार गुप्ता, डीसी दीक्षित, धीरज यादव, जेई राजेश कुमार गुप्ता, अम्ब्रीश कुमार, अनिल सिंह, दुर्गा शंकर श्रीवास्तव, प्रखर श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## पत्रकार जावेद खान का डेंगू से निधन

**सीतापुर।** नगर खैराबाद निवासी पत्रकार जावेद खान का लखनऊ स्थित मेदंता अस्पताल में निधन हो गया। वो लखनऊ से प्रकाशित एक उर्दू दैनिक के जिला संवाददाता थे। बताया जाता है कि उन्हें डेंगू की शिकायत थी। सीतापुर में इलाज के दौरान उनकी तबियत बिगड़ी तो डाक्टरों ने उन्हें लखनऊ पीजीआई रिफर कर दिया था जहाँ बेड खाली न मिलने पर उन्हें मेदान्ता में भर्ती कराया गया। सोमवार रात उनका निधन हो गया। जावेद खान के निधन का समाचार सुनते ही जिले के पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गयी। सुबह से ही उनके खैराबाद स्थित आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का ताँता लगा रहा। खैराबाद स्थित कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्दे खाक किया गयाद्य उनकी नमाज़े जनाज़ा में वरिष्ठ पत्रकार एम सलाहुद्दीन, मुफ़्ती खबीर नदवी, सिराज अहमद, फ़राज़ हमीद, राम सुमिरन शर्मा, वहाजुद्दीन गौरी शामिल हुए।

## सेवा कार्यालय का हुआ उद्घाटन

संवाददाता। सीतापुर

**बिसवां नगर** की मंगरिया बाजार में मंगलवार को सेंट जेवियर्स विद्यालय के निकट व्यापार मंडल के पदाधिकारी व वरिष्ठ पत्रकार मोहित जायसवाल के द्वारा स्थापित सेवा कार्यालय का उद्घाटन सेवानिवृत्त शिक्षक हरीश मिश्रा के द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर समाजसेवी मोहित जायसवाल ने कहा कि हम सब ने अपनी जन्म भूमि बिसवां को स्वच्छ, सुंदर और सुदृढ़ बनाने के लिए संकल्प लिया है। जिसमें नगर वासियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इस मौके पर धर्मेंद्र रस्तोगी, विपिन बिहारी वर्मा, डॉ लतीफ अहमद, हरिशंकर गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, वीरेंद्र विक्रम सिंह, पप्पू सिंह, चांद मियां, अंशु रस्तोगी, बादल मौर्य, जुबेर खान, पंकज मौर्या, रोहित भल्ला, पंकज भारतीय, सादिक अली, वसीम खान, दिनेश शुक्ला, विपिन रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## यूथ ब्रिगेड ने मरीजों को फल बांटकर मनाया कुंवर दिनकर प्रताप सिंह का जन्मदिन

संवाददाता। सीतापुर

**कसमण्डा स्टेट** के कुवर दिनकर प्रताप सिंह का जन्मदिवस कार्यकर्ताओं ने मरीजों को फ्ल बांट कर मनाया। कुवंर दिनकर प्रताप सिंह यूथ ब्रिगेड टीम के सदस्यों ने पीएचसी कमलापुर में मरीजों गभर्वती महिलाओं को फ्ल बांटे। तमाम समर्थकों ने मित्र भवन कसमंडा पैलेस में केक काट कर जन्मदिन की खुशियां साझा की। क्षेत्रीय लोगो ने कुवंर दिनकर प्रताप सिंह को बुके व उपहार भेट देकर जन्म दिन की बधाई दी समर्थको ने खुशी का इजहार करते हुए आतिश बाजी भी की। इस मौके पर शिवशंकर सिंह, अनुपम सिंह, प्रधान सुफ्यिान खान, मोहम्मद नफीस, बबलू सिंह चौहान, पंकज सिह, दुर्गेश सिंह, धीरज सिंह, याक़ूब खान, रघुवंश अवस्थी, प्रहलाद सिंह, पिन्ट, ज्ञानेंद्र सिंह, राहुल सिंह, मधुकर पाण्डेय, परवेज खान, हेमेन्द्र यादव, ब्रजेन्द्र सिंह, सुमित गुप्ता, पंकज सिंह, अशोक सिंह, निर्भय सिंह, ज्ञानेंद्र धनगर, वीरू रावत, विभोर सिंह, रिषी मिश्र, विनय शुक्ला, बिपुल बाजपेई, रिंकू सिंह, प्रवीन सिंह, आलोक शुक्ला, अरविंद तिवारी, विक्कू मिश्रा मौजूद रहे।

## अवैध हथियार समेत दो गिरफ्तार

**बरेली ।** पुलिस ने अवैध रूप से हथियार रख कर घूम रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजाबारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला चक महमूद निवासी हर्ष शर्मा पुत्र जियालाल और यहीं के रहने वाले सुमित शर्मा को पुलिस ने चक महमूद स्थित सरकारी शौचालय के पास से अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने सड़क पर घूम रहे दोनों अभियुक्तों को हिरासत में ले कर इनकी तलाशी ली तब पुलिस को उनके पास से एक तमंचा, कारतूस और अवैध चाकू बरामद किया दोनों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने जेल भेजा ।

## क्विक न्यूज

### जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल को मिली 9वीं से 12वीं तक मान्यता

**सीतापुर।** सीतापुर के छात्र-छात्राओं के लिए खुशी की खबर है। शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल को सीबीएसई द्वारा नवीं से 12वीं तक की मान्यता दे दी गई है। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के एमडी सूर्यांश सहगल ने आई इंडिया को बताया कि विद्यालय को 9 माह के भीतर ही सीबीएसई द्वारा नवीं से 12वीं तक की मान्यता दी गई है और इतने कम समय में इंटर तक की मान्यता प्राप्त करने वाला देश का पहला विद्यालय बन गया है। उन्होंने बताया कि पूरे देश में इस वर्ष इंटर तक की यह तीसरी मान्यता है जबकि प्रदेश में बुलंदशहर के बाद सीतापुर के जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल को इंटर तक की मान्यता मिली है। विद्यालय को मान्यता मिलने पर विद्यालय के चेयरमैन राजेश सहगल और प्रधानाचार्या त्रिशला शाह ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। आपको बता दें कि जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल का पहला बैच दिसंबर 2021 में शुरू हुआ था।

### राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने आयोजित किया सामूहिक हनुमान चालीसा

**सीतापुर।** राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ सीतापुर शहर के घंटाघर स्थित छोटा हनुमान मंदिर पर किया। सेना कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि जिले में जहां-जहां किसी भी मंदिर के 100 मीटर के दायरे में मांस मदिरा की दुकान आएगी राष्ट्रीय हिंदू सेना उसे बंद कराने का प्रयास करेगी। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के सिविल लाइन स्थित कार्यालय पर कार्यकर्ता एकत्र हुए और राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू के नेतृत्व में पैदल मार्च करते हुए घंटाघर स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे। यहां सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप हिंदू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सचिन हिंदू, प्रदेश संरक्षक गोपाल टंडन, मंदिर के पुजारी गुड्डू पंडित, जिला अध्यक्ष भगवान शरण, जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ विकास शुक्ला, मंडल उपाध्यक्ष विवेक अवधेश अतुल, जिला संरक्षक नरेंद्र, जिला उपाध्यक्ष यस दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष, अमरपाल, उमापति पांडे, अवधेश हिंदू, अतुल हिंदू, संजय हिंदू, शुभम बघेल, दिव्यांशु, आलोक मिश्रा, रवि बाजपेई, विनय बाजपेई, मनोज पांडे, रिंकू अवस्थी, हरनाम सिंह आदि तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

### यातायात विभाग निकालेगा जागरूकता रैली

**सीतापुर ।** यातायात माह के समापन अवसर पर 30 नवंबर को प्रातः 8 बजे यातायात विभाग जागरूकता रैली निकालेगा। यह रैली सीतापुर शहर के सरोजनी वाटिका से निकलेगी और इसका समापन पूर्वान्ह 11 बजे पुलिस लाइन सीतापुर में होगा। यातायात रैली को एसपी घुले सुशील चन्द्रभान झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। रैली में सीतापुर शहर के करीब एक दर्जन विद्यालयों के बच्चों के अलावा एनसीसी, स्काउट गाइड और पुलिसकर्मी भी प्रतिभाग करेंगे।

### दिव्यांग शौचालयों में हो रहा भारी घालमेल

**सीतापुर।** परिषदीय विद्यालयों में बनवाये जा रहे दिव्यांग शौचालयों में भारी घालमेल किया जा रहा है। पक्की ईंटों की जगह पीला व दोयम ईंट का प्रयोग हो रहा हैं। मामला सकरन विकास खण्ड अन्तर्गत पटनी ग्राम सभा का सामने आया है। पटनी व त्रिलोकपुर गांवों के प्राथमिक विद्यालयों में ग्राम पंचायत द्वारा बनवाये जा रहे दिव्यांग शौचालयों में पीला ईंटों का प्रयोग हो रहा है। निर्माण में प्रयुक्त सीमेंट बालू मौरंग मसाला भी मानक विहीन लगाकर खानापूर्ति की जा रही है। ग्राम पंचायत अधिकारी विकास तिवारी ने मामले में बताया कि मैं पारिवारिक कार्यों से अवकाश पर था आज ही आया हूं मुझे जानकारी नहीं है। शौचालय ग्राम प्रधान बनवा रहे हैं। मैं वापसी में जाकर देखता हूं जैसी अपडेट होगी आपको बताऊंगा। बीडीओ सकरन राम लगन वर्मा ने कहा कि मैं अभी हाईकोर्ट आया हूं। अगर पीला ईंटा से दिव्यांग शौचालय बनाया जा रहा है तो गलत है। मैं अभी फोन से ग्राम पंचायत अधिकारी को उसे हटवाने की बात कहता हूं। अगर वह ऐसा नहीं करते तो कार्यवाही की जायेगी और काम को रुकवा दिया जायेगा।

### आत्मदाह की धमकी देने वाला फरार

**बरेली ।**कलेक्ट्रेट पहुंचे एक व्यक्ति ने आत्मदाह की धमकी दी जिससे अफरा-तफरी मच गई लेकिन कुछ देर बाद धमकी देने वाला फरार हो गया पुलिस उसकी तलाश में जुट गई।बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला एक व्यक्ति आज दोपहर कलेक्ट्रेट पहुंचा और उसने कहा इसका पुलिस प्रशासन द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है और वह काफी परेशान है यदि उसकी समस्या का समाधान हुआ नहीं हुआ और उत्पीड़न बंद नहीं किया गया तो वह कलेक्ट्रेट पर आत्मदाह कर लेगा यह बात कलेक्ट्रेट पर मौजूद कुछ होमगार्ड के जवानों को पता चली तो उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी लेकिन इसकी जानकारी धमकी देने वालों को हो गई ।

## नामांकन पत्र हुए दाखिल

संवाददाता। सीतापुर

**सामान्य कर्मचारी** संघ नगर पालिका परिषद के लिए होने वाले चुनाव में सोमवार को अध्यक्ष, मंत्री, उपाध्यक्ष, उपमंत्री, कोषाध्यक्ष और संगठन मंत्री पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए गए। 30 नवंबर को अपरान्ह 2 बजे तक नामांकन वापस लिया जा सकेगा। जबकि पांच दिसंबर 2022 को मत पत्रों निर्वाचन संपन्न कराया जाएगा। वरिष्ठ निर्वाचन अधिकारी महेश शुक्ला ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए आलोक सिन्हा, अनुकूल सेठ, शिवकुमार त्रिपाठी, मंत्री पद के लिए ऋषेश्वर तिवारी, नील प्रताप सिंह, सुरेश कुमार ने नामांकन किया है। उपाध्यक्ष पद के लिए राम प्रकाश, उपमंत्री पद के लिए अजय कुमार, कोषाध्यक्ष पद के लिए बृजपाल, अभिषेक सेठ एवं संगठन मंत्री पद के लिए अभिषेक सेठ ने नामांकन पत्र जमा किया। उन्होंने बताया कि उपाध्यक्ष, उपमंत्री और संगठन मंत्री पद के लिए एक-एक ही नामांकन पत्र जमा किया गया। जिससे इन पदों पर निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। इस मौके पर सहायक निर्वाचन अधिकारी शिखा बाजपेई व सुनील मिश्रा मौजूद रहे।

## रात्रि गश्त के दौरान दरोगा को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, इलाज दौरान हुई मौत

**बरेली ।** भोजीपुरा थाना में तैनात दरोगा संजय सिंह रात में लगभग 1रू00 बजे थाने की सरकारी जीप से गश्त कर रहे थे । पुल और थाना के बीच में गाड़ी रोककर टॉयलेट कर रहे थे । अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी दरोगा गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को राम मूर्ति मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया इलाज दौरान मौत हो गई। पुलिस लाइन में एडीजी राजकुमार , एसपी सिटी राहुल भाटी , एसपी ग्रामीण राजकुमार अग्रवाल , एसपी क्राइम एमपी सिंह , एसपी ट्राफ्कि राम मोहन सिंह सहित सभी सीओ और पुलिस कर्मियों ने श्रद्धांजलि दी।थाना भोजीपुरा मैं तैनात दरोगा 41 बर्षीय संजय सिंह पुत्र स्वर्गीय दलपत सिंह जिला बुलंदशहर थाना सिकंदराबाद गांव हदीमपुर निवासी थे , 2013 बेच के थे । 17 नवंबर को थाना भोजीपुरा में चार्ज लिया था । रात्रि में ड्यूटी थी गस्त के दौरान सोमवार व मंगलवार की रात्रि लगभग एक बजे थाना भोजीपुरा की सरकारी जीते गश्त कर रहे थे साथ में कांस्टेबल ललित और देवेंद्र थे । दरोगा संजय सिंह को टॉयलेट करने के लिए पुल और थाने के बीच में गाड़ी रोक कर टॉयलेट कर रहे थे बहेड़ी की तरफसे आ रही अज्ञात वाहन ने दरोगा संजय सिंह के टक्कर मार दी जिसमें संजय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए । पुलिस ने संजय सिंह को राम मूर्ति मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया इलाज दौरान उनकी मौत हो गई संजय सिंह की पत्नी रजनी देवी और दो बच्चे है । लड़का 16 बर्ष का हिमांशु और लड़की 13 वर्षीय हिमांशी है संजय सिंह की पत्नी और बच्चे गाजियाबाद में रहते हैं। थाना भोजीपुरा पुलिस ने संजय सिंह के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम कराया उसके बाद संजय सिंह को पुलिस लाइन ले गए पुलिस लाइन में एडीजी राजकुमार , एसपी सिटी राहुल भाटी , एसपी ग्रामीण राजकुमार अग्रवाल , एसपी क्राइम एमपी सिंह , एएसपी चंद्रकांत मीणा , एसपी ट्राफ्कि राममोहन सिंह , और सभी सीओ , दरोगा और पुलिसकर्मियों ने पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी । उसके बाद शव को गाजियाबाद ले गए।

## राष्ट्रीय सचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी तौकीर आलम ने नगर निकाय चुनावों को लेकर दिखाई गम्भीरता

**बरेली ।** आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी तौकीर आलम,उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष योगेश दीक्षित ने आज चौपला रोड स्थित रोटरी भवन में बरेली मंडल के बदायूं , शाहजहांपुर , पीलीभीत , बरेली के जिला एवं शहर अध्यक्षों के साथ साथ साथ संबंधित शहरों के प्रदेश प्रभारियों की बैठक ली । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से पूरे देश में लोगों के अंदर एक उत्साह है बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस पार्टी से जुड़ रहे हैं और उसकी नीतियों की सराहना कर रहे इस नगर निकाय चुनावों में हमें साफ सुथरी छवि संघर्षशील और कांग्रेस के पुराने साथियों पर भरोसा जताते हुए उनको चुनाव लडाना है साथ ही दूसरे दलों से आ रहे लोगों पर भी भरोसा करना है उनको भी लड़ाना है 5 दिसम्बर से 20 दिसम्बर के बीच जिला स्तरीय यात्रा भी होगी जिसमें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी भी शामिल होंगे।प्रांतीय अध्यक्ष योगेश दीक्षित ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो कहा वह करा चाहे किसानों को लेकर कही गई बात हो ,चाहे युवाओं को लेकर नौकरियां देने की बात हो, मध्यवर्ग को सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात हो, गरीबों को सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात हो, हर बात पर कांग्रेस पार्टी खरी उतरी उसने ना तो कभी झूठे वादे किए ना लोगों को सपने दिखाए आज इस बात को लोग समझ रहे हैं और कांग्रेस पार्टी से जुड़ रहे हैं इस नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस पार्टी चौकाने वाला प्रदर्शन करेंगी।जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से आज पूरे देश में माहौल बदल रहा है अब तक लोग दूसरे के मन की बात सुना करते थे लेकिन आज राहुल गांधी ने उनको भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से एक ऐसा मंच दिया कि वह लोग अपने मन की बात कह रहे हैं और कांग्रेस पार्टी उनके मन की बात को सुन रही है इस यात्रा का प्रभाव आगामी होने वाले हर चुनावों में दिखाई देगा ।महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा की पूरे जिले में प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं सभी आवेदक प्रत्याशियों की स्क्रीनिंग कराई जा रही है बड़ी संख्या में आवेदन आ रहे हैं यह चुनाव एक बड़ा बदलाव लेकर आएगा आज लोग छोटी-छोटी समस्याओं से जूझ रहे हैं पूरे जिले और शहर में बदहाल स्थिति है लोगों के अंदर आक्रोश है जो आगामी नगर निकाय चुनावों में दिखाई देगा ।

## छात्राओं की छिपी प्रतिभा निभारने के लिए आयोजित हो रहा तरुण महोत्सव: शिप्रा

- 2 व 3 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम
- प्रेसवार्ता में दी गई जानकारी




संवाददाता । लखीमपुर-खीरी।

**छात्राओं के** भीतर छुपी प्रतिभाओं को निखारने व प्रोत्साहित करने हेतु विगत वर्षों की भांति विद्यालय में 2 व 3 दिसम्बर को तरूण महोत्सव का द्विदिवसीय कार्यक्रम आयोजित है। जिसके माध्यम से विद्यालय की छात्राओं का मानसिक, बौद्धिक एवं रचनात्मक क्षमता का विकास करने का प्रयास करता है। इस महोत्सव के माध्यम से छात्राओं को उनकी अभिरुचियों के आधार पर एक खुला मंच दिया जाता है। जिसमें विद्यालय की लगभग सभी छात्राएं किसी न किसी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती हैं। यह एक अन्तर्विद्यालयीन कार्यक्रम है जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कालेज के अतिरिक्त नगर के विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं भी अपनी प्रतिभा दिखाने हेतु प्रतिभाग करती हैं। प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने बताया कि तरुण महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। विभिन्न प्रतियोगिताओं में नगर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों को उनकी कलात्मक योग्यता/क्षमता के आधार पर निर्णायक के रूप में आमंत्रित किया गया है। तरुण महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अल्पना सिंह पत्नी श्री महेन्द्र बहादुर सिंह जिलाधिकारी खीरी, अध्यक्ष आकांक्षा समिति, कार्यक्रम अध्यक्ष श्रद्धा सिंह, उप जिलाधिकारी सदर लखीमपुर एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती शिखा गौतम पत्नी आलोक गौतम एआरटीओ, सदस्य आकांक्षा समिति के कर कमलों द्वारा दो दिसम्बर को होगा। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न होंगे।

## उच्च रक्तचाप को लेकर प्रबन्धन कार्यशाला आयोजित

**लखीमपुर-खीरी।** एसपी संजीव सुमन के निर्देशन में प्रतिसार निरीक्षक खीरी, शिवनारायण के निकट पर्यवेक्षण में पुलिस लाईन खीरी में पुलिसकर्मियों के बेहतर स्वास्थ्य एवं बीमारियों से बचाव हेतु यौगिक अभ्यास द्वारा उच्च रक्तचाप का प्रबन्धन कार्यशाला का आयोजन कराया गया। इस कार्यशाला का आयोजन योग विशेषज्ञ एवं शोधकर्ता, श्री अमित गौरइया जी द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में जनपद खीरी के सभी थानों से लगभग 200 पुलिसकर्मी उपस्थित हुए। सभी पुलिसकर्मियों की निरूशुल्क रक्तचाप की जाँच की गई, जिसके आधार पर स्वास्थ्य का मूल्यांकन करके आवश्यकतानुसार इलाज कराया जा सकेगा। योग विशेषज्ञ एवं शोधकर्ता, श्री अमित गौरइया जी द्वारा सभी पुलिसकर्मियों को उच्च रक्तचाप व निम्न रक्तचाप को नियन्त्रित रखने के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गई।

## बिना बताए गर्भपात कराने का मामला

# तहरीर देने के बावजूद दर्ज नहीं हुई रिपोर्ट

संवाददाता। बेहजम-खीरी

**कस्बे में** बीते शनिवार को साकेत चिकित्सालय के बीएचएमएस (होम्योपैथिक) डॉक्टर के द्वारा संचालित किए जा रहे नर्सिंग होम में धवरपुर की आसमां देवी की मर्जी के बगैर कर अबोर्शन (गर्भपात) की जानकारी होने पर महिला के हृदय पर बज्राघात किया। चिकित्सालय की चौखट के बाहर निकलने पर फूट-फूटकर रोते हुए महिला की करुण कहानी सुनकर ग्रामीणों ने महिला की बात को रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। महिला के परिजनों ने महिला को लेकर नीमगांव थाने में तहरीर दी। जिसके दूसरे दिन न्याय की आस में थाने में पहुंची पीड़िता वहां तब तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था। वहीं पर पहले से ही मौजूद आरोपी डॉक्टर थाने के अंदर ही महिला के परिजनों की मान मनौव्वल में जुट गया। महिला बेहद मानसिक अवसाद में थी जिसके चलते वह कोई भी निर्णय लेने में सक्षम नहीं दिखाई दे रही थी। जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक नीमगांव अवधेश यादव ने इस मामले की संपूर्ण जांच चौकी प्रभारी बेहजम को सौप कर कार्यवाही करने को कहा। लेकिन वायरल खबरों का संज्ञान लेते हुए सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने एसीएमओ डॉ अश्वनी कुमार को सोमवार को मौके पर जांच करने के लिए भेजा। डॉ अश्वनी कुमार ने सीएससी अधीक्षक अनिल वर्मा व डाक्टर संतोष शुक्ला के साथ बंद कमरे में बैठकर पीड़िता एवं आरोपी पति-पत्नी डॉक्टर के बयान दर्ज कर उच्च अधिकारियों को जांच प्रेषित की या नहीं की। इस बारे में उनके मोबाइल नंबर 9415423960 पर संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उनका मोबाइल स्विच बंद होने के कारण संपर्क नहीं हो सका। इस बारे में सीएमओ डाक्टर संतोष गुप्ता ने बताया कि जांच टीम गठित की गई थी जांच टीम मौके पर पहुंचकर आरोपी डॉक्टर व पीड़िता के बयान दर्ज कर लौट आई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।स्वास्थ्य विभाग की नियमावली का खुलेआम उल्लंघन करने वाले आरोपी डॉक्टर के पास होम्योपैथिक की डिग्री होने के चलते आरोपी डॉक्टर के द्वारा नर्सिंग होम खोलकर खुलेआम एलोपैथिक की दवाइयों का उपयोग कर ग्रामीण क्षेत्र की भोली-भाली गरीब जनता के जीवन से खिलवाड़ कर उनका इलाज किया जा रहा है। यह सब कुछ माजरा सी एच सी डॉक्टर अनिल वर्मा की नाक के नीचे हो रहा यह सब मामला स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी समेत पुलिस विभाग के अधिकारी जान कर भी आरोपी चिकित्सक के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई करने के बजाय अभयदान देने का काम किया जा रहा है। क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ।

## पेज एक का शेष

### द कश्मीर...

की तीखी प्रतिक्रिया लापिद की फिल्म के बारे में की गई टिप्पणी के एक दिन बाद आई है। गोवा में 53वें भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) के जूरी प्रमुख और इज़राइली फिल्मकार नदव लापिद ने सोमवार को हिंदी फिल्म द कश्मीर फाइल्स को दुष्प्रचार करने वाली और भद्दी फिल्म बताया था। मालूम हो कि यह फिल्म 1990 में कश्मीरी पंडितों के कत्लेआम और जम्मू-कश्मीर से पलायन के इर्द-गिर्द बुनी गई है। लापिद की टिप्पणी से देशभर में एवं सोशल मीडिया पर विवाद खड़ा हो गया। हर तरफ से तीखी प्रतिक्रियाओं को शांत करने की कोशिश करते हुए मंगलवार को इजराइली राजदूत ने ट्विटर पर खुला पत्र लिखकर भारत से माफी मांगी। उन्होंने लिखा कि यह हिब्रू में नहीं है। वह चाहते हैं कि इस बात को मेरे भारतीय भाई-बहन समझें। गिलॉन ने कहा कि लापिद ने जूरी के पैनल में भारतीय निमंत्रण का सबसे खराब तरीके से दुरुपयोग किया है। भारतीय संस्कृति अतिथि को भगवान का दर्जा दिया गया है। आपने गोवा में इफ्फी के मंच पर जूरी पैनल की अध्यक्षता के लिए मिले भारतीय निमंत्रण के साथ विश्वास, सम्मान और गर्मजोशी भरे आतिथ्य का सबसे खराब तरीके से दुरुपयोग किया है। राजदूत की यह टिप्पणी लापिद के फिल्म द कश्मीर फाइल्स के बारे में यह कहे जाने के बाद आई है कि द कश्मीर फाइल्स देखकर जूरी सदस्य परेशान और हैरान थे। यह फिल्म हमें दुष्प्रचार और अश्लील लगी, जो इस तरह के एक प्रतिष्ठित फिल्म समारोह के कलात्मक प्रतिस्पर्धी वर्ग के लिए अनुपयुक्त है। जूरी ने अपनी टिप्पणी से खुद को दूर कर लिया है और इसे लापिद की 'व्यक्तिगत राय' करार दिया है। इजराइली राजदूत ने कहा कि उनके देश के लोगों को भारतीयों के प्रति काफी विनम्र होना चाहिए, क्योंकि वे 'फौदा' जैसी टीवी श्रृंखला सहित बहुत सारी इजरायली सामग्री देखते हैं। उन्होंने कहा कि मैं कोई फिल्म विशेषज्ञ नहीं हूं, लेकिन मुझे पता है कि ऐतिहासिक घटनाओं का गहराई से अध्ययन करने से पहले उनके बारे में बात करना असंवेदनशील और ढीठपन है। भारत के लिए यह खुला खुला घाव है, क्योंकि इससे कश्मीर से पलायन करने वाले लोग आज भी आसपास हैं और उस विभीषिका की कीमत चुका रहे हैं। वह लापिद की टिप्पणी की निंदा करते हैं। दूसरी ओर मुम्बई में महावाणिज्य दूत कोब्बी शोशनी ने संवाददाता सम्मेलन में अभिनेता अनुपम खेर के साथ मंच साझा करते हुए कहा कि द कश्मीर फाइल्स दुष्प्रचार नहीं है बल्कि एक मजबूत फिल्म है जो कश्मीरी लोगों की पीड़ा को दिखाती है। खेर ने सहमति जताते हुए कहा कि फिल्म के संबंध में लापिद की टिप्पणी से पैदा हुए विवाद ने भारत और इजराइल को करीब ला दिया है।

### भाजपा ने...

यह हुआ कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर, शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने इजराइली फिल्म निर्माता के भाषण का वीडियो लिंक साझा करते हुए कहा कि कश्मीरी पंडितों के लिए न्याय के एक संवेदनशील मुद्दे को दुष्प्रचार की वेदी पर बलिदान कर दिया गया। बेबाकी से अपनी राय रखने के लिए पहचाने जाने वाली अभिनेत्री स्वरा भास्कर ने फिल्म महोत्सव के समापन समारोह में लापिद की टिप्पणियों को लेकर एक खबर का लिंक साझा किया। उन्होंने कहा कि जाहिर तौर पर यह दुनिया के लिए साफ है। भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने लापिद द्वारा द कश्मीर फाइल्स की निंदा किए जाने की तुलना नरसंहार को खारिज किए जाने से की, जिसमें हिटलर सरकार ने लाखों यहूदियों की हत्या कर दी थी। मालवीय ने कहा कि लंबे समय तक लोगों ने नरसंहार को भी मानने से इनकार कर दिया था तथा शिंडलर्स लिस्ट को दुष्प्रचार बताया था जैसा कि कुछ लोग कश्मीर फाइल्स के साथ कर रहे हैं। अंततः सच की जीत होती है। भाजपा नेता और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि जूरी सदस्य कोई भगवान नहीं हैं। हमें फिल्म द कश्मीर फाइल्स अच्छी लगी और हमने इसका प्रचार किया। हमने खुद देखा है कि कश्मीर में क्या हुआ, उन्हें (जूरी सदस्यों को) फिल्म को बदनाम करने का क्या अधिकार है।

### राहुल गांधी...

वाला उनकी जगह नहीं ले सकता। इसके जवाब में पायलट ने कहा था कि इस तरह कीचड़ उछालने से उनको मदद नहीं मिलने वाली है। मीडिया से बात करते हुए गहलोत ने कहा कि पार्टी के समक्ष मुख्य मुद्दा वर्ष 2023 का विधानसभा चुनाव है और साथ ही दावा किया कि जनता का मूड कांग्रेस के पक्ष में है। हम विधानसभा चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा कि हम जनता की भलाई के लिए कई अनूठी योजनाएं और कार्यक्रम चला रहे हैं, जिसका सीधा लाभ लोगों को हो रहा है। दौरे के दौरान लोगों की उत्साह बढ़ाने वाली प्रतिक्रियाओं का मतलब साफ है कि कांग्रेस फिर से सरकार बनाने जा रही है।

### विस्तार का...

कम लागत वाली सेवा दोनों की पेशकश करेगी। टाटा समूह से चार एयरलाइन जुड़ी हैं। ए हैं...एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, एयर एशिया इंडिया और विस्तार। टाटा समूह ने एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस का इस साल जनवरी में अधिग्रहण किया था।

### अंजन दास...

पत्नी पूनम की कमाई बिहार में अपनी दूसरी पत्नी और आठ बच्चों को भी भेज रहा था। इस बात को लेकर दोनों में झगड़ा होता था।

### अंजुमन इंतेजामिया...

बाधित नहीं होता। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने मामले में थोड़ी देर सुनवाई करने के बाद सुनवाई बुधवार के लिए टाल दी। अदालत में लक्ष्मी देवी द्वारा दायर याचिका पर भी बुधवार को सुनवाई होनी है। लक्ष्मी देवी ने वाराणसी के जिला जज के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग की मांग खारिज कर दी गई थी। उल्लेखनीय है कि कार्बन डेटिंग और ग्राउंड पेनिट्रेशन राडार (जीपीआर) सर्वे सहित अन्य वैज्ञानिक तरीके से शिवलिंग का काल निर्धारण करने के लिए आयोग गठित करने का आवेदन दाखिल किया गया था, जिसे वाराणसी के जिला जज ने 14 अक्टूबर को खारिज कर दिया था। याचिकाकर्ताओं ने अधिवक्ता आयोग की कार्यवाही के दौरान 16 मई, 2022 को प्राप्त कथित शिवलिंग के नीचे निर्माण की प्रकृति का पता लगाने के लिए जीपीआर सर्वे या उत्खनन कराए जाने की मांग की है।

### जहां राष्ट्रीय...

से है, जो हमेशा सीमाओं पर सतर्क रहते हैं, हम शांति से सोते हैं और बिना किसी डर के अपना जीवन जीते हैं। सिंह ने इस तथ्य पर भी प्रकाश डाला कि बड़ी संख्या में सैन्यकर्मी 35-40 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त हो जाते हैं ताकि सशस्त्र बलों का युवापन बना रहे। उन्होंने इसे लोगों द्वारा पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की हरसंभव मदद करने का एक और कारण बताया। देश के वीरों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि इस दिशा में कई पहल की गई हैं। इनमें भारत के वीर पोर्टल भी शामिल है, जिसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के अधिकारियों और जवानों के कल्याण के लिए सिंह के गृह मंत्री रहते हुए शुरू किया गया था। हाल ही में, सिंह द्वारा सशस्त्र बल युद्ध हताहत कल्याण कोष में योगदान के लिए माँ भारती के सपूत वेबसाइट शुरू की गई थी।

### मोदी के...

इलेक्शन में भी तुम्हारी सूरत देखना... एमपी इलेक्शन में भी तुम्हारी सूरत...हर जगह...कितने हैं भाई...क्या आपके रावण के जैसा सौ मुख हैं। क्या है?...समझ में नहीं आता मुझे। इस टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए मुख्यमंत्री पटेल ने एक ट्वीट में कहा, किसी भी विकास के एजेंडे और लोगों के समर्थन के बिना, कांग्रेस गुजरात और गुजरातियों को गाली देने पर उतारू है। पटेल ने कहा, प्रधानमंत्री के खिलाफ खरगे द्वारा दिया गया बयान गुजरातियों के प्रति उनकी नफरत का प्रमाण है। गुजरात के लोग इस बार भी उन्हें इस तरह के व्यवहार के लिए खारिज कर देंगे। भाजपा शासित गुजरात की 182 सदस्ईय विधानसभा के लिए दो चरणों में एक और पांच दिसंबर को मतदान होना है। प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के उम्मीदवारों के लिए बड़े पैमाने पर प्रचार कर रहे हैं।भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री के लिए इस प्रकार की भाषा का प्रयोग करना, वह भी गुजराती सपूत के लिए करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा, यह निंदनीय है और कहीं ना कहीं और यह कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता है।कांग्रेस अध्यक्ष की उक्त टिप्पणी को हर गुजराती और गुजरात का अपमान करार देते हुए पात्रा ने दावा किया कि उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के कहने पर प्रधानमंत्री के खिलाफ इस शब्द का इस्तेमाल किया है।

# कट्टरपंथ से निपटने में उलेमा की महत्वपूर्ण भूमिका : अजीत डोभाल

**भाषा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रीय सुरक्षा** सलाहकार अजीत डोभाल ने मंगलवार को कहा कि इस्लाम के मूल सहिष्णु एवं उदारवादी सिद्धांतों के बारे में लोगों को शिक्षित करने तथा प्रगतिशील विचारों से कट्टरपंथ का मुकाबला करने में उलेमा की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत और इंडोनेशिया में अंतर-धार्मिक शांति एवं सामाजिक सौहार्द की संस्कृति को आगे बढ़ाने में उलेमा की भूमिका विषय पर एक सत्र को संबोधित करते हुए डोभाल ने कहा, हमें कट्टरता से दूर होने के साझे विचारों को मजबूत बनाने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है।

गौरतलब है कि इंडोनेशिया के राजनीतिक, कानूनी एवं सुरक्षा मामलों के समन्वय मंत्री मोहम्मद महफूद सोमवार से भारत की यात्रा पर हैं। उनके साथ 24 सदस्ईय एक शिष्टमंडल भी आया है, जिसमें उलेमा के अलावा अन्य धार्मिक नेता भी शामिल हैं। इंडिया इस्लामिक सेंटर में इंडोनेशिया से आए शिष्टमंडल ने यहां भारतीय समकक्षों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। डोभाल ने अपने शुरुआती संबोधन में कहा कि चरमपंथ और आतंकवाद इस्लाम के अर्थ के खिलाफ है, क्योंकि इस्लाम का मतलब शांति और सलामती होता है। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में नफरती भाषण, पूर्वाग्रह, दुष्प्रचार, हिंसा, संघर्ष और तुच्छ कारणों से धर्म के दुरुपयोग के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि भारत और इंडोनेशिया आतंकवाद और अलगाववाद से पीड़ित रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां इन चुनौतियों से काफी हद तक निपटा गया है, वहीं सीमापार और आईएसआईएस प्रेरित आतंकवाद खतरा बना हुआ है। डोभाल ने कहा, आईएसआईएस प्रेरित व्यक्तिगत आतंकी प्रकोष्ठ के खतरों का मुकाबला करने के लिए नागरिक संस्थाओं का सहयोग जरूरी है।

## लोक जनशक्ति पार्टी के चुनाव चिह्न विवाद में सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली।** लोक जनशक्ति पार्टी के चुनाव चिह्न से जुड़े विवाद के हल के लिए निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा मंगलवार को होने वाली व्यक्तिगत सुनवाई स्थगित कर दी गई है क्योंकि चिराग पासवान ने गुजरात विधानसभा चुनावों में अपनी व्यस्तता के कारण स्थगन का अनुरोध किया था। सूत्रों ने यह जानकारी दी। आयोग ने व्यक्तिगत सुनवाई के लिए चिराग पासवान और पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व वाले धड़ों को आज दोपहर चुनाव निकाय के मुख्यालय निर्वाचन सदन में बुलाया था। सूत्रों के अनुसार हाल ही में चिराग पासवान ने सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध करते हुए कहा था कि वह गुजरात के विधानसभा चुनाव में व्यस्त हैं जहां एक दिसंबर और पांच दिसंबर को मतदान है। सूत्रों ने कहा कि आयोग ने अभी अगली तारीख नहीं तय की है। आयोग ने अक्टूबर 2021 में अपने अंतरिम आदेश में, दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों को लोक जनशक्ति पार्टी के नाम या उसके चुनाव चिह्न बंगला के उपयोग करने पर तब तक के लिए रोक लगा दी थी जब तक कि उनके बीच विवाद का हल नहीं हो जाता। पासवान के गुट को अब लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) नाम मिला है और उसका चुनाव चिह्न हेलीकॉप्टर है।

## गुजरात चुनावः आप के सीएम पद के उम्मीदवार गढ़वी के सामने त्रिकोणीय मुकाबला

**खंभालिया (गुजरात)।** गुजरात विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार ईशुदान गढ़वी खंभालिया से मैदान में हैं, जिसके चलते इस सीट पर सबकी नजरें हैं। गढ़वी को इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले का सामना करना होगा, जहां से कांग्रेस ने अपने मौजूदा विधायक विक्रम मदाम को टिकट दिया है जबकि भाजपा ने मुलुभाई बेरा को उतारा है। आप में शामिल होकर राजनीति में प्रवेश करने से पहले एक लोकप्रिय गुजराती समाचार वाचक रहे गढ़वी की छवि अच्छी है और वह राज्य में अपनी पार्टी के मुख्य प्रचारक के रूप में उभरे हैं, लेकिन चुनावी जानकारों का कहना है कि इस निर्वाचन क्षेत्र के सामाजिक समीकरण उनके लिए एक चुनौती हैं। दिग्गज नेता व पूर्व लोकसभा सदस्य मदाम और राज्य के पूर्व मंत्री बेरा दोनों अहीर समुदाय से संबंध रखते हैं। जाति के हिसाब से इस सीट पर अहीर समुदाय से संबंध रखने वालों की संख्या सबसे अधिक है जबकि मुसलमान मतदाता भी काफी महत्वपूर्ण हैं। चुनाव पर नजर रखने वालों का कहना है कि मतदान में जाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और आप नेता गढ़वी को नुकसान हो सकता है क्योंकि इस सीट पर उनके समुदाय के मतदाताओं की संख्या बहुत कम है जबकि मुसलमानों का रूझान कांग्रेस की तरफ है।

हालांकि, गढ़वी ने खुद को एक किसान के बेटे के रूप में पेश किया है। उन्होंने कहा है कि वह सभी के लिए काम करेंगे और सामुदायिक पहचान को बढ़ावा नहीं देंगे। आप के नेता व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया है कि गढ़वी रिकॉर्ड अंतर से जीत हासिल करेंगे। कांग्रेस और भाजपा दोनों के कार्यकर्ताओं ने दावा किया है कि मुकाबला उनके दलों के बीच है और आप इस लड़ाई में तीसरे स्थान पर रहेगी। हालांकि, आप सदस्यों का कहना है कि परंपरागत रूप से दोनों बड़े दलों को उनकी पार्टी के आने से झटका लगा है। भाजपा ने 2007 और 2012 में यह सीट जीती थी, लेकिन 2014 के उपचुनाव में वह कांग्रेस से हार गई थी। कांग्रेस ने 2017 के चुनाव में यह सीट बरकरार रखी थी। खंभालिया देवभूमि द्वारका जिले में पड़ता है, जो सौराष्ट्र क्षेत्र का एक हिस्सा है। इस सीट पर पहले चरण में एक दिसंबर को मतदान होना है। राज्य में दूसरे चरण के तहत पांच दिसंबर को मतदान होना है जबकि मतगणना आठ दिसंबर को होगी।

## क्विक न्यूज

### दुबई से जयपुर पहुंचे यात्री से 31.43 लाख रुपए मूल्य का सोना जब्त

**जयपुर।** सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दुबई से आए एक यात्री के पास से 31.43 लाख रुपए मूल्य का सोना जब्त किया है। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि यात्री से जब्त 582.200 ग्राम वजनी सोने की कीमत 31 लाख 43 हजार 880 रुपए आंकी गई है। उन्होंने बताया, सोमवार रात विमान से दुबई से जयपुर पहुंचे यात्री ने यह सोना इमरजेंसी लाईट में छुपा रखा था।

### जगन्नाथ मंदिर के अंदर की तस्वीरें खींचकर फेसबुक पर डालने को लेकर बांग्लादेशी यूट्यूबर गिरफ्तार

**पुरी।** श्री जगन्नाथ मंदिर के गर्भगृह की तस्वीरें खीचकर सोशल मीडिया पर डालने के आरोप में 23 वर्षीय बांग्लादेशी यूट्यूबर (यूट्यूब पर वीडियो अपलोड करने वाला) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंदिर के अंदर कैमरे का इस्तेमाल वर्जित है। अधिकारी ने बताया कि अपराध संज्ञेय नही था, इसलिए बाद में एक स्थानीय अदालत ने उसे जमानत दे दी। एक सप्ताह पहले आरोपी आकाश चौधरी द्वारा फेसबुक पर अपलोड की गईं तस्वीरें कुछ ही समय बाद सोशल मीडिया पर काफी प्रसारित हो गईं थीं, जिसके चलते 12वी सदी के इस मंदिर की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गईं। अधिकारी ने बताया कि मंदिर प्रशासन ने यहां सिंहद्वार थाने में बांग्लादेश के सिलहट क्षेत्र के निवासी चौधरी के खिलाफ मामला दर्ज कराया।वृंदावन के लिए रवाना हो चुके चौधरी को पुलिस ने वापस बुलाया, जिसके बाद वह सोमवार को पुरी लौट आया। चौधरी के खिलाफ नियमों का उल्लंघन करके गर्भगृह की तस्वीरें खीचने और फेसबुक पर डालने के आरोप में श्री जगन्नाथ मंदिर अधिनियम, 1954 और आईटी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। उसका फोन और पासपोर्ट भी जब्त कर लिया गया। बाद में युवक को एक स्थानीय अदालत से जमानत मिल गई।

### सात स्थानों पर पुलिस चौकियां स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी

**शिलॉंग।** मेघालय मंत्रिमंडल ने असम से लगी राज्य की सीमा से सटे हिंसा प्रभावित मुकरोह गांव सहित सात स्थानों पर पुलिस चौकियां स्थापित करने के प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी दे दी। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, मंत्रिमंडल ने खासी जयंतिया हिल्स क्षेत्र में सात चौकियां स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इन चौकियों में से दो वेस्ट जयंतिया हिल्स जिले में अंतर-राज्ईय सीमा से लगे मुकरोह और तिहवीह गांवों में बनाई जाएंगी। अंतरराज्यीय सीमा के पास 22 नवंबर को हिंसा भड़क उठी थी, जब असम के वन रक्षकों द्वारा कथित रूप से अवैध रूप से काटी गई लकड़ियों से लदे एक ट्रक को रोका गया था। हिंसा में छह लोगों की मौत हो गई थी। संगमा ने कहा कि अन्य सीमा चौकियां असम-मेघालय सीमा पर लंगपीह, लेजाडुबी, उमवाली, मुरीप और रानी में स्थापित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पथरखमाह और किरशाई में मौजूदा चौकियों को थानों में बदला जाएगा। मुख्यमंत्री के मुताबिक, प्रत्एक सीमा चौकी के संचालन पर सालाना करीब दो करोड़ रुपए का खर्च आएगा। संगमा ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को विवादित सीमावर्ती इलाकों के कुछ गांवों का दौरा करने और रिपोर्ट सौंपने का भी निर्देश दिया है।

### बुरहानपुर में बदमाशों ने वन विभाग की चौकी से 17 बंदूकें लूटी

**बुरहानपुर (मप्र)।** मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले में अज्ञात लोगों ने वन विभाग की एक चौकी से 17 बंदूकें लूट ली। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि यह घटना सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे नेपानगर तहसील के नावरा वन क्षेत्र की ग्राम बाकड़ी स्थित वन चौकी पर हुई। पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया, सोमवार रात को नेपानगर क्षेत्र के बाकड़ी में बनी वन चौकी से हथियार लूटने की वारदात हुई है। बदमाशों ने 17 बंदूकें लूटी हैं। उन्होंने कहा कि घटना के वक्त चौकी में एक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी तैनात था। लोढ़ा ने बताया कि इस कर्मचारी के मुताबिक करीब 15 से 20 लोग अचानक चौकी में आए और चौकी में तोड़फोड़ कर वहां रखे हथियारों को लूट लिया। घटना के बाद घटनास्थल का दौरा करने वाले पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आरोपियों को पकड़ने और चोरी किए गए हथियारों को बरामद करने के लिए दो पुलिस दलों का गठन किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, वन विभाग और पुलिस की टीम पिछले कुछ दिनों से इस क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने और पेड़ों की अवैध कटाई को रोकने के लिए अभियान चला रही है।

## अमृतसर में बीएसएफ महिला कर्मियों ने पाकिस्तान का ड्रोन मार गिराया

**अमृतसर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक महिला दस्ते ने 3.1 किलोग्राम नशीले पदार्थ के साथ पाकिस्तान से पंजाब के अमृतसर जिले की सीमा में दाखिल हुए एक ड्रोन को मार गिराया और सीमा पार से मादक द्रव्य की तस्करी की साजिश नाकाम कर दी। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ कर्मियों ने सोमवार रात को अमृतसर शहर से करीब 40 किलोमीटर उत्तर में चाहरपुर गांव के पास भारतीय क्षेत्र में ड्रोन को घुसते देखा। उन्होंने बताया कि 73 बटालियन की दो महिला कांस्टेबल ने ड्रोन पर 25 गोलियां दागीं और उसे रात 11 बजकर पांच मिनट पर मार गिराया।

उन्होंने बताया कि तलाश अभियान के दौरान बीएसएफ को छह रोटर (पंख) वाला मानवरहित यान हेक्साकॉप्टर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त स्थिति में मिला। उन्होंने बताया कि 18 किलोग्राम वजनी ड्रोन में 3.11 किलोग्राम नशीला पदार्थ रखा था, जिसे उसके नीचे सफेद रंग की एक पॉलिथीन में लपेटकर रखा गया था। बल के एक प्रवक्ता ने कहा, बीएसएफ के सतर्क कर्मी एक ड्रोन को पकड़ने और तस्करी की कोशिश को नाकाम करने में फिर सफल रहे। ड्रोन को महिला कर्मियों ने मार गिराया। एक अधिकारी ने बताया कि इस बीच, सोमवार देर रात 10 बजकर 57 मिनट पर वडई चीमा सीमा चौकी पर एक और ड्रोन दिखा। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के बलों ने मानरहित यान पर गोलियां चलाईं, जिसके बाद वह पाकिस्तान की सीमा में लौट गया।

## झारखंड पुलिस ने बलात्कार मामले में छत्तीसगढ़ उपचुनाव के भाजपा उम्मीदवार, तीन अन्य को नोटिस भेजा

**भाषा।** कांकेर (छत्तीसगढ़)

**छत्तीसगढ़ में** भानुप्रतापपुर विधानसभा सीट के लिए हो रहे उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार समेत चार लोगों को झारखंड पुलिस ने बलात्कार के एक मामले में नोटिस भेज कर थाने में हाजिर होने के लिए कहा है। भाजपा उम्मीदवार ब्रम्हानंद नेताम और तीन अन्य इस मामले में आरोपी हैं। नोटिस में आरोपियों से कहा गया है कि उनके खिलाफ झारखंड के टेल्को थाना में बलात्कार के मामले में भारतीय दंड संहिता, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम और अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों से कहा गया है कि वे इस मामले की जांच में सहयोग करते हुए मंगलवार सुबह 10 बजे कैंप थाना कांकेर में उपस्थित हों।

छत्तीसगढ़ में सत्ताधारी दल कांग्रेस ने 20 नवंबर को दावा किया था कि भाजपा के पूर्व विधायक और भानुप्रतापपुर उपचुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार ब्रह्मानंद नेताम 15 मई, 2019 को जमशेदपुर के टेल्को पुलिस थाने में दर्ज बलात्कार के एक मामले में आरोपी हैं लेकिन उन्होंने अपने चुनावी शपथपत्र में कथित तौर पर अपने खिलाफ दर्ज अपराध को छुपाया था। छत्तीसगढ़ पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि झारखंड के टेल्को पुलिस थाने का एक दल सोमवार को कांकेर पहुंचा और नेताम तथा तीन अन्य आरोपियों केशव सिन्हा, नरेश सोनी और दीपांकर सिन्हा के ठिकाने का पता लगाने के लिए स्थानीय पुलिस से संपर्क किया। छत्तीसगढ़ पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि झारखंड पुलिस के दल ने सोमवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की थी। मंगलवार की सुबह स्थानीय पुलिस के साथ झारखंड पुलिस चारों आरोपियों के घर पहुंची थी। उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 366 ए (नाबालिग लड़की की खरीद), 376 (बलात्कार), 376 एबी (12 साल से कम उम्र की लड़की से बलात्कार) एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) तथा अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। राज्य में इस उपचुनाव के दौरान झारखंड पुलिस की कार्वाई से राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर उपचुनाव में हार की आशंका से नेताम की छवि खराब करने के लिए हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार के साथ मिलीभगत कर साजिश रचने का आरोप लगाया है। भाजपा नेताओं ने सवाल किया है कि जब 2019 में मामला दर्ज किया गया था तब झारखंड पुलिस ने लंबे समय तक कार्वाई क्यों नहीं की। राज्य के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित भानुप्रतापपुर विधानसभा सीट से विधायक और विधानसभा उपाध्यक्ष मनोज सिंह मंडावी की मृत्यु के बाद से यह सीट रिक्त है।

## शिवसेना धड़ों से संबंधित मामले पर 12 दिसंबर को सुनवाई करेगा निर्वाचन आयोग

**भाषा।** नई दिल्ली

**निर्वाचन आयोग** चुनाव चिह्न को लेकर शिवसेना के उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले विरोधी गुटों के मामले पर 12 दिसंबर को सुनवाई करेगा। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी के चुनाव चिह्न से संबंधित विवाद ठोस सुनवाई के चरण में पहुंच गया है और दोनों गुटों की पहली व्यक्तिगत सुनवाई के लिए 12 दिसंबर की तारीख निर्धारित की गई है जिसके लिए मंगलवार को आवश्यक आदेश जारी किया गया। आयोग ने दोनों समूहों को निर्देश दिया कि यदि कोई अन्य बयान या दस्तावेज है तो वे इसे नौ दिसंबर शाम पांच बजे तक जमा कराएं। इस महीने की शुरुआत में, आयोग ने शिवसेना के विरोधी गुटों को 23 नवंबर तक पार्टी के नाम और उसके प्रतीक पर अपने-अपने दावों के समर्थन में नए दस्तावेज जमा कराने को कहा था। साथ ही उसने दोनों धड़ों से कहा था कि वे आयोग को सौंपे गए दस्तावेज एक दूसरे से साझा करें। अक्टूबर में एक अंतरिम आदेश में आयोग ने दोनों गुटों को पार्टी के नाम या उसके चिह्न धनुष और तीर का उपयोग करने से रोक दिया था। बाद में, आयोग ने पार्टी के नाम के रूप में ठाकरे गुट को शिवसेना- उद्धव बालासाहेब ठाकरे और शिंदे गुट को बालासाहेबंची शिवसेना (बालासाहेब की शिवसेना) नाम दिया था। निर्वाचन आयोग ने कहा था कि अंतरिम आदेश विवाद के अंतिम निर्धारण तकै जारी रहेगा। शिंदे ने शिवसेना के 55 में से 40 विधायकों और लोकसभा में इसके 18 में से 12 सदस्यों के समर्थन का दावा करते हुए ठाकरे के नेतृत्व के खिलाफ बगावत कर दी थी। शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस गठबंधन के मुख्यमंत्री के रूप में ठाकरे के इस्तीफे के बाद, शिंदे भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री बने थे।

### मेघालय मंत्रिमंडल ने असम से लगी सीमा पर सात चौकियां स्थापित करने को मंजूरी दी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक सावित्री मित्रा की कथित विवादित टिप्पणियों के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा से बहिर्गमन किया। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल, मालती रवा और अन्य ने प्रश्नकाल के बाद इस मुद्दे को लेकर स्थगन प्रस्ताव पेश किया, जिसे अध्यक्ष विमान बनर्जी ने यह कहते हुए स्वीकार करने से इनकार कर दिया कि यह मामला राज्य सरकार से जुड़ा नहीं है। संविधान दिवस के दिन सदन में की कई कुछ टिप्पणियों को कार्यवाही से हटाए जाने का जिक्र करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आम बोलचाल में इस्तेमाल होने वाले कुछ शब्दों का प्रयोग विधानसभा में नहीं किया जा सकता। उन्होंने सदस्यों को सदन के अंदर और बाहर ऐसी टिप्पणियों से परहेज करने की सलाह दी जिससे कोई आहत हो सकता है। मालदा के माणिकचक से तृणमूल विधायक मित्रा हाल ही में उस समय विवादों में आ गईं जब उन्हें एक कथित वीडियो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के अन्य नेताओं को महाभारत का दुर्योधन और दुशासन बताते सुना गया। राज्य विधानसभा में नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा किया था, जिसके बाद भाजपा के कई नेताओं ने टिप्पणी की निंदा की। माणिकचक विधायक ने विधानसभा सत्र के दौरान कहा कि उनके बयान का गलत अर्थ निकाला गया। जब वह अपनी बात कह रही थीं तब भाजपा सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया।



उत्तराखंड में यूएस-इंडिया युद्ध अभ्यास में भाग लेते सेना के जवान

## भारत की आजादी के बाद गोवा की मुक्ति के लिए कांग्रेस सरकार ने कभी कोशिश नहीं की: सावंत

**अहमदाबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में जारी भारत जोड़ो यात्रा पर तंज कसते हुए गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मंगलवार को कहा कि प्रमुख विपक्षी पार्टी जब सत्ता में थी तो उसने गोवा को पुर्तगालियों के कब्जे से मुक्ति दिलाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया।

उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के 14 सालों बाद गोवा को वहां के स्वतंत्रता सेनानियों और देश के अन्य हिस्सों के संयुक्त संघर्ष की बदौलत पुर्तगालियों से मुक्ति मिली। गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत प्रचार अभियान समाप्त होने से पूर्व यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए सावंत ने कहा, गोवा को 1961 में आजादी मिली। जो आज भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हुए हैं, उनकी पार्टी के लोगों ने गोवा को भारत का हिस्सा बनाने और देश को एकजुट रखने की चिंता नहीं की। गोवा को अपना बचाव करने के लिए छोड़ दिया गया। सावंत चुनाव प्रचार के लिए गुजरात में थे।

पहले चरण के मतदान के मद्देनजर आज चुनाव प्रचार का अंतिम दिन था। पहले चरण में राज्य की 182 में से 89 सीटों पर एक दिसंबर को मतदान होना है। शेष 93 सीटों पर पांच दिसंबर को मतदान होगा। सावंत ने कहा, गोवा के स्वतंत्रता सेनानियों और देश का शुक्र है कि उसे आजादी के 14 सालों बाद पुर्तगालियों के शासन से मुक्ति मिली। यद्यपि कांग्रेस उस वक्त सत्ता में थी लेकिन उसने गोवा को मुक्ति दिलाने का कोई प्रयास नहीं किया। उन्होंने कहा कि तटीय प्रदेश गोवा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो विकास हुआ है, वह कांग्रेस के 50 सालों के शासन के मुकाबले बहुत अधिक है। उन्होंने कहा, हमने और प्रगति की होती यदि 2014 से पहले केंद्र की कांग्रेस सरकार ने हमें सहयोग दिया होता। लेकिन हमें उनका कोई सहयोग नहीं मिला।

## ममता ने कार्यक्रम बीच में रोका, अपर्याप्त प्रबंधों के लिए अधिकारी को फटकार लगाई

**भाषा।** हिंगलगंज (पश्चिम बंगाल)

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उत्तर 24 परगना में मंगलवार को एक कार्यक्रम बीच में रोक दिया और जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) को वे कंबल एवं गर्म कपड़े परिसर नहीं पहुंचा पाने पर फटकार लगाई, जो वह स्थानीय लोगों में वितरित करने के लिए लाई थीं। बनर्जी ने स्थानीय लोगों की मौजूदगी में जिला मजिस्ट्रेट शरद द्विवेदी से कपड़े जल्द से जल्द परिसर लाने का प्रबंध करने को कहा। हिंगलगंज में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए हजारों लोग आए थे। इसे सरकारी योजना के लाभों और जाति प्रमाण पत्र वितरित करने के लिए आयोजित किया गया था।

बनर्जी ने द्विवेदी से कहा, मैं स्थानीय लोगों के लिए 15,000 गर्म कपड़े, कंबल लाई हूं। आपने उन्हें कहां रखा है? उन्हें तुरंत मेरे पास लाइए। आप जब तक उन्हें लेकर नहीं आते, मैं कार्यक्रम को आगे नहीं बढ़ाऊंगी... मैं यहां इंतजार करूंगी। मुख्यमंत्री दो दिवसीय दौरे पर जिले में आई हैं। उन्होंने इस प्रकार की चूक के लिए डीएम और अन्य अधिकारियों को कड़ी कार्वाई की चेतावनी भी दी।उन्होंने कहा, मुझे खेद है, लेकिन अगर डीएम और प्रखंड विकास अधिकारी अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाते हैं तो मुझे कार्वाई करनी होगी। करीब 15 मिनट बाद परिसर में शॉल लाई गईं। इसके बाद मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वह स्थानीय महिलाओं के बीच।,000 शॉल वितरित करेंगी।इससे पहले हेलीकॉप्टर के जरिए मंगलवार दोपहर को यहां पहुंची मुख्यमंत्री ने स्थानीय देवी बोनबीबी के मंदिर जाकर प्रार्थना की और एक पेड़ लगाया।

## मोइली ने कोलेजियम प्रणाली संबंधी टिप्पणी को लेकर रीजीजू पर निशाना साधा

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता वीरप्पा मोइली ने न्यायाधीशों की नियुक्ति के मुद्दे पर कानून मंत्री किरेन रीजीजू के एक हालिया बयान को लेकर मंगलवार को उन पर निशाना साधा और कहा कि उनका बयान कानून के प्रतिकूल था तथा बतौर मंत्री उच्चतम न्यायालय को चुनौती देना उन्हें शोभा नहीं देता। पूर्व कानून मंत्री मोइली ने यह भी कहा कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति की कोलेजियम प्रणाली समय की कसौटी पर खरी उतरने वाली व्यवस्था है तथा इस बारे में रीजीजू की टिप्पणी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने उन्हें बर्खास्त करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने एक बयान में कहा, कानून मंत्री ने न्यायाधीशों की नियुक्ति के संदर्भ में जो अजीबोगरीब टिप्पणी की है वह देश के कानून के पूरी तरह प्रतिकूल है। कानून मंत्री के लिए यह शोभा नहीं देता कि वह उच्चतम न्यायालय को इस तरह से चुनौती दें। मोइली ने सवाल किया कि अगर इस तरह बयान दिए जाएंगे तो फिर लोकतंत्र कैसे बचेगा? उल्लेखनीय है कि कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति की व्यवस्था पर शुक्रवार को प्रहार करते हुए कहा था कि कॉलेजियम प्रणाली संविधान के प्रति सर्वथा अपरिचित शब्दावली है। उन्होंने यह भी था कि उच्चतम न्यायालय ने अपने विवेक से एक अदालती फैसले के जरिए कॉलेजियम का गठन किया। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया था कि 1991 से पहले सभी न्यायाधीशों की नियुक्ति सरकार द्वारा की जाती थी।

## सिद्धरमैया ने अपने जीवन पर फिल्म बनाए जाने से संबंधित खबरों की पुष्टि की

**भाषा।** शिवमोगा/बेंगलुरु

**कर्नाटक के** पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने अपने जीवन पर फिल्म बनाए जाने की खबरों पर मंगलवार को खुद मुहर लगाते हुए कहा कि कुछ लोगों ने इस संबंध में उनसे संपर्क किया है। ऐसी भी खबरें हैं कि तमिल अभिनेता विजय सेतुपति कांग्रेस के 75 वर्षीय नेता सिद्धरमैया की भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि अभी कुछ भी तय नहीं हुआ है। सिद्धरमैया और पूर्व मंत्री व कनकगिरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक शिवराज तंगाडगी के नेतृत्व में उनके कुछ प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर एक दौर की चर्चा हो चुकी है।

सिद्धरमैया ने शिवमोगा में पत्रकार के एक सवाल के जवाब में कहा, मुझे नहीं पता, कनकगिरी निर्वाचन क्षेत्र (कोप्पल जिले में) से आए कुछ लोगों ने कहा कि वे एक फिल्म बनवाना चाहते हैं। बस इतना ही। मुझे ज्यादा जानकारी नहीं है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह अभिनय करेंगे, तो कर्नाटक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सिद्धरमैया ने कहा, नहीं...मैं नहीं...मुझे अभिनय नहीं आता। तंगाडगी ने फिल्म बनाने की योजना की पुष्टि करते हुए कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के कुछ युवा सिद्धरमैया के जीवन को एक फिल्म के जरिए सामने लाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने इस सिलसिले में एम एस क्रिएशंस नामक प्रोडक्शन कंपनी भी पंजीकृत कराई है। उन्होंने कहा कि निर्देशक एक नया व्यक्ति है, जिसका नाम सत्यारतनम है। उन्होंने कहा, मेरे कनकगिरी निर्वाचन क्षेत्र के युवाओं ने सिद्धरमैया पर एक फिल्म बनाने की इच्छा के साथ मुझसे संपर्क किया था। हमने इस संबंध में सिद्धरमैया से मुलाकात की थी। उन्होंने (सिद्धरमैया) चुनाव का हवाला देते हुए कुछ समय मांगा। हम छह, सात या आठ दिसंबर को उनसे दोबारा मुलाकात करके फिल्म बनाने के लिए मंजूरी लेना चाहते हैं।

# चीन के शहरों में भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात

## कोविड-19 पाबंदियों के खिलाफ प्रदर्शन थमे

एपी। बीजिंग

विश्वविद्यालय देश में कोविड-19 की रोकथाम के लिए कड़ी होती पाबंदियों के मद्देनजर छात्रों को उनके घर भेज रहे हैं। चीन सरकार की तरफ से लागू पाबंदियों के खिलाफ देश के विभिन्न शहरों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

हालांकि मंगलवार को बीजिंग, शंघाई और अन्य प्रमुख शहरों में पुलिसकर्मियों की भारी तैनाती के चलते प्रदर्शनकारी शांत रहे। कुछ शहरों में सोमवार को कोविड-19 पाबंदियों में ढील दी गई थी। इसका मकसद सप्ताहांत में कम से कम आठ शहरों में हुए विरोध प्रदर्शन के बाद फूटे लोगों के गुस्से को शांत करना था। हालांकि सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी अपनी जीरो कोविड रणनीति पर कायम है, जिसके चलते लाखों लोगों को अपने घरों में कैद होना पड़ा है।



सिंगहुआ विश्वविद्यालय के छात्रों ने रविवार को विरोध प्रदर्शन किया, जहां से राष्ट्रपति शी चिनफिंग पढ़ाई कर चुके हैं। वहीं, बीजिंग और दक्षिणी प्रांत ग्वांगडोंग के अन्य विश्वविद्यालयों ने कहा कि वे छात्रों को कोविड-19 से बचाने के प्रयास कर रहे हैं। कुछ विश्वविद्यालयों ने छात्रों को रेलवे स्टेशनों तक ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा है कि कक्षाएं और अंतिम परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी।बीजिंग वानिकी विश्वविद्यालय ने अपनी वेबसाइट पर कहा, हम इच्छुक छात्रों को उनके गृहनगर भेजने की व्यवस्था करेंगे। विश्वविद्यालय ने कहा कि कोई भी कर्मचारी या छात्र कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं पाया गया है। मंगलवार को संक्रमण के दैनिक मामलों की संख्या थोड़ी कम 38,421 रही। इससे पहले बीते कुछ दिन में कोविड-19 के रिकॉर्ड मामले सामने आ रहे थे। इन 38,421 संक्रमितों में से 34,860 में संक्रमण का कोई लक्षण नहीं दिखा है।

चीन के विभिन्न शहरों में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। मध्य बीजिंग में जमा हुए करीब चार दर्जन प्रदर्शनकारियों ने कोविड-19 नीतियों के चलते जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के समूहों को अलग-अलग करने के लिए इलाके को घेर लिया। नियमों के अनुसार एक जगह पर 12 से अधिक लोगों के एकत्र होने पर पाबंदी है। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के पहचान पत्रों की जांच की। हालांकि किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया।वहीं, हांगकांग में, प्रदर्शनकारियों ने चीनी विश्वविद्यालय के बाहर पोस्टर लगाए जिनपर लिखा था, डरना मत, भूलना मत, माफ मत करना। छात्रों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए चेहरा ढंक रखा था। उन्होंने कोई पीसीआर जांच नहीं, बल्कि इनसे आजादी चाहिए और तानाशाही का विरोध करो, गुलाम मत बनो के नारे लगाए। इसके अलावा उन्होंने मुख्यभूमि चीन में विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों के समर्थन में नारे भी लगाए। इस बीच, अमेरिका ने कहा कि वह चीन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार के लिए खड़ा रहेगा और उसका समर्थन करना जारी रखेगा।

व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के रणनीतिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका चीन में हो रहे घटनाक्रमों पर करीब से नजर रख रहा है। किर्बी ने कहा, दुनिया भर में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के लिए हमारा संदेश एक समान और वही है कि लोगों को इकट्ठा होने और नीतियों या कानूनों का शांतिपूर्वक विरोध करने का अधिकार दिया जाना चाहिए। ताइवान ने भी विरोध प्रदर्शनों पर टिप्पणी की, जिसे चीन अपना क्षेत्र बताता रहा है।ताइवान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जोआन ओउ ने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "हम चीनी अधिकारियों से लोगों की उचित मांगों को सक्रिय रूप से पूरा करने और हालात जल्द से जल्द सामान्य होने देने का आह्वान करते हैं।"



## इजराइली गोलीबारी में चार फलस्तीनी नागरिकों की मौत

**यरूशलम।** एक फलस्तीनी व्यक्ति ने मंगलवार को एक इजराइली महिला सैनिक को अपनी कार से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद इजराइली पुलिस ने उसे गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। इसके साथ ही मंगलवार को इजराइली सुरक्षाबलों की गोलीबारी में मरने वाले फलस्तीनी नागरिकों की संख्या बढ़कर चार हो गई। इससे पहले फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा था कि इजराइल द्वारा गोलीबारी की अलग-अलग घटनाओं में कब्जे वाले पश्चिमी तट में तीन फलस्तीनी लोगों की मौत हो गई। पिछले दिनों, यरुशलम में बम विस्फोट में दो इजराइली नागरिकों के मारे जाने की घटना के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है और हिंसा की कई घटनाएं हुई हैं। फलस्तीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी वफा के अनुसार, पश्चिमी तट में हेब्रोन शहर के उत्तर में इजराइली सैनिकों और निवासियों के बीच झड़पें हुईं। इजराइली सेना ने कहा कि फलस्तीनियों ने उसके सैनिकों को निशाना बनाते हुए पथराव किया और विस्फोटक फेंके। इजराइल के अनुसार, इसके बाद उसके जवानों ने गोलियां चलाईं। इजराइली सेना के अनुसार, एक फलस्तीनी चालक ने यरुशलम के उत्तर में एक बस्ती के पास एक महिला पैदल यात्री को अपनी कार से टक्कर मार दी। सेना ने इसे जानबूझकर किया गया हमला बताया।

## अमेरिका चीन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार का समर्थन करता रहेगा : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने सोमवार को कहा कि अमेरिका चीन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार के लिए खड़ा रहेगा और उसका समर्थन करना जारी रखेगा।व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के रणनीतिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका चीन में हो रहे घटनाक्रमों पर करीब से नजर रख रहा है। किर्बी ने कहा, दुनिया भर में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के लिए हमारा संदेश एक समान और वही है कि लोगों को इकट्ठा होने और नीतियों या कानूनों का शांतिपूर्वक विरोध करने का अधिकार दिया जाना चाहिए। कोविड-19 के कारण लागू सख्त प्रतिबंधों को लकर चीन सरकार के खिलाफ समूचे देश में प्रदर्शन हो रहे हैं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, हम स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए हैं जैसा कि आप हमसे उम्मीद करते हैं। हम एक बार फिर शांतिपूर्ण प्रदर्शन के साथ खड़े हैं और उसका समर्थन करते रहेंगे। किर्बी ने कहा कि अमेरिका ने इस वक्त चीन को किसी प्रकार की मदद देने की पेशकश नहीं की है। उन्होंने कहा, हम दुनियाभर में कोविड-19 रोधी टीकों के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता हैं। हमारे टीकों को प्राप्त करने में न तो चीन की कोई दिलचस्पी दिखी है और न ही उससे कोई अनुरोध मिला है।

## जनरल आसिम मुनीर ने पाकिस्तान के नए सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान की** खुफिया एजेंसी आईएसआई के पूर्व प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने मंगलवार को देश के नए सेना प्रमुख के तौर पर कार्यभार संभाला। मुनीर जनरल कमर जावेद बाजवा की जगह लेंगे। बाजवा को 2016 में तीन साल के लिए सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था। साल 2019 में उन्हें तीन साल का सेवा विस्तार दिया गया था।मुनीर ने जनरल हैडक्वार्टर में आयोजित एक शानदार समारोह में कार्यभार संभाला और इसी के साथ वह आर्मी स्टाफ के 17वें प्रमुख बन गए। इस समारोह में वरिष्ठ अधिकारी, राजनयिक एवं नेता शामिल हुए। जनरल बाजवा ने इस मौके पर कहा, मुझे खुशी है कि मैं सेना की कमान सुरक्षित हाथों में सौंप रहा हूं। इसके बाद बाजवा ने जनरल मुनीर को कमान सौंपी। देश के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मुनीर को 24 नवंबर को सेना प्रमुख नामित किया था। पाकिस्तान में पूर्व में कई बार तख्तापलट हुआ है, जहां सुरक्षा एवं विदेशी नीति के मामलों में सेना के पास काफी शक्तियां है। मुनीर पहले ऐसे सेना प्रमुख है, जिन्होंने दो सबसे शक्तिशाली खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) और मिलिट्री इंटेलिजेंस (एमआई) के प्रमुख के रूप में सेवाएं दी हैं। हालांकि वह अब तक सबसे कम समय के लिए आईएसआई प्रमुख रहे। आठ महीने के अंदर 2019 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान के कहने पर उनकी जगह लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद को आईएसआई प्रमुख नियुक्त किया गया था।पाकिस्तान को अस्तित्व में आए 75 साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है और देश में आधे से अधिक समय तक सेना का शासन रहा है। ऐसे में देश के सुरक्षा और विदेश नीति मामलों में सेना का काफी दखल रहा है।मुनीर फ्रंटियर फोर्स रेजिमेंट के जरिए सेना में शामिल हुए थे। जब जनरल बाजवा एक्स कोर के कमांडर थे, तब मुनीर उनके मातहत फोर्स कमान नॉर्दन एरिया में ब्रिगेडियर थे। तब से मुनीर बाजवा के करीबी रहे हैं।बाद में 2017 की शुरुआत में मुनीर को मिलिट्री इंटेलिजेंस का प्रमुख नियुक्त किया गया था और उसके अगले साल अक्टूबर में आईएसआई प्रमुख बनाया गया था, लेकिन उन्हें कुछ समय बाद ही इस पद से हटा दिया गया था। इसके बाद उन्हें गुजरांवाला कोर कमांडर के तौर पर तैनात किया गया था और वह दो साल इस पद पर रहे। बाद में उन्हें क्वार्टरमास्टर जनरल के तौर पर स्थानांतरित कर दिया गया। वह पहले ऐसे सेना प्रमुख हैं, जिन्हें स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया है।

# चीन के साथ ब्रिटेन का स्वर्ण युग समाप्त हो गया है : ऋषि सुनक

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन के प्र**धानमंत्री ऋषि सुनक ने ब्रिटेन-चीन संबंधों पर कहा कि ब्रिटिश मूल्यों और हितों के लिए चीनी शासन द्वारा प्रस्तुत व्यवस्थागत चुनौती के सामने द्विपक्षीय संबंधों का तथाकथित स्वर्ण युग समाप्त हो गया है। लंदन के लॉर्ड मेयर के भोज में सोमवार रात अपने पहले प्रमुख विदेश नीति भाषण में, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा कि वह एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक के प्रति ब्रिटेन के दृष्टिकोण को विकसित करना चाहते हैं। उन्होंने चीन के मानवाधिकार रिकॉर्ड की भी आलोचना की।



हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि ब्रिटेन विश्व मामलों में चीन के महत्व को आसानी से नजरअंदाज नहीं कर सकता , इसलिए उनका दृष्टिकोण दीर्घकालिक रुख के हिसाब से दृढ़ व्यावहारिकता में से एक होगा। सुनक ने करीब सात साल पहले डेविड कैमरन के नेतृत्व वाली कंजरवेटिव पार्टी की सरकार के दौरान इस्तेमाल कथन का जिक्र करते हुए कहा, यह स्पष्ट हो जाना चाहिए कि तथाकथित स्वर्ण युग समाप्त हो गया है, साथ ही इस भोले विचार का भी अंत हो गया है कि व्यापार सामाजिक और राजनीतिक सुधार की ओर ले जाएगा। उन्होंने कहा, ना ही हमें सरलीकृत शीतयुद्ध वाली बयानबाजी पर भी भरोसा करना चाहिए। हम मानते हैं कि चीन हमारे मूल्यों और हितों के लिए व्यवस्थागत चुनौती प्रस्तुत करता है, एक ऐसी चुनौती जो अधिक गंभीर होती जाती है क्योंकि यह और भी अधिक अधिनायकवाद की ओर बढ़ती है। सुनक ने चीन द्वारा देश में लॉकडाउन विरोधी प्रदर्शनों और सप्ताहांत में बीबीसी के एक पत्रकार की गिरफ्तारी और उनके साथ मारपीट की आलोचना करते हुए कहा कि लोगों की चिंताओं को सुनने के बजाय, सरकार ने कार्वाई करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मीडिया और हमारे सांसदों को इन मुद्दों को उजागर करना चाहिए, जिसमें शिनजियांग में दुर्व्यवहार और हांगकांग में स्वतंत्रता में कटौती शामिल है। सुनक ने कहा, बेशक, हम वैश्विक आर्थिक स्थिरता या जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों के लिए वैश्विक मामलों में चीन के महत्व को आसानी से नजरअंदाज नहीं कर सकते। अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, जापान और कई अन्य भी इसे समझते हैं। इसलिए साथ मिलकर हम कूटनीति और भागीदारी सहित इस तेज प्रतिस्पर्धा का प्रबंधन करेंगे। पिछले महीने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने सुनक को कंजरवेटिव पार्टी में नेतृत्व पद के मुकाबले के दौरान चीन के प्रति अपने नरम रुख के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। ऐसा लगता है कि उनका पहला प्रमुख विदेश नीति भाषण ऐसी किसी भी धारणा को खत्म करने के इरादे से दिया गया।

## डिजिटल रुपए के खुदरा उपयोग का एक दिसंबर को होगा पायलट परीक्षण

भाषा। मुंबई

**भारतीय रिजर्व** बैंक (आरबीआई) डिजिटल रुपए के खुदरा इस्तेमाल से संबंधित पहला पायलट परीक्षण एक दिसंबर को करेगा जिसमें सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के चार बैंक शामिल होंगे। आरबीआई ने मंगलवार को जारी बयान में केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा के खुदरा उपयोग संबंधी पायलट परीक्षण की घोषणा की। आरबीआई ने कहा कि एक दिसंबर को बंद उपयोगकर्ता समूह (सीयूजी) में चुनिंदा जगहों पर यह परीक्षण किया जाएगा। इसमें ग्राहक एवं बैंक मर्चेंट दोनों शामिल होंगे।

इसके पहले केंद्रीय बैंक डिजिटल रुपए के थोक खंड का पायलट परीक्षण कर चुका है। एक नवंबर को डिजिटल रुपए के थोक खंड का पहला पायलट परीक्षण हुआ था। डिजिटल रुपए के खुदरा उपयोग के इस परीक्षण में भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक समेत चार बैंक शामिल होंगे। यह परीक्षण दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और भुवनेश्वर में किया जाएगा। आरबीआई ने कहा, इलेक्ट्रॉनिक रुपया एक डिजिटल टोकन के स्वरूप में होगा जो एक वैध मुद्रा का प्रतिनिधित्व करता है। इसे इस समय जारी होने वाली कागजी मुद्रा एवं सिक्कों के मौजूदा आकार में ही जारी किया जाएगा। डिजिटल रुपए को बैंकों के माध्यम से वितरित किया जाएगा और उपयोगकर्ता पायलट परीक्षण में शामिल होने वाले बैंकों की तरफ से पेश किए जाने वाले डिजिटल वॉलेट के जरिए ई-रुपए में लेनदेन कर पाएंगे। यह लेनदेन पी2पी और पी2एम दोनों को ही किए जा सकेंगे। आरबीआई ने कहा कि यह डिजिटल रुपया परंपरागत नकद मुद्रा की ही तरह धारक को भरोसा, सुरक्षा एवं अंतिम समाधान की खूबियों से भी लैस होगा। आरबीआई ने कहा, नकदी की ही तरह डिजिटल रुपया के धारक को भी किसी तरह का ब्याज नहीं मिलेगा और इसे बैंकों के पास जमा के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

## सरकार फेम-दो नियमों का उल्लघंन करने वाली कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी: मंत्री

**नई दिल्ली।** सरकार हाइब्रिड एवं इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने और विनिर्माण की योजना (फेम) के तहत स्थानीयकरण नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों के खिलाफ कार्वाई करेगी। भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने मंगलवार को यह बात कही। मंत्री ने एसोचैम के एक कार्यक्रम से इतर कहा कि नियमों के कथित उल्लंघन के लिए जिन कंपनियों की जांच चल रही है, उनको सब्सिडी का वितरण रोक दिया गया है। पांडेय ने कंपनियों के स्थानीयकरण मानदंडों का उल्लंघन करने की खबरों के बारे में पूछे जाने पर कहा, हम इसकी कड़ाई से जांच कर रहे हैं। अगर नियमों का उल्लंघन किया गया है, तो जरूरी कार्वाई की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, फेम-दो योजना के तहत कथित उल्लंघन करने वाली कंपनियों...हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा ऑटोटेक, रिवॉल्ट, ओकोए, एम्पियर और जितेंद्र ईवी की पड़ताल की जा रही है। फेम-दो के तहत कम से कम 50 प्रतिशत माल की खरीद स्थानीय स्तर पर करना जरूरी है।

## सरकार ने आठ साल में डीबीटी के जरिए दो लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचाए : सीतारमण

भाषा। भोपाल

**केंद्रीय वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने पिछले आठ साल में आधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से दो लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचाए हैं। उन्होंने भोपाल में 21 वीं सदी के वैश्विक परिदृश्य में भारत का आर्थिक सामर्थ्य विषय पर दत्तोपन्त ठेंगड़ी स्मृति राष्ट्रीय व्याख्यानमाला-2022 को संबोधित करते हुए यह बात कही। सीतारमण ने कहा, देश में भाजपा और मोदी सरकार ने स्टार्टअप नीति बनाकर प्रोत्साहन दिया। हम अगले 25 साल के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने वाला भारत बना रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, पिछले सात-आठ साल में प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर सरकार ने दो लाख करोड़ से ज्यादा बचत की है। डीबीटी के जरिए जो पैसा जाता है उसका आधार सत्यापन होता है। उन्होंने कांग्रेस नीत पूर्व सरकारों पर तंज कसते हुए आरोप लगाया, कांग्रेस के समय में जो मर गए, जिनका जन्म नहीं हुआ, उनको भी पैसा मिलता था। सीतारमण ने कहा कि आज यहां राष्ट्रऋषि दत्तोपन्त ठेंगड़ी की स्मृति में व्याख्यान माला में हिस्सा लेना मेरा सौभाग्य है। ठेंगड़ी को भारत में विभिन्न संस्थानों के निर्माण और विभिन्न वर्गो के कल्याण के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश शासनकाल के कठिन समय में भी उन्होंने जो कार्य किया, वह सराहनीय है। उन्होंने भारतीय मजदूर संघ के लिए संघर्ष किया।

## जीईएम पोर्टल से सार्वजनिक खरीद एक लाख करोड़ रुपए से अधिक हुई

भाषा। नई दिल्ली

**सरकारी खरीद** पोर्टल जीईएम से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद चालू वित्त वर्ष में अब तक एक लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गई है। इसकी वजह विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की खरीद गतिविधियों में हुई वृद्धि है। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन खरीद के लिए नौ अगस्त, 2016 को गवर्नमेंट ई-मार्केट (जीईएम) पोर्टल शुरू किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि जीईएम पोर्टल देश के लिए उद्यमिता उत्साह दर्शाने और पारदर्शिता की दृष्टि से पासा पलटने वाला है।

## सिंगापुर के जुरोंग द्वीप में समुद्र में गिरने से भारतीय मजदूर की मौत

**सिंगापुर।** सिंगापुर के जुरोंग द्वीप के पास मचान बनाने का काम करते समय समुद्र में गिर जाने से 41 वर्षीय भारतीय नागरिक की मौत हो गई। जनशक्ति मंत्रालय (एमओएम) ने मंगलवार को मीडिया में जारी बयान में कहा कि घटना पिछले शुक्रवार को जुरोंग द्वीप पर पूर्वाह्न करीब 11 बजे हुई।मंत्रालय के बयान में भारतीय नागरिक की पहचान नहीं बताई गई है।चैनल न्यूज एशिया ने मंत्रालय के हवाले से कहा कि भारतीय नागरिक का शव उसी दिन बरामद कर लिया गया था।

## क्विक न्यूज

### सेबी ने अधिग्रहण नियमों की समीक्षा के लिए समिति गठित की

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अधिग्रहण नियमो की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। इस पहल का मकसद उचित वैश्विक व्यवहार को अपनाकर मौजूदा नियमों को सरल और मजबूत बनाना है। नियामक की वेबसाइट पर दी जानकारी के मुताबिक, 20 सदस्ईय समिति की अध्यक्षता पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एस जे वजीफदार करेंगे। समिति में सेबी, शेयर बाजार बीएसई और एनएसई के साथ ही विधि फर्मों के प्रतिनिधि शामिल हैं। समिति नियामक को शेयरों के अधिग्रहण और कारोबारी सुगमता से संबंधित मामलों पर सलाह देगी।

### कोयले की वाणिज्यिक नीलामी को सफल बनाने के लिए आयोजित होगा निवेशक सम्मेलन

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि कोयला ब्लॉक की वाणिज्यिक नीलामी में बोलीदाताओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए इस सप्ताह मुंबई में एक निवेशक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी एक दिसंबर को होने वाले इन सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मुख्य अतिथि होंगे।कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस विशिष्ट अतिथि होंगे।

## सेबी के पंजीकृत बाजार मध्यस्थों के लिए उद्योग का दर्जा चाहते हैं शेयर ब्रोकर

**नई दिल्ली।** शेयर ब्रोकरों के संगठन एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंजेज मेंबर्स ऑफ इंडिया (एएनएमआई) ने आम बजट से पहले सरकार से सेबी के पास पंजीकृत मध्यस्थ इकाइयों को उद्योग का दर्जा देने की मांगी है। साथ ही संघ ने प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) एवं जिंस लेनदेन कर (सीटीटी) को पूरी तरह से समाप्त करने का आग्रह किया है। इसके अलावा एएनएमआई ने एक लाख रुपए तक के लघु अवधि के पूंजीगत लाभ पर कर छूट की मांग की है और लाभांश पर कर की सीमा बढ़ाने का आग्रह किया है। करीब 900 ब्रोकरों के समूह एएनएमआई ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन नितिन गुप्ता को आगामी बजट के लिए भेजे सुझावों में सेबी-पंजीकृत बाजार मध्यस्थों के लिए उद्योग का दर्जा मांगा है। इस कदम से बाजार मध्यस्थों पर अवांछित अंकुश हट सकेंगे। इससे वैश्विक स्तर की वित्तीय सेवा कंपनियों को बनाने में मदद मिलेगी। एएनएमआई का मानना है कि एसटीटी और सीटीटी को पूरी तरह समाप्त करने का मामला बनता है। उसने कहा कि भारत की एकमात्र देश है जहां डेरिवेटिव्स और जिंस खंड में एसटीटी और सीटीटी शुल्क लगाया जाता है।


**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित करना है कि भवन संख्या- F-4, सैक्टर-56, नोएडा गौतमबुद्ध नगर उ०प्र० जिसके मूल आंवटी श्री धर्मबीर पुत्र स्व० श्री दीना नाथ निवासी A-140, सैक्टर-19, नोएडा उ०प्र० ने पंजीकृत मुख्तारनामा आम के आधार पर उक्त भवन को विक्रय करने हेतु अधिकृत किया गया है- श्रीमती सुमन ढाका पत्नी श्री सत्य प्रकाश ढाका निवासी B-171, सैक्टर-19, नौएडा उ०प्र० के पक्ष में मुख्तारनामा आम के आधार पर दिनांक 27.02.1992 को उप निबन्धक कार्यालय नोएडा, में निष्पादित किया गया था जिसका बुक संख्या-4, जिल्द संख्या 1610/1617, पेज 35/453 से 458 दस्तावेज संख्या-1049, जिसका इकरारनामा अपंजीकृत है। अब उक्त सम्पत्ति का अंतरण श्रीमती पुष्पा सहाय पत्नी श्री कृष्ण बल्लभ सहाय एवं आनन्द सहाय पुत्र श्री कृष्ण बल्लभ सहाय निवासी N-123, सैक्टर-12, नौएडा उ०प्र० के पक्ष में किया जा रहा है यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति समस्त साक्ष्य सहित नौएडा विकास प्राधिकरण के आवासीय भवन विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर दाखिल कर दें। श्रीमती सुमन ढाका

(FORM NO.INC-26)
BEFORE THE REGIONAL DIRECTOR
NORTHAN REGION, DELHI
In the matter of the Companies Act, 2013 Section 13(4) of the Companies ACT, 2013 and rules 30(6)(a) of the Companies (incorporation) Rules, 214
And
In the matter of M/s KKROY HEALTHCARE PRIVATE LIMITED, a Company incorporated under the Companies Act 2013 and having its Registered Office at D-236 A Ground Floor, Gali No-09, Near - Bhud Mandir, Laxmi Nagar, Delhi, 110092 NEW DELHI West Delhi–110092....... Petitioner
NOTICE
Notice is hereby given that the above named petitioner Company purpose to file a petition under Section 13 of the Companies Act, 2013 before the Regional Director, Northern Region, Delhi seeking Confirmation to be purposed alteration to Clause II (Situation Clause) of the Memorandum of Association so as to change its Registered Office from the "NCT of Delhi" to "State of Haridwar Uttarakhand" in the terms of Special Resolution passed at the Extra Ordinary General Meeting held on Tuesday 29th November, 2022 at its Registered Office.
Any person whose interest is likely to be affected by the proposed change of the registered office of the company may deliver or cause to be delivered or send by registered post of his/her objections supported by an affidavit stating the nature of his/her interest and grounds of opposition to the Office of Regional Director, NORTHAN REGION, CGO COMPLEX, 2nd FLOOR, JAWAHARLAL NEHRU NEW DELHI- 110003 within 14 days from the date of publication of this notice with a copy of the applicant company at its registered office at the address mentioned below.
For KKROY HEALTHCARE PRIVATE LTD
Place: New Delhi
Date: 29.11.2022
KUMAR PRASHANT
DIRECTOR


# बाजार में तेजी का सिलसिला छठे दिन भी जारी

### सेंसेक्स, निफ्टी नए रिकॉर्ड स्तर पर

भाषा। मुंबई

**घरेलू शेयर** बाजारों में मंगलवार को लगातार छठे कारोबारी दिन तेजी का सिलसिला जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी...एक बार फिर नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। एशिया के अन्य बाजारों में मजबूत रुख तथा विदेशी पूंजी का प्रवाह जारी रहने के साथ बाजार में तेजी रही।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 177.04 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की तेजी के साथ रिकॉर्ड 62,681.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 382.6 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 55.30 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ अपने अबतक के उच्चतम स्तर 18,618.05 अंक पर बंद हुआ। कोटक सिक्योरिटीज लि. के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, बाजार में तेजी जारी है और प्रमुख मानक सूचकांक नई उंचाई पर पहुंच गए हैं। ऐसे में निवेशकों को सतर्क होकर कारोबार करना चाहिए। चीन में कोविड महामारी की रोकथाम के लिए लगाए गए लॉकडाउन को लेकर बढ़ता विरोध-प्रदर्शन चिंता का विषय है। लॉकडाउन से सुस्त पड़ती जा रही वैश्विक अर्थव्यवस्था पर और प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

उन्होंने कहा, अगर स्थिति नहीं सुधरी, इससे बाजार प्रभावित हो सकता है। लेकिन अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले भारत बेहतर स्थिति में है, निवेशक यहां दांव लगाने को तैयार हैं। सेंसेक्स के शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा, नेस्ले, डॉ. रेड्डीज, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन और



एचसीएल टेक्नोलॉजीज प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, मारुति, पावरग्रिड और लार्सन एंड टुब्रो शामिल हैं।आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के प्रमुख (बुनियादी शोध) नरेंद्र सोलंकी ने कहा, एशिया के अन्य बाजारों में सकारात्मक रुख के साथ भारतीय बाजार बढ़त के साथ खुला...दोपहर के कारोबार में दैनिक उपयोग का सामान तथा टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से बाजार में सकारात्मक रुख बना रहा।

उन्होंने कहा, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के सकारात्मक रुख से भी धारणा मजबूत हुई है। एफआईआई ने नवंबर महीने में अबतक 32,344 करोड़ रुपए का निवेश किया है और वे शुद्ध लिवाल बने हुए हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे, जबकि जापान के निक्की में नुकसान रहा।यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट सोमवार को नुकसान में रहा था।इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 85.23 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, एफआईआई ने सोमवार को 935.88 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

## ओएनजीसी गैस की कीमत पांच साल के लिए 6.5 डॉलर, रिलायंस-बीपी के लिए मूल्य में बदलाव नही

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा पुराने क्षेत्रों से निकलने वाली प्राकृतिक गैस पर पांच साल के लिए मूल्य सीमा लागू की जा सकती है। सरकार द्वारा किरीट पारेख की अगुवाई में नियुक्त गैस मूल्य समीक्षा समिति ने इसकी सिफारिश की है। सीएनजी और पाइपलाइन से आने वाली रसोई गैस पीएनजी की कीमतों में नरमी लाने के लिए ऐसा किया जाएगा। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) को चार डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट (प्रति इकाई) के न्यूनतम मूल्य और 8.57 डॉलर की मौजूदा दर के मुकाबले अब अधिकतम 6.5 डॉलर का भुगतान किया जाएगा। मामले से जुड़े तीन सूत्रों ने यह जानकारी दी।

# अध्यात्म के बिना धर्म संभव नहीं : भागवत

**भाषा।** प्रयागराज

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि समाज को जगाने वाले सभी महापुरुषों ने अध्यात्म को आधार बनाया है और इसके बिना धर्म संभव नहीं है। संगम नगरी के अलोपीबाग स्थित स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती के आश्रम में आयोजित आराधना महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए भागवत ने कहा, आप संत, महात्मा, सन्यासियों को देखें या सामाजिक जीवन में काम करने वाले महापुरुषों- रवींद्रनाथ टैगोर, गांधी जी या अंबेडकर को देखें। वह (अंबेडकर) भी कहते थे कि बिना धर्म के कुछ नहीं होगा। संघ प्रमुख ने कहा, धर्म का अर्थ है सबको साथ लेकर चलना, सबको साथ चलाना, सबको उन्नत करना। जहां धर्म नहीं है वहां लोग यह मानते हैं कि जो बलवान है वह आगे जाएगा और जो दुर्बल है वो मरेंगे ही। धर्म कहता है कि जो बलवान है उसे दुर्बलों की रक्षा करनी चाहिए। धर्म निकलता है अध्यात्म से। उन्होंने कहा, हमारे व्यक्तिगत जीवन, हमारे पारिवारिक जीवन और हमारे राष्ट्रीय सामाजिक जीवन को शुद्ध बनाने वाला अध्यात्म ही है। संघ प्रमुख ने कहा, यदि लोगों को मार्गदर्शन नहीं मिलता तो वे भटकते ही हैं। अपने राष्ट्र का सौभाग्य है कि अपने आचरण से लोगों का मार्गदर्शन करने वाले महापुरुषों की परंपरा अखंड रूप से चलती आई है। ब्रह्मलीन स्वामी शांतानंद सरस्वती उसी परंपरा से थे। भागवत ने कहा, जीवन को मनुष्य जीवन बनाने के लिए व्यक्ति को आध्यात्मिक होना पड़ेगा। भौतिक और आध्यात्मिक जीवन को अलग अलग करके देखने की वृत्ति, हमारी वृत्ति नहीं है क्योंकि हम एकात्म और समग्र दृष्टि से सारी बातों को देखते हैं। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य रहे ब्रह्मलीन ब्रह्मानंद सरस्वती की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित आराधना महोत्सव आठ दिसंबर, 2022 तक चलेगा जिसमें श्रीनाथ पीठाधीश्वर स्वामी आचार्य जितेंद्र नाथ जी महाराज द्वारा श्रीमद भागवत महापुराण की कथा सुनाई जाएगी। उद्घाटन कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी, स्वामी आचार्य जितेंद्र नाथ जी महाराज और कई साधु संत शामिल हुए।

## ग्राम समाज की जमीन से अवैध कब्जे हटाने की सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे राजस्व कर्मी

**डलमऊ रायबरेली।** अवैध कब्जे,बंजर और परती भूमि पर डलमऊ कस्बे में राजस्व विभाग के जिम्मेदार अपनी मन मर्जी पर उतारू है जहां भूमि पर अवैध निर्माण व अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही होनी चाहिए वही राजस्व विभाग डलमऊ में जिम्मेदारों के गले मे हाथ डाले बड़े आराम से देखा जा सकता है और डलमऊ पुलिस राजस्व विभाग से राजस्व परिवाद के निपटारे की आस लगाए बैठे है जबकि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अब तहसीलदार और तहसीलदार (न्यायिक) को ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जे हटाने और ऐसे मामलों का निस्तारण करने के लिए कानूनी तौर पर अधिकृत कर दिया है। कैबिनेट की ओर से एक वर्ष पूर्व 11 दिसंबर को तहसीलदार और तहसीलदार (न्यायिक) को उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा-67 के तहत सहायक कलेक्टर के तौर पर काम करने के लिए अधिकृत करने का प्रस्ताव मंजूर किए जाने के बाद राजस्व विभाग ने इस बारे में अधिसूचना जारी कर दी है जिसके अनुपालन कि पूर्ण जिम्मेदारी राजस्व निरीक्षक के कंधों पर डाल कर अपनी जिम्मेदारी से इति श्री कर ली गयी है. डलमऊ नगर क्षेत्र की बंजर भूमि किसी बड़े खजाने से कम नही है जिस पर राजस्व विभाग अपनी आंखें बंद कर लेता है आंखे बंद होने की बाकायदा एक कीमत तय की जाती है जिसके भुगतान होते ही सभी तरह के नियमो और राजस्व संहिता के निर्देश ताख पर रख दिया जाता है और फरियादी सिर्फ उपजिलाधिकारी डलमऊ के आदेश लेकर इधर उधर भटकता रहता है ये बात केवल बंजर पर ही नही बल्कि भूमिधरी जमीनों पर भी लागू होता है जहां उपजिलाधिकारी डलमऊ के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है जबकि उपजिलाधिकारी डलमऊ आशाराम वर्मा एवं तहसीलदार उमेश चंद्र शिकायतों के निपटारे में तत्परता क्षेत्र में चर्चा का विषय है।

## अल्पसंख्यक आयोग के निर्देश पर गठित कमेटी ने किया निरीक्षण

- वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण ढहाने का मामला



**संवाददाता।** तिलोई, अमेठी

**तिलोई** तहसील के टिकरी ग्राम पंचायत के गदुआपुर गांव में वन भूमि पर अतिक्रमण को ढहाए जाने के मामले में अल्पसंख्यक आयोग ने जांच के लिए गठित टीम से पहले 10 अक्तूबर को बाद में 2 दिसंबर को जवाब मांगा है। गौरतलब है कि बन भूमि पर अवैध अतिक्रमणकरता स्व यहिया खान के द्वारा बनाए गए कामर्शियल कांप्लेक्स को प्रशासन ने ढहा दिया था उसी मामले को लेकर यहिया खान ने अल्पसंख्यक आयोग का दरवाजा खटखटाया था। अल्पसंख्यक आयोग ने एडीएमए डीएफ्ओए बीडीओ की समिति गठित कर छह बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी थी।मंगलवार को एसडीएम न्यायिक असलम खान की अगुवाई में तहसीलदार पवन कुमार शर्माएवन क्षेत्राधिकारी जहीर मिर्जा एखंड विकास अधिकारी विजय कुमार अस्थानाएग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र बहादुर सिंहएराजस्व लेखपाल रविकांत यादव ने मौके का निरीक्षण किया और अवैध कब्जेदार के वारिसानों से बयान लिए। मामले पर तहसीलदार तिलोई पवन कुमार शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पूर्व राजस्व लेखपाल यहिया खान द्वारा बन विभाग की भूमि गाटा संख्या 1248 में अवैध अतिक्रमण कर पहले आवास बनाया गया बाद में रोड साइड व्यवसायिक कांप्लेक्स बना दिया गया।जिसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा बेदखली की कार्यवाही करते हुए बीते अप्रैल माह में ढहा दिया गया था जबकि आवासीय भवन अब भी मौजूद है इसी मामले को लेकर यहिया खान अल्पसंख्यक आयोग गए थे और की गई कानूनी कार्यवाही को अवैध बताते हुए अल्पसंख्यक होने के चलते दुर्भावना से की गई कार्यवाही बताया था उसी मामले में 2 दिसंबर को अल्पसंख्यक आयोग ने रिपोर्ट मांगी है।

## क्विक न्यूज

### लोडर की टक्कर से वृद्ध की मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** बेकाबू लोडर ने सड़क पार कर रहे वृद्ध को टक्कर मार दी जिससे उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम मकराव निवासी गोविंद प्रजापति (73) मंगलवार की दोपहर अपने घर से खेतों में शौच क्रिया जाने को निकला था तभी हाईवे में सुमेरपुर की तरफसे आ रहे बेकाबू लोडर ने गोविंद को टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला। वहां मौजूद ग्रामीणों व परिजनों की मदद से घायल गोविंद को आनन फानन सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां गोविंद की प्राथमिक ईलाज के दौरान ही मौत हो गयी।इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार न होने के चलते वह अपने भाई के साथ ही रहता था।

### रहमानिया मदरसा के पांच शिक्षकों व प्रबंधक के खिलाफ रिपोर्ट

**मौदहा (हमीरपुर)।** चौदह वर्ष पुराने मामले को लेकर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने कोतवाली पुलिस ने नगर में संचालित मदरसा रहमानिया के पांच शिक्षकों समेत सात लोगो के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की गयी है। नगर के मदरसा रहमानिया में बीते चौदह वर्ष पूर्व नियुक्त किये गये अध्यापकों ने पांच माह पूर्व शासन से चौदह सालों का वित्तीय अनुमोदन मांगा था जिसके आधार पर शासन ने नियुक्त अध्यापकों की वरीयता को जांचने के आदेश जारी किए थे। जिसकी जांच करते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने शासन को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।सौंपी गई रिपोर्ट के अनुसार जांच आख्या करने के उपरांत शासन के आदेशानुसार दिनांक 28 नवंबर को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तत्कालीन नियुक्त प्रबंधक वसी उल्लाह प्रधानाचार्य इंसाफ रजा खान सहित नजर मोहम्मद, मिशाल अहमद, सईद खान, मोहम्मद असद, मुख्तार अहमद सहित अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### जादू-टोना को लेकर दो समुदायों में विवाद, मामला दर्ज

**बस्ती (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के पैकोलिया थाना इलाके के एक गांव में जादू-टोने को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद पैदा हो गया। दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर पुलिस मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है। पुलिस ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने कि बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) दीपेंद्र चौधरी ने बताया कि थाना पैकोलिया के ऐनपुर गांव मे सोमवार की शाम दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। उन्होने कहा कि आज उन्होने घटनास्थल का निरीक्षण किया और दोनो पक्षों की तहरीर पर मामला पंजीकृत किया गया है। एएसपी ने कहा कि मामले मे ग्रामीणो से पूछताछ की जा रही है। उन्होने कहा कि इस मामले मे कुछ लोगो को हिरासत मे लिया गया है। उन्होने बताया कि पुलिस ने दोनो पक्षों की तहरीर पर बलवा एवं मारपीट का मामला पंजीकृत कर लिया है।

### पूर्व मंत्री समेत पांच को आत्मसमर्पण का आदेश

**बलिया (भाषा)।** बलिया जिले की एक अदालत ने एक छात्र नेता की हत्या के प्रयास के नौ साल पुराने मामले मे पूर्व मंत्री व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता आनन्द स्वरूप शुक्ला सहित पांच आरोपियों को दो दिसंबर को आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। छात्र नेता के अधिवक्ता दिनेश तिवारी ने मंगलवार को बताया कि स्थानीय सांसद-विधायक अदालत (एमपी-एमएलए कोर्ट) के विशेष न्यायाधीश हुसैन अहमद अंसारी ने मंगलवार को सुधीर ओझा के मुकदमे में पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला सहित पांच आरोपियों को दो दिसम्बर को अदालत मे आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र के सतीश चन्द्र महाविद्यालय मे 15 जनवरी 2013 को छात्र नेता सुधीर ओझा की हत्या का प्रयास करते हुए चाकू से हमला किया गया था।

### पुलिस के छापे में पांच जुआरी गिरफ्तार

**जगम्मनपुर (जालौन)।** जुआ के फड़ पर रामपुरा थाना पुलिस व एसओजी टीम ने छापा डालकर पांच जुआरियों को मौके से गिरफ्तार किया है। मंगलवार की शाम पुलिस को सूचना मिली कि जगम्मनपुर में भीखेपुर तिराहे पर पेट्रोल पंप के पीछे कुछ जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रामपुरा राजीव कुमार सिंह बैस, उप निरीक्षक सुशील कुमार पाराशर, एसओजी टीम प्रभारी उप निरीक्षक अर्जुन सिंह चौहान मय हमराही मौके पर पहुंच गए पुलिस को देख जुआरी मौके से भागने लगे जिन्हें खदेड़कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को जुआ के फड़ पर एक अदद ताश की गड्डी, नगद रुपया लगभग 29 हजार, तीन अदद मोबाइल फोन बरामद किए गए। गिरफ्तार पांच अभियुक्त संतोष कुमार राठौर पुत्र रामगोपाल निवासी हुसेपुरा जागीर, अरुण कुमार पुत्र राम गोपाल राठौर निवासी हुसेपुरा जागीर, दिनेश कुमार पुत्र ईश्वरी प्रसाद निषाद निवासी मढेपुरा, देवीशंकर पुत्र शिवशंकर कुशवाहा निवासी जगम्मनपुर, शशिकांत दोहरे पुत्र गंगाराम दोहरे निवासी राजेंद्र नगर रामपुरा के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 133/2022 धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर चालान किया गया है।

### लव जिहाद रूपी आतंकवाद से सनातन धर्म को खत्म करने की हो रही है साजिश : गिरिराज

**गाजीपुर (भाषा)।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को कहा कि लव जिहाद रूपी आतंकवाद से भारत में सनातन धर्म को खत्म करने की घृणित साजिश हो रही है। सिंह ने कहा कि सनातन धर्म को मानने वालों को एकजुट होकर इस षडयंत्र को विफल करना चाहिए। जिला मुख्यालय से 22 किमी दूर मोहम्मदाबाद तहसील मुख्यालय पर शहीद पार्क मे दिवंगत विधायक कृष्णानंद राय की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को केंद्रीय मंत्री संबोधित कर रहे थे। सिंह ने इस बात पर बल दिया कि जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की जरूरत है और ऐसा होता है तो देश का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होने कहा कि चीन मे जहां प्रति मिनट 10 बच्चे पैदा होते है, वही भारत मे प्रति मिनट 31 बच्चे पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा होने से विकास तेज गति से नही हो पा रहा है।

### दहेज हत्या के मामले में पति को 14 साल की सजा

**बांदा(भाषा)।** बांदा जिले की एक विशेष अदालत ने दहेज हत्या के मामले में मृत महिला के दोषी पाए गए पति को 14 साल के कैद की सजा सुनाई है और उस पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। शासकीय अधिवक्ता देवदत्त मिश्रा ने बताया कि बिसंडा थाना क्षेत्र के सिंहपुर रोड ओरन निवासी संदीप साहू की पत्नी किरन साहू की दो जुलाई 2015 में ससुराल में जलकर मौत हो गई थी। किरन के पिता भारत साहू ने बिसंडा थाने में अपने दामाद संदीप साहू समेत ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ दहेज के लिए बेटी को जलाकर मारने का मामला दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अपनी विवेचना में मृत महिला के पति के अलावा बाकी पांच आरोपियों को आरोप से मुक्त कर आरोप पत्र दाखिल किया। मिश्रा ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुणेंद्र प्रकाश की अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद मंगलवार को फैसला सुनाया। अदालत ने पति को दोषी करार देते हुए 14 वर्ष के जेल और पांच हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

## बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ रहीं शिक्षा सहेलियां

**हमीरपुर।** बालिकाएं अब शिक्षा की बात को समझ रही हैं। वह खुद तो पढ़ ही रही हैं वही अपनी गांव की लड़कियों को भी शिक्षा से जोड़ने के लिए उनको एवं माता पिता को समझा रही हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में वह आकर अपने स्कूल को बेतहर बनाने की मुहिम चला रही हैं। उक्त कार्य षिक्षा सहेलियां जनपद के कुरारा एवं मौदहा क्षेत्र के 30 गांवों में कर रही हैं। समर्थ फाउण्डेशन एवं आरटीई फोरम से जुड़कर शिक्षा के मुद्दे पर कार्य कर रहे देवेंद्र गांधी ने मीडिया कार्यशाला में बताया कि विगत चार साल पूर्व किए गए एक अध्ययन में निकलकर आया था कि 18 प्रतिशत लड़कियां 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के पहले पढ़ाई छोड़ रही हैं या नियमित स्कूल नहीं जा रही थी, जिसके प्रमुख कारण इण्टरमीडिएट कॉलेजों का दूर होना, परिवार की आर्थिक समस्या एवं कॉलेज तक आवागमन के साधनों का अभाव आदि प्रमुख था। लड़कियों को सतत शिक्षा के जोड़ने के लिए शिक्षा सहेलियां बनाकर उनकी शिक्षा का महत्व, शिक्षा का अधिकार कानून का जानकारियां प्रदान करने के लिए जिला स्तरीय, ब्लाक स्तरीय व ग्राम स्तरीय पर बैठकें, कार्यशालाएं आदि आयोजित की गई। माता-पिता के साथ संवाद के साथ-साथ विद्यालय प्रबंधन समिति को सक्रिय करने का कार्य आरंभ किया गया, इसके परिणाम परिलक्षित हुए। अधिकांश चिन्हित लड़कियां अब स्कूल से जुड़ चुकी हैं। इस कार्य में शिक्षकों, माता-पिता, विद्यालय प्रबंधन समिति एवं प्रबुद्धजनों का भरपूर सहयोग मिला है। कोराना काल के दौर में बच्चों की लर्निंग लेवल कम हो तो इसके लिए उन्हें शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई ताकि वह घर पर रहकर ही अध्यन कर सकें।

## पांच साल में नगर पालिका ने तपोभूमि चित्रकूट का किया चहुंमुखी विकास : नरेन्द्र गुप्ता

**संवाददाता।** चित्रकूट



**नगर** पालिका परिषद कर्वी क्षेत्रवासियों को सडक, नाली, पार्क समेत 11 परियोजनाओं का लोकार्पण नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने वर्चुअल ढंग से किया। लोकार्पण समारोह टाउनहाल सभागार में चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ।

मंगलवार को चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने नगर पालिका क्षेत्र में कोठी तालाब के पास पं दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना से दो करोड की लागत से निर्मित अत्याधुनिक पार्क का लोकार्पण किया। एसडीएम कालोनी में बनी सडकों व नालियों का भी लोकार्पण हुआ। ट्राफिक चौराहा से एलआईसी तिराहा तक डिवाइडर रोड तथा नगर में 225 विद्युत पोल व एलईडी लाइन का लोकार्पण हुआ। चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या, काशी की भांति चित्रकूट को भी धार्मिक व पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने को संकल्पित हैं। अगले पांच साल में चित्रकूट का कायाकल्प हो जायेगा। पूरे देश में चित्रकूट पर्यटन की दृष्टि से विश्व के मानचित्र पर नजर आने लगेगा। उन्होंने कहा कि कर्वी नगर पालिका में कोरोना काल के बाद पूरे क्षेत्र में सडक, बिजली, पानी, प्रकाश की व्यवस्था कराई गई है। अभी बहुत कार्य शेष हैं। जो आने वाले समय में पूरे होंगे। इस मौके पर ईओ रामअचल कुरील, सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला, कर निरीक्षक राहुल पाण्डेय, स्वच्छता समन्वयक शिवा कुमार, वरिष्ठ लिपिक कर्मोत्तम सिंह, सुभाष गुप्ता, ज्ञान गुप्ता, प्रवीण श्रीवास्तव, अशरफ खान, रवी, ज्ञानेन्द्र, शैलेन्द्र सोनी, मो निजाम, अरमान, प्रेम बाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

## एटीएम बदल कर टप्पेबाजों ने उड़ाए 40 हजार

**नसीराबाद रायबरेली।** मंगलवार को नगर पंचायत नसीराबाद में लगे एटीएम से टप्पेबाजो ने एक ग्राहक का एटीएम कार्ड बदल लिया। जब तक कार्डधारक खाता लॉक करवाता टप्पेबाज ने दूसरी जगह जाकर 40 हजार रुपये निकाल लिया। भुक्तभोगी रामराज पुत्र रामधनी पूरे टेकई मजरे सरावां, थाना उदयपुर, जिला प्रतापगढ़ अपनी रिश्तेदारी जनपद अमेठी के जगदीश पुर से कार्यक्रम में भाग लेकर वापस आ रहा था। नसीराबाद कस्बे में पहुंचकर उसने जायस सलोन मार्ग बीच चौराहे पर शिव मंदिर के पास लगे इंडिकैश एटीएम से पैसा निकालना चाहा। नेटवर्क धीमा होने के कारण पैसा नहीं निकल सका।तभी एक युवक उसके पास आया और कहा कि लाइए मैं देखता हूं और उसका एटीएम ले लिया। नजर बचाकर उसने एटीएम बदल लिया और वहां से चम्पत हो गया। भुक्तभोगी ने जब एटीएम बदला हुआ देखा और खाता लॉक करवाने के लिए फोन किया।

## ऐतिहासिक उपलब्धियों भरा रहा बीजेपी जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे का कार्यकाल: शक्ति प्रताप सिंह

- चंद्रप्रकाश खरे के कार्यकाल में कार्यकर्ताओं को मिला सम्मानः सुनील सिंह पटेल
- तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर पार्टी नेताओं ने किया अभिनंदन

**संवाददाता।** चित्रकूट



चंद्रप्रकाश खरे का अभिनंदन करते भाजपाई — पायनियर

**भाजपा** जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे का उपलब्धियों भरा तीन वर्ष का निर्विवाद और बेदाग कार्यकाल पूरा होने पर कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से लादकर स्वागत और अभिनंदन किया।इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवम श्रम प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुनील सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा जिलाध्यक्ष श्री खरे का तीन वर्ष का कार्यकाल बेमिसाल उपलब्धियों भरा रहा है।पूरे कार्यकाल में पार्टी ने नित नई उपलब्धियों को अर्जित किया है।

मंगलवार को बांदा -चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल के बलदाऊ गंज स्थित आवास पर आयोजित समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे का तीन वर्ष का ऐतिहासिक कार्यकाल पूरा होने पर सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर,जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल,श्रम प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुनील सिंह पटेल,वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार त्रिपाठी एवम शिवाकांत पांडेय आदि ने फूल मालाओं से लाद कर स्वागत एवम अभिनंदन किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें जो प्यार और सम्मान दिया है, वे सदैव इसके लिए ऋणी रहेंगे। वे हर समय कार्यकर्ताओं के लिए तैयार हैं। कार्यकर्ता ही उनकी असली ताकत है।कार्यकर्ता जितना मजबूती के साथ जिसके साथ रहेंगे, वह भी उतना ही मजबूत रहेगा। उनका प्रयास रहा है कि प्रत्येक कार्यकर्ता को सम्मान मिले और उनकी हर समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान हो।उन्होंने कहा कि पार्टी की सेवा के लिए उनका पूरा जीवन समर्पित हैं।पार्टी नेतृत्व आगे भी जो दायित्व देगी उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे।

## भाजपा मजबूती से तो सपा और बसपा साइलेंट तरीके से निकाय चुनाव की कर रहीं तैयारी

**माधौगढ़ (जालौन)।** नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा मजबूत तैयारी में जुटी है। चुनाव से संबंधित प्रभारी, संयोजक से लेकर पन्ना प्रमुख की रोज मीटिंग कर वार्ड तक मतदाताओं में मजबूत पैठ बनाई जा रही है। सत्ता की चाबी हाथ में होने पर भाजपा को मतदाताओं को रिझाना आसान होगा। जबकि बसपा और सपा को मुकाबला कड़ा करना पड़ेगा। हालाकि भाजपा से मुकाबले कि लिए बसपा और समाजवादी पार्टी साइलेंट जॉन से अपनी तैयारी करने में जुटी हुई है। भाजपा के पास वर्तमान में नगर पंचायत सीट है तो उसके हौसले बुलंद है। वहीं सपा और बसपा नगर पंचायत सीट को हथियाने के लिए जोर आजमाइश करेगी। अभी तक निकाय चुनाव का आरक्षण नहीं हुआ है फिर भी नगर में भाजपा और अन्य दलों के प्रत्याशियों के बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स जगह-जगह लगे हुए हैं। पांच साल तक मुंह फेरने वाले लोग अब चुनाव के चक्कर में पैर छूने और राम-राम करने लगे हैं। भाजपा मोदी योगी के नाम पर फिर से चुनाव जीतने का दंभ भर रही है तो बसपा और सपा के लोग वर्तमान अध्यक्ष की नाकामी का प्रचार कर मतदाताओं को अपनी ओर लुभा रहे हैं। फिलहाल तो पूरा मामला आरक्षण पर टिका हुआ है, रोटेशन प्रणाली लागू हुई तो सामान्य महिला सीट का आना तय है लेकिन राजनैतिक या अन्य कोई पेंच फंसा तो सीट बदल जाएगी।

सामान्य सीट पर मुकाबला रोचक होने वाला है,पहली बार नगर में सामान्य सीट पर वैश्य, ब्राह्मण और क्षत्रिय में त्रिकोणीय संघर्ष देखने को मिलेगा, इसके पहले ब्राह्मण और वैश्य ही मजबूत संख्या में था लेकिन इस बार क्षत्रिय भी ताकत से चुनाव मैदान में होगा। सामान्य सीट पर बसपा और भाजपा से ब्राह्मण और वैश्य ही दावेदार हैं।

## निकाय चुनाव के परिसीमन पर दावेदारों की निगाह, दो-तीन दिन में आ सकता है आरक्षण

**कालपी (जालौन)।** नगर निकाय चुनाव नजदीक आते ही सभासद व पालिका अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों की होड़ लगी है जो टिकट पाने के लिये अपने अपने हिसाब से जीत का समीकरण अपने पार्टी के नेताओं को बताने से नही चूक रहे है और उक्त उम्मीदवार अपने नेताओं के साथ फोटो लगवाकर होर्डिंग नगर के मुहल्लों मे लगवाकर पार्टी नेताओं के चरणचुबन कर गणेश परिक्रमा करने मे लगे है। लेकिन देखना यह है कि कालपी नगर की अध्यक्ष पद का परिसीमन क्या आता है सूत्रों की मानें तो दो-तीन दिन में परिसीमन आ जायेगा कि अध्यक्ष पद हेतु किस वर्ग की सीट हुई और किस वार्ड में किस कैटागरी की सीट हुई। नगर मे कुछ ऐसे प्रत्याशी है जो जातीय वोट को ही अपना मान कर चुनाव मैदान में ताल ठोंकने का मन बनाये है चाहे पार्टी से टिकट मिले या न मिले उन्हें चुनाव लड़ना है जिसकी चर्चा भी नगर में जोरों से है। गौरतलब हो कि सबसे बड़ी लाईन टिकट पाने हेतु सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा मे है।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर हो रही कड़ी कार्रवाईः डीएम

**बांदा।** मंडल के पुलिस उप महानिरीक्षक विपिन कुमार मिश्र ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि जिस प्रकार से रोड एक्सीडेंट में मौतें बढ़ी हैं इस समय सरकार को वही निर्देश लागू करना चाहिए जैसे अपराध में शस्त्र लाइसेंस निरस्त किया जाता है उसी प्रकार ट्रैफिक नियम में चालक का लाइसेंस निरस्त करके उसे उसे आयोग घोषित किया जाना चाहिए। 4 जनपदों में 7000000 रुपये शमन शुल्क सरकार के खाते में जमा कराया गया। डीआईजी चित्रकूट विपिन कुमार मिश्रा ने बताया कि यह माह सरकार के निर्देश पर यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। परिवहन विभाग पुलिस विभाग और खास तौर पर ट्रैफिक पुलिस विभिन्न योजनाओं और तरीकों से हादसों को रोकने के प्रयास कर रहे हैं हमने अभी सरकार के निर्देश पर यातायात माह शुरू किया हुआ है। इसमें पिछले माह गलत तरीके से वाहन चलाने वाह वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करनेए हेलमेट ना पहनने सीट बेल्ट धारण ना करने, एकल दिशा का उल्लंघन करने जैसे बहुत सारे मामलों में प्रभावी कार्रवाई की है। डग्गामार वाहन वह जुगाड़ वाहन को भी सीज किया गया है जिनकी संख्या 16 है। इस माह भी रेंज के चारों जनपदों में यह कार्रवाई चल रही है साथ ही जनता को भी जागरूक किया जा रहा है। हमने बहुत सारे कॉलेजों में अपने प्रोग्राम आईडेंटिफाई किए हुए हैं। और बच्चों में यह संस्कार डालने की कोशिश हो रही है कि यातायात नियमों का पालन करें उन के माध्यम से रैलियाँ निकलवाना। वाद विवाद प्रतियोगिता कराना व भाषण करवाना। रैलियां निकालकर पैदल मार्च के माध्यम से लोगों से अपील कराना यह कार्य भी साथ-साथ चल रहे हैं। कुल मिलाकर सरकार की कोशिश है कि ट्रैफिक का एक संस्कार जनता में आए इस तरह की घटनाओं में हम लोग कमी ला सकें।

## समय सीमा के अंदर हों सभी कार्यः ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

- कहा, खसरा के काम में प्रगति धीमी है इसमें तेजी लायी जायी

**संवाददाता।** कालपी (जालौन)



**मंगलवार** को कालपी तहसील के सभागार में ज्वांइट मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में लेखपालों की एक बैठक आहूत की गई। बैठक में श्री कुमार ने कहा कि खतौनी फीडिंग में पिछली बैठक में काम पीछे था लेकिन अब सुधार हुआ है और हमें उम्मीद है कि शीघ्र ही सारे कार्यों में प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि खसरा के काम में अभी प्रगति धीमी है उसमे तेजी से कार्य किया जाये। इतना ही नहीं कालपी एसडीएम श्री कुमार ने जिन बीएलओ के काम में तेजी नहीं आ रही यदि शीघ्र ही सुधार नहीं आता तो ऐसे ला पर वाह लोगों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। श्री कुमार ने कहा कि आय, जाति, निवास या फिर जन्म प्रमाण पत्र या फिर कोई भी कार्य हैं तो ऐसे कार्यों में वे वजह विलंब नहीं होना चाहिए वरना ऐसे लोग दण्ड भुगतने को तैयार रहें। उन्होंने सभी अधीनस्थों को निर्देश दिये कि हर किसी को अपनी ड्यूटी जिम्मेदारी से करनी चाहिए किसी भी फरियाद लेकर आने वाले को उलझाऊ सलाह न दे हर किसी से स्थाई सामाधान की बात करें ताकि आपका और उस व्यक्ति का भी समय बचेगा जो वेवजह भटकता फिरता है।

### कार्य का क्रेडिट लेना सीखें

**कालपी।** किसी भी कार्य को अपनी सूझ बूझ से हल करने का हुनर रखने वाले ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कालपी अभिषेक कुमार ने पिछली मीटिंग में लेखपालों को फटकार लगाई थी परंतु इस बार की मीटिंग में जब उन्हें प्रगति दिखी तो उन्होंने दुलार भी किया लेखपालों से जब कब्जा संबंधी शिकायतों की प्रगति पर सवाल किये तो उन्हें जबाब मिले जिनमें कि ज्यादातर उत्तर समस्या हल होने के थे तो कालपी एसडीएम श्री कुमार ने कहा कि अब पहले जैसा नहीं चलेगा किसी भी प्रार्थना पत्र में क्या हुआ उसकी आख्या हमें नियमानुसार उपलब्ध कराई जाये।

# उरुग्वे को हराकर पुर्तगाल प्री-क्वार्टर में



भाषा। भलुसैल (कतर)

**ब्रूनो फर्नांडिस के दो** गोल की मदद से पुर्तगाल ने उरूग्वे को 2- 0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो पहले गोल के बाद जिस तरह जश्न मनाते दिखे, ऐसा लगा कि गोल उन्होंने किया है लेकिन वास्तव में अंतिम टच फर्नांडिस का था। बाईं ओर से फर्नांडिस का शॉट रोनाल्डो के सिर के ऊपर से निकलकर गोल के भीतर गया। रोनाल्डो ने अपने हाथ हवा में खोल दिए और फर्नांडिस को गले लगाया। मैदान पर लगी बड़ी स्क्रीन पर बार बार क्लोज अप रिप्ले दिखाया गया। फर्नांडिस ने स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी स्पॉट पर एक और गोल किया। आखिरी मिनट में वह गोल करने के करीब पहुंचे लेकिन गेंद पोस्ट से टकराकर बाहर निकल गई और वह हैट्रिक से चूक गए। पहले मैच में घाना को 3-2 से हराने वाली पुर्तगाल टीम फ्रांस और ब्राजील के बाद अंतिम 16 में पहुंचने वाली तीसरी टीम है। उरूग्वे के दो मैचों में एक अंक है और उसे आगे बढने के लिए शुक्रवार को घाना को हराना होगा। इस मैच में पुर्तगाल के 39 वर्ष के डिफेंडर पेपे विश्व कप में खेलने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। विश्व कप में खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी रोजर मिला है जो 1994 में 42 वर्ष की उम्र में कैमरून के लिए खेले थे। मैच के दौरान एक दर्शक रंग बिरंगा ध्वज लिए मैदान पर उतर पड़ा जिसने सुपरमैन वाली नीली टीशर्ट पहन रखी थी जिस पर लिखा था , सेव यूक्रेन। सुरक्षा अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया और बाहर ले गए। इससे पहले उसने झंडा जमीन पर रख दिया था। रैफरी ने बाद में झंडा उठाकर साइड में रखा जहां से कर्मचारी उसे उठाकर ले गए। उस व्यक्ति की टीशर्ट के पीछे लिखा था , ईरानी महिलाओं के लिए सम्मान।

## विश्व कप से जुड़े मजदूरों की मौत का आंकड़ा 400 से 500 के बीच

**दोहा।** विश्व कप के आयोजन से जुड़े कतर के एक शीर्ष अधिकारी ने पहली बार टूर्नामेंट से जुड़े मजदूरों की मौत के आंकड़े को 400 से 500 के बीच रखा है जो दोहा की ओर से इससे पहले बताई गई किसी भी संख्या से काफी अधिक है। कतर की डिलीवरी और लीगेसी से जुड़ी शीर्ष समिति के महासचिव हसन अल-थावाडी ने ब्रिटिश पत्रकार पियर्स मोर्गन को साक्षात्कार में यह आंकड़ा बताया। इसने मानवाधिकार समूहों द्वारा आलोचना और तेज होने की आशंका है। मानवाधिकार समूह पश्चिम एशिया के पहले विश्व कप की मेजबानी करने के लिए 200 अरब डॉलर से अधिक के स्टेडियम, मेट्रो लाइन और टूर्नामेंट के लिए आवश्यक नए बुनियादी ढांचे के निर्माण के दौरान प्रवासी श्रमिकों की मौत के आंकड़े के लिए कतर की आलोचना करते रहे है। शीर्ष समिति और कतर की सरकार ने मंगलवार को प्रतिक्रिया के आग्रह पर कोई जवाब नही दिया। मोर्गन ने साक्षात्कार का एक अंश ऑनलाइन डाला है जिसमें वह हसन से पूछते है, विश्व कप से जुड़े कार्य करने के परिणाम स्वरूप प्रवासी श्रमिकों की मौत से जुड़ा ईमानदार, यथार्थवादी आंकड़ा क्या है? हसन ने कहा, अनुमान 400 के आसपास है, 400 और 500 के बीच। मेरे पास सटीक संख्या नही है। लेकिन इस आंकड़े पर इससे पहले सार्वजनिक रूप से चर्चा नही की गई थी। 2014 से 2021 के अंत तक की शीर्ष समिति की रिपोर्ट मे केवल विश्व कप की मेजबानी करने वाले स्टेडियमो के निर्माण और नवीनीकरण मे शामिल श्रमिकों की मृत्यु की संख्या शामिल है। जारी किए गए आंकड़ों मे मौतो की कुल संख्या 40 बताई गई है। इनमें से 37 मौत को कतर काम से इतर की घटनाओ के रूप मे वर्णित करता है जैसे कि दिल का दौरा पड़ा। तीन मौत कार्यस्थल की घटनाओ से जुड़ी है। एक रिपोर्ट मे महामारी के बीच कोरोना वायरस से एक कर्मचारी की मृत्यु को अलग से सूचीबद्ध किया गया है।

## नीदरलैंड और सेनेगल शान से पहुंचे अंतिम 16 में

भाषा। दोहा


नीदरलैंड और सेनेगल ने मंगलवार को यहां ग्रुप ए के अपने अंतिम लीग मैच में जीत दर्ज करके फीफा विश्वकप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाई। नीदरलैंड ने मेजबान कतर को 2-0 से जबकि सेनेगल ने इक्वाडोर को 2-1 से पराजित किया। कतर विश्व कप फुटबॉल के इतिहास में पहला मेजबान देश बन गया है जिसने ग्रुप चरण के अपने तीनों मैच गंवाए। नीदरलैंड दो जीत और एक ड्रॉ के साथ सात अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर रहा जबकि सेनेगल ने दो जीत से छह अंक बनाए और वह दूसरे स्थान पर रहा। इक्वाडोर को इस मैच में ड्रॉ की जरूरत थी लेकिन हार के कारण वह चार अंक के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गया। नीदरलैंड ने कतर के खिलाफ दोनों हाफ में एक-एक गोल किया। उसको कोडि गक्पो ने 26वें मिनट में बढ़त दिलाई जबकि फ्रैंकी डी जोंग ने 49वें मिनट में टीम के लिए दूसरा गोल किया। उधर सेनेगल की तरफ से इस्मालिया सार ने 44वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। उसके लिए दूसरा गोल कालिबू कोलिबाली ने 69वें मिनट में किया। इक्वाडोर के लिए एकमात्र गोल मोएजेस कैसीडो ने 67वें मिनट में किया। नीदरलैंड दूसरे दौर में ग्रुप बी से दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम जबकि सेनेगल ग्रुप बी की विजेता टीम से भिड़ेगा। अल खोर में खेले गए मैच में कतर ने शुरू में नीदरलैंड को बांधे रखा लेकिन कोडि गक्पो ने पिछले दो मैचों की तरह फिर से अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। वह नीदरलैंड के चौथे ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने विश्वकप में लगातार तीन मैचो में गोल किए। उनसे पहले जोहान नीस्केन्स (1974), डेनिस बर्गकैम्प (1994) और वेस्ले स्नेजिडर (2010) ने यह कारनामा किया था। डैवी क्लासेन ने मूव बनाकर गक्पो की तरफ गेंद बड़ाई जिन्होंने उसे गोल में डालने में कोई गलती नही की। इस गोल के साथ गक्पो इटली के एलेसेंड्रो अल्टोबेली (1986) के बाद दूसरे से खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने ग्रुप चरण के तीनों मैच में अपनी टीम की तरफ से पहला गोल किया। नीदरलैंड पहले हाफ में हावी रहा और उसने कुछ अच्छे मूव बनाए। कतर ने भी एक दो अवसरों पर चुनौती पेश की लेकिन वह किसी भी समय गोल करने की स्थिति में नही दिखा। नीदरलैंड ने दूसरा हाफ शुरू होने के तुरंत बाद ही अपनी बढ़त 2-0 कर दी। उसकी तरफ से यह गोल डी जोंग ने रिबाउंड पर किया। क्लासेन के क्रास पर डीपे ने शॉट जमाया जिसे कतर के गोलकीपर बरशाम ने रोक दिया लेकिन गेंद डी जोंग के पास पहुंच गई। उनके सामने तब कोई खिलाड़ी नही था और उन्होंने आसानी से गोल कर दिया। अल रेयान में सेनेगल शुरू से ही इक्वाडोर पर हावी रहा। उसने कुछ अच्छे मौके बनाए हालांकि उसको पहली सफलता पहले हाफ के अंतिम क्षणो में मिली। पहला हाफ समाप्त होने से कुछ देर पहले पियरो हिनकैपी ने सार को बॉक्स के अंदर नीचे गिराया जिस पर रेफरी ने सेनेगल को पेनल्टी देने में कोई हिचकिचाहट नही दिखाई। सार ने आसानी से पेनल्टी को गोल में बदलकर अपनी टीम को 1-0 से आगे किया। सेनेगल बढ़त हासिल करने का हकदार था क्योंकि उसने मैच शुरू होते ही गोल करने के अपने इरादे साफ जतला दिए थे। इद्रिसा गुइए और लीमन नादिए दोनों के पास गोल करने के मौके थे लेकिन उनके शॉट बाहर चले गए। कैसीडो ने 67वें मिनट कॉर्नर किक पर गोल करके इक्वाडोर को बराबरी दिला दी थी लेकिन उसकी यह खुशी क्षणिक रही क्योंकि इसके दो मिनट बाद ही कालिबू कोलिबाली ने सेनेगल को फिर से बढ़त दिला दी। इक्वाडोर ने इसके बाद गोल करने के अथक प्रयास किए लेकिन सेनेगल ने अपनी पूरी ताकत गोल बचाने में लगा दी।

**● विश्वकप: कतर और इक्वाडोर जीते**

## सउदी अरब के खिलाफ मेक्सिको के लिए करो या मरो का मुकाबला

**कतर।** पिछले 44 साल मे पहली बार ग्रुप चरण से बाहर होने से बचने के लिए मेक्सिको को विश्व कप फुटबॉल मे ग्रुप सी के अपने आखिरी मैच मे बुधवार को सउदी अरब को हर हालत मे हराना होगा और दूसरे मैच का नतीजा भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी। मेक्सिको पिछले सात विश्व कप में प्री क्वार्टर फाइनल मे पहुंचा है लेकिन इस बार ग्रुप सी मे अंकतालिका मे सबसे नीचे है। उसे लुसैल स्टेडियम पर कल होने वाला मैच हर हालत मे जीतना होगा। मेक्सिको आखिरी बार 1978 विश्व कप मे ग्रुप चरण से बाहर हुआ था। उसे जीत दर्ज करने के अलावा यह दुआ भी करनी होगी कि लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना टीम पोलैंड से हार जाए। अगर मेक्सिको जीत जाता है और अर्जेंटीना भी अपना मैच जीत जाता है तो फैसला गोल औसत के आधार पर होगा। मेक्सिको ने अभी तक इस विश्व कप मे एक भी गोल नही किया है।

### पोलैंड के खिलाफ अर्जेन्टीना की नजरें एक बार फिर मेस्सी पर



**दोहा।** लियोनल मेस्सी मौजूदा विश्व कप मे पहले ही एक बार अर्जेन्टीना के खेवनहार की भूमिका निभा चुके है और टीम को बुधवार को पोलैंड के खिलाफ होने वाले मैच मे भी उसने इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी जिससे कि टीम की नॉकआउट में जगह बनाने की राह आसान हो जाए। अर्जेन्टीना मे पूजे जाने वाले मेस्सी संभवतः अपना अंतिम विश्व कप खेल रहे है और वह अपनी ट्रॉफियों के कैबिनेट मे इस प्रतिष्ठित खिताब को भी शामिल करना चाहेंगे। मेस्सी विश्व कप के अलावा कर बड़ा खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे है। पोलैंड के स्टार स्ट्राइकर रोबर्ट लेवानदोवस्की के लिए भी यह संभवतः अंतिम विश्व कप होगा। ग्रुप सी मे टीम की संभावनाओ पर बात करें तो पोलैंड के खिलाफ जीत अर्जेन्टीना की नॉकआउट में जगह सुनिश्चित करेगी। मुकाबला ड्रॉ होने की स्थिति में अर्जेन्टीना की टीम या तो पोलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहेगी या फिर सऊदी अरब और मैक्सिको की टीम उसे बाहर कर सकती है।

### अंतिम 16 में जगह बनाने के लिए डेनमार्क से भिड़ेगा ऑस्ट्रेलिया

**दोहा।** ऑस्ट्रेलिया बुधवार को यहां जब डेनमार्क के खिलाफ मैदान पर उतरेगा तो उसका लक्ष्य विश्वकप फुटबॉल में दूसरी बार अंतिम 16 में जगह बनाना होगा। ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को ट्यूनीशिया को हराया था जो उसकी विश्वकप मे 18 मैचो मे केवल तीसरी जीत थी। इससे उसने नॉकआउट चरण में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। अब ऑस्ट्रेलिया के सामने उससे भी बड़ा लक्ष्य है अंतिम 16 में जगह बनाना। वह अब तक केवल एक बार 2006 में नॉकआउट चरण मे पहुंचा था। ऑस्ट्रेलिया का सामना अब यूरोपीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले डेनमार्क से होगा और इस मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम संभवतः अगले दौर में प्रवेश करेगी। ट्यूनीशिया के खिलाफ एकमात्र गोल दागने वाले आस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर मिशेल ड्यूक को विश्वास है कि टीम अगले चरण में जगह बनाने में सफल रहेगी।

### फ्रांस, ट्यूनीशिया को चाहिए हर हाल में जीत

**दोहा।** मौजूदा चैंपियन फ्रांस ने 1998 मे पहला विश्व कप जीतने के बाद ग्रुप चरण मे कभी अपने तीनो मैच नही जीते है लेकिन ट्यूनीशिया के खिलाफ बुधवार को होने वाले मैच मे वह अपने विजय अभियान को जारी रखने के लिए उतरेगा। ट्यूनीशिया ने विश्वकप में अपने इतिहास में अभी तक तीन मैच भी नही जीते है और उसे इस बार नॉकआउट चरण मे जगह बनाने के लिए फ्रांस को हर हाल मे हराना होगा। ट्यूनीशिया के कोच जालेल कादरी इस दबाव को समझते है। फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने कहा, मेरी स्थिति कादरी जैसी नही है लेकिन वह कोई कसर नही छोड़ेंगे। कादरी ने टूर्नामेंट से पहले कहा था कि ग्रुप चरण से आगे बढ़ना उनका व्यक्तिगत मिशन है और उन्होंने संकेत दिया कि अगर ऐसा नही होता है तो वह पद छोड़ देंगे। फ्रांस 1998 की टीम की उपलब्धि को दोहराने के लिए प्रतिबद्ध है ।

### उन्नति हुड्डा और छह अन्य भारतीयों ने जीत दर्ज की

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा सहित सात भारतीयों ने थाइलैंड के नोथबुरी मे खेली जा रही बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप मे मंगलवार को जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। ओडिशा ओपन की चैंपियन उन्नति ने महिलाओं के अंडर-17 वर्ग मे जापान की मिसाटो सासाकी को केवल 24 मिनट मे 21-11 21-5 से हराया। वह अगले दौर मे इंडोनेशिया की डिया नूर फडिला से भिड़ेंगी। महिलाओं के अंडर-17 वर्ग मे अनमोल खरब ने अपने दोनों मैच जीते।

### अर्जुन पुरस्कार: उच्च न्यायालय का पुरस्कार समारोह पर रोक लगाने से इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने धावक मनजीत सिंह का नाम पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों की सूची मे शामिल नही किए जाने को लेकर राष्ट्रपति भवन में आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह के दौरान दिए जाने वाले अर्जुन पुरस्कारों पर मंगलवार को रोक लगाने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने एशियाई खेल 2018 मे 800 मीटर दौड़ मे स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीट मनजीत सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, मै पुरस्कार समारोह को नही रोकने जा रही हूं जो कि कल आयोजित किए जाएंगे।

### 49 प्रतिशत क्रिकेटर टी20 लीग के लिए राष्ट्रीय अनुबंध ठुकराने को तैयार

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के संघ के महासंघ फिक्का ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट मे कहा है कि क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र मे बड़ा बदलाव हो रहा है और भारत को छोड़कर बड़ी संख्या मे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर अपने देश का केंद्रीय अनुबंध ठुकराकर दुनिया भर की टी20 लीग मे खेलने के लिए फ्रीलांस एजेंट (जो राष्ट्रीय टीम से अनुबंधित नही होते और कहीं भी खेल सकते है) बन रहे है। भारत की खिलाड़ी संस्था फिक्का के दायरे मे नही आती इसलिए इस सर्वेश्रण मे भारतीय क्रिकेटर शामिल नही है।

### आस्ट्रेलियाई टीम में कोई कायर नहीं है , कमिंस ने लैंगर को जवाब दिया

**पर्थ।** टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने मंगलवार को पूर्व कोच जस्टिन लैंगर को करारा जवाब देते हुए कहा कि आस्ट्रेलियाई टीम में कोई कायर नही है और उनके इस तरह के बयान से वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का ध्यान नही भटकेगा। लैंगर ने पिछले सप्ताह आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को कायर बताया और कहा था कि कुछ खिलाड़ियों ने उनकी पीठ के पीछे जो किया और ड्रेसिंग रूम की बातें सार्वजनिक की, उससे उन्हें नफरत है।

## आखिरी वनडे पर बारिश की गाज नहीं गिरने की दुआ करेगी टीम इंडिया

भाषा। क्राइस्टचर्च



**खराब मौसम** से आजिज आ चुकी भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को आखिरी वनडे में दुआ करेगी कि बारिश नहीं हो ताकि उसे बराबरी का मौका मिल सके। क्राइस्टचर्च में कल बारिश का अनुमान है और अगर ऐसा हुआ तो भारतीय टीम के युवा क्रिकेटरों के लिए इससे निराशाजनक कुछ नहीं होगा। सीमित ओवरों के पांच मैचों में से एक वनडे और एक टी20 बेनतीजा रहे और एक टी20 मैच बारिश के कारण डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर टाई हो गया। शिखर धवन की टीम आखिरी वनडे जीतकर श्रृंखला में बराबरी करना चाहेगी। हेगले ओवल मैदान पारंपरिक तौर पर सीम गेंदबाजों का मददगार रहा है और यहां पिछले कुछ साल में औसत स्कोर 230 रहा है। पहले पावरप्ले (पहले दस ओवर) में भारतीय बल्लेबाजी चर्चा का विषय रही है। वनडे क्रिकेट में शानदार सलामी बल्लेबाज धवन खुद समझते हैं कि अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए टीम में जगह सुनिश्चित करने के लिए उन्हें अपने खेल में काफी बदलाव करना होगा। युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने दो मैचों में 50 और नाबाद 45 रन बनाए हैं। भारतीय क्रिकेट के मौजूदा सुपरस्टार सूर्यकुमार यादव ने सेडोन पार्क पर 12 . 5 ओवर के खेल में तीन छक्के जड़े। भारत को बड़ा स्कोर बनाना है तो सूर्य और ऋषभ पंत जैसे बल्लेबाजों को अच्छी पारियां खेलनी होगी। पंत का वनडे रिकॉर्ड काफी प्रभावी है लेकिन इंग्लैंड दौरे के बाद से वह रन नहीं बना सके। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के सामने मध्यक्रम को स्थिरता देने के लिए उनके बल्ले से रन निकलना जरूरी है। पंत के खेलने और विशेषज्ञ बल्लेबाजों में गेंदबाजी विकल्पों के अभाव के मायने हैं कि संजू सैमसन को एक बार फिर बाहर बैठना पड़ेगा। पिछले मैच में हरफनमौला होने के कारण दीपक हुड्डा को उन पर तरजीह दी गई थी। पिछला मैच बारिश में धुलने के कारण यह देखना होगा कि अंतरिम मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण अंतिम एकादश में कोई बदलाव करते हैं या नहीं। स्पिनर कुलदीप यादव को भी अभी तक मौका नहीं मिला है। वैसे युजवेंद्र चहल या वाशिंगटन सुंदर को बाहर करना उनके साथ ज्यादती होगी। शार्दुल ठाकुर पहले वनडे में कोई कमाल नहीं कर सके लिहाजा अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर और उमरान मलिक ही तेज आक्रमण की कमान संभालेंगे। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी, टिम साउदी और लॉकी फर्ग्युसन के सामने यह भारतीय बल्लेबाजी की कमजोरी का फायदा उठाने का सुनहरा मौका है।

## भारत ए ने बांग्लादेश ए पर बढ़त बनाई

भाषा। कॉक्स बाजार



**तेज गेंदबाज नवदीप** सैनी और स्पिनर सौरभ कुमार की उम्दा गेंदबाजी से भारत ए ने मंगलवार को यहां बांग्लादेश ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन अपना पलड़ा काफी भारी कर दिया। भारत ए ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद सौरभ (23 रन पर चार विकेट), सैनी (21 रन पर तीन विकेट) और मुकेश कुमार (25 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने बांग्लादेश ए की टीम 45 ओवर में सिर्फ 112 रन पर ढेर हो गई। इसके जवाब में भारत ए ने दिन का अंत बिना विकेट गंवाए 120 रन बनाकर किया। मेहमान टीम ने आठ रन की बढ़त हासिल कर ली है। दिन का खेल खत्म होने पर यशस्वी जायसवाल 61 जबकि कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन 53 रन बनाकर खेल रहे थे। बांग्लादेश ए ने 63 रन तक ही छह विकेट गंवा दिए थे जिसमें से पांच सैनी और मुकेश ने चटकाए। मोसादेक हुसैन ने 63 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। हुसैन ने अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के मारे। बांग्लादेश की टीम ने अपने शुरुआती पांच विकेट सिर्फ 26 रन पर गंवा दिए थे। मेजबान टीम के बल्लेबाजों को स्पिनरों के खिलाफ भी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ ने निचले क्रम को समेटने में अहम भूमिका निभाई।

## लक्ष्य सेन बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में फिर छठे स्थान पर, गायत्री-त्रीशा शीर्ष 20 में

भाषा। नई दिल्ली

**भारत के** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मंगलवार को जारी नवीनतम बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से दोबारा करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच गए। मौजूदा सत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले अल्मोड़ा के 21 साल के लक्ष्य ने 23 टूर्नामेंट से 75,024 अंक जुटाए हैं। किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय क्रमशः 11वें और 12वें स्थान पर बरकरार हैं। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी दो स्थान के फायदे से शीर्ष 20 में जगह बनाने में सफल रही है। यह जोड़ी अभी विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर है। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की इस कांस्य पदक विजेता जोड़ी के 17 टूर्नामेंट में 46,020 अंक हैं। फ्रेंच ओपन और राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी पुरुष युगल में सातवें स्थान पर बनी हुई है।

## आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए फोकस भारतीय हॉकी टीम के डिफेंस पर

भाषा। एडीलेड

लगातार दो पराजय झेलने के बाद भारतीय हॉकी टीम बुधवार को तीसरे टेस्ट से पहले दुनिया की नंबर एक टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ डिफेंस की अपनी कमजोरियों से पार पाना चाहेगी। रक्षापंक्ति की लगातार चूक के कारण दुनिया की पांचवें नंबर की टीम भारत को पहले दो टेस्ट में शुरूआती बढत बनाने के बावजूद पराजय झेलनी पड़ी। टीम को तीसरे मैच में इससे उबरना होगा। पहले टेस्ट में आखिरी मिनट में गोल गंवाने के कारण भारत को 4 . 5 से पराजय मिली। दूसरे मैच में तीसरे मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के गोल के दम पर भारत ने बढत बना ली थी लेकिन आखिरी क्वार्टर मेंहार गई। दोनों टीमों के लिए यह श्रृंखला भुवनेश्वर और राउरकेला में 13 जनवरी से शुरू हो रहे विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण है। हरमनप्रीत ने कहा ,हमने पहले दो मैचों में काफी गलतियां की। आस्ट्रेलिया मौकों को भुनाने में माहिर है लिहाजा हमें अपना डिफेंस बेहतर करना होगा। दोनों मैचों में पेनल्टी कॉर्नर की बरसात हुई और भारत को पेनल्टी कॉर्नर गंवाने से भी बचना होगा। बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भारत की आस्ट्रेलिया के हाथों सात गोल से हार के बाद दोनों टीमों का यह पहला मुकाबला है।

## बीसीसीआई ने अपने अध्यक्ष को हितों के टकराव का नोटिस जारी किया

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय क्रिकेट बोर्ड** (बीसीसीआई) के आचरण अधिकारी विनीत सरन ने बोर्ड के अध्यक्ष रोजर बिन्नी को हितों के टकराव का नोटिस भेजा है। पीटीआई को पता चला है कि सरन ने बिन्नी को उनके खिलाफ हितों के टकराव के आरोपों के मामले में 20 दिसंबर तक लिखित जवाब देने को कहा है। शिकायतकर्ता संजीव गुप्ता ने आरोप लगाया है कि बिन्नी का हितों का टकराव है क्योंकि उनकी बहू स्टार स्पोर्ट्स के लिए काम करती है जिसे भारतीय क्रिकेट के घरेलू सत्र के मीडिया अधिकार हासिल हैं। सरन ने 21 नवंबर को जारी नोटिस में कहा, आपको सूचित किया जाता है कि बीसीसीआई के आचरण अधिकारी को बीसीसीआई के नियम 38 (1) (एक) और नियम 38 (2) के उल्लंघन को लेकर शिकायत मिली है जो आपके हितों के टकराव से जुड़े हैं। इसके अनुसार, आपको निर्देश दिया

### पांचवां छक्का जड़ने के बाद युवराज सिंह का नाम मेरे दिमाग में आया: गायकवाड़

**नई दिल्ली।** रुतुराज गायकवाड़ ने विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टरफाइनल मे 43 रन के ओवर मे सात छक्के जड़कर सुर्खियां बटोरी लेकिन इस उपलब्धि को हासिल करने से पहले ही उनके दिमाग मे जो नाम आया वह युवराज सिंह का था। भारत के पूर्व स्टार ऑलराउंडर युवराज ने 2007 मे पहले टी20 विश्व कप मे इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड के खिलाफ एक ओवर मे छह छक्के जड़े थे। महाराष्ट्र के लिए खेलते हुए गायकवाड़ ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के स्पिनर शिवा सिंह के पारी के 49वें ओवर मे सात छक्के जड़कर लिस्ट ए मे विश्व रिकॉर्ड बनाया। नोबॉल की वजह से उन्हे एक अतिरिक्त गेंद खेलने को मिली। गायकवाड़ ने बीसीसीआई.टीवी से कहा, ईमानदारी से कहूं तो पांचवे छक्के के बाद मेरे दिमाग मे केवल एक ही व्यक्ति का नाम आया, वह युवराज सिंह थे। मैने उन्हें 2007 (टी20) विश्व कप के दौरान जब मै बहुत छोटा था तब एक ओवर मे छह छक्के मारते हुए देखा था। उन्होंने कहा, मै उनके साथ शामिल होना चाहता था और इसलिए मै छठा छक्का जड़ना चाहता था। मैने कभी सपने मे भी नही सोचा था कि मै लगातार छह छक्के मारूंगा। यह बहुत खुशी की बात है। गायकवाड़ ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम बी ग्राउंड मे महाराष्ट्र की पारी के 49वें ओवर मे यह उपलब्धि हासिल की।

### उमरान की गति से मुझे बल्लेबाजों को चकमा देने में मदद मिलती है : अर्शदीप

**क्राइस्टचर्च।** उनकी गेंदबाजी शैली मे जमीन आसमान का अंतर है लेकिन अर्शदीप सिंह को उमरान मलिक की तेज रफ्तार से फायदा मिलता है क्योंकि उनकी गति मे अंतर से बल्लेबाजों को सामंजस्य बिठाने मे दिक्कत होती है। जम्मू के तेज गेंदबाज उमरान विश्व क्रिकेट मे इंग्लैंड के मार्क वुड और दक्षिण अफ्रीका के एनरिच नॉर्किया के साथ सबसे तेज गेंदबाज है जो 150 किलोमीटर की रफ्तार से लगातार गेंद डाल सकते है। अर्शदीप स्विंग गेंदबाज है जो 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से गेंदबाजी करते है। दोनों ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आकलैंड मे पहले मैच मे वनडे क्रिकेट मे पदार्पण किया और अर्शदीप चाहते है कि यह जोड़ी बनी रहे। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले कहा , उमरान के साथ गेंदबाजी करना हमेशा अच्छा लगता है। वह खुशदिल इंसान है और ड्रेसिंग रूम का माहौल भी अच्छा रहता है। जहां तक गेंदबाजी का सवाल है तो उमरान की गेंदबाजी से मुझे काफी फायदा होता है ।

## अर्जुन बबूता, विवान कपूर को राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में खिताब

भाषा। नई दिल्ली

**अर्जुन** बबूता और विवान कपूर ने तिरुवनंतपुरम और नई दिल्ली में एक साथ खेली जा रही 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में मंगलवार को यहां क्रमशः पुरुष 10 मीटर एयर राइफल और पुरुष ट्रैप स्पर्धा के खिताब जीते। पंजाब के अर्जुन ने तिरुवनंतपुरम की वाट्टियूरकावू निशानेबाजी रेंज में स्वर्ण पदक के मुकाबले में असम के हृदय हजारिका को 16-8 से हराया। राइफल स्पर्धाएं तिरुवनंतपुरम में हो रही हैं। राजस्थान के विवान ने शॉटगन स्पर्धाओं की मेजबानी कर रहे दिल्ली की डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में तमिलनाडु के पृथ्वीराज तोंडईमान को 31-27 से हराकर खिताब अपने नाम किया। अर्जुन ने शीर्ष आठ निशानेबाजों के रैंकिंग दौर में 263.4 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई थी। हृदय 262.9 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंचे थे। पुरुष ट्रैप में विवान के राज्य के साथी और 2024 पेरिस ओलंपिक के कोटा विजेता भवनीश मेंदिरत्ता ने कांस्य पदक जीता। ओलंपियन दिव्यांश सिंह पंवार ने रणवीर काटकर को 16-8 से हराकर जूनियर पुरुष 10 मीटर एयर राइफल का खिताब जीता।

## रंग बिरंगा ध्वज लिए मैदान में घुसने वाला प्रदर्शनकारी प्रतिबंधित

**दोहा।** पुर्तगाल और उरूग्वे के बीच विश्व कप फुटबॉल मैच के दौरान मंगलवार को रंग बिरंगा ध्वज लेकर और नीली सुपरमैन टीशर्ट पहनकर मैदान में घुस आए प्रदर्शनकारी को कतर में टूर्नामेंट के दौरान और मैचों के लिए स्टेडियम में आने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह प्रदर्शनकारी यूक्रेन और ईरान की महिलाओं के समर्थन में संदेश में साथ मैदान में घुस आया था। इस प्रदर्शनकारी की टीशर्ट के आगे सेव यूक्रेन और पीछे रिस्पेक्ट फोर ईरानियन वुमैन लिखा था। विश्व कप आयोजन समिति ने बयान में कहा कि उस व्यक्ति को मैदान से हटाए जाने के कुछ देर बार छोड़ दिया गया और उसके दूतावास को इसकी सूचना दी गई है। बयान के अनुसार, उसकी इस हरकत के नतीजतन और मानक प्रक्रिया के अनुसार उसकी प्रवेश स्वीकृति रद्द कर दी गई है और उसे इस टूर्नामेंट में भविष्य के मैचों के लिए स्टेडियम में आने से प्रतिबंधित किया गया है। प्रदर्शनकारी ने सोशल मीडिया पर अपनी पहचान इटली के मारियो फेरी के रूप में दी है और वह फुटबॉल मैच के दौरान पहले भी ऐसा कर चुका है।

### विवाद के बाद विश्व कप से रवाना हुए कैमरून के गोलकीपर ओनाना

**अल रेयान।** कैमरून के गोलकीपर आंद्रे ओनाना ने मंगलवार को विश्व कप छोड़ दिया और अनुशासनात्मक कारणों से देश की टीम से बाहर किए जाने के बाद वह स्वदेश लौट रहे हैं। कैमरून के एक पत्रकार ने सोशल मीडिया पर तस्वीर पोस्ट की है जिसमें इंटर मिलान के गोलकीपर को दोहा में हवाई अड्डे पर दिखाया गया है और वह कतर से रवाना होने वाले हैं। कैमरून टीम के प्रवक्ता ने प्रतिक्रिया मांगे जाने पर तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। ओनाना ने मंगलवार को कैमरून के कोच रिगोबर्ट सॉन्ग के साथ टीम की रणनीति को लेकर अपने विवाद का जिक्र करते हुए एक बयान जारी किया जिसके कारण उन्हें सोमवार को सर्बिया के खिलाफ कैमरून के 3-3 से ड्रॉ हुए मैच से बाहर कर दिया गया और टीम से निलंबित कर दिया गया। ओनाना ने कहा कि उन्होंने मुद्दों को हल निकालने की कोशिश की थी। ओनाना ने कहा, मैंने अपना सारा प्रयास और ऊर्जा ऐसी स्थिति का समाधान खोजने में लगा दी जिसका अनुभव एक फुटबॉलर अधिकतर करता है लेकिन दूसरी तरफ से कोई इच्छा शक्ति नहीं थी।